ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 जून 2024
वर्ष 4, अंक 107, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया 13

रश्मिका की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' का पोस्टर रिलीज 14

एक नजर

मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दूध के दाम

नई दिल्ली। मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर के बाजार में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। दुग्ध उद्योग से जुड़े ब्रांड अमूल ने रविवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड व डबल टोंड दूध क्रमशः 56 रुपये और 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा। भैंस और गाय के दूध की कीमतें क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। थोक विक्रय दूध 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

आईएसआईएस से जुड़े 17 के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली। एनआईए ने सोमवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, एनआईए ने मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से हैं।

ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी आग, सभी सुरक्षित

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है, यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि हमें अपराह्न 4.24 बजे ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग की सूचना मिली। दमकल की आठ गाड़ियां भेजी गई और शाम 5.43 बजे आग पर काबू पा लिया गया। पहले अधिकारियों ने चार डिब्बों में आग लगने की बात कही थी।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

नागपुर, एजेंसी

- पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने के मामले में पाए गए दोषी

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद दी।

अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी. देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए सीआरपीसी की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

सेंसेक्स 2507, निफ्टी 733 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

एग्जिट पोल के बाद सोमवार को शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ।

शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस एग्जिट पोल में भी आम चुनाव में राजग की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में जोरदार बढ़त से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को जोरदार बढ़त जारी रही।

नए शिखर पर सेंसेक्स-निफ्टी

76468.78 सेंसेक्स

23263.90 निफ्टी

निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास हुआ तो सबूत दे विपक्ष

सीईसी ने कहा-आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरोप लगाने वाले बताएं जिलाधिकारियों का नाम, चुनाव आयोग उन्हें दंडित करेगा
- जयराम रमेश ने लगाया था गृहमंत्री शाह पर कलेक्टरों को फोन पर धमकाने का आरोप

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू भी मौजूद थे। राजीव कुमार ने कहा कि आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं। चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर अपने-अपने जिलों के निर्वाचन अधिकारी होते हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टरों से बात कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने रविवार को आयोग से मुलाकात करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे सात दशकों से चली आ रही चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कुमार ने कहा कि कुछ मांग बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई थीं। हमनें उनकी सभी मांगें मान लीं।

रमेश को अतिरिक्त समय देने से आयोग का इंकार

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश को उनके इस दावे की पुष्टि के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया कि लोकसभा चुनाव के लिए चार जून की मतगणना से पहले 150 जिलाधिकारियों और कलेक्टरों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। रमेश को निर्वाचन आयोग ने रविवार शाम तक उन आरोपों का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, जो उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सोमवार को आयोग को पत्र लिखकर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का और समय मांगा। रमेश को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि आप तथ्यात्मक आरोपों के साथ तीन जून शाम सात बजे तक जवाब दाखिल करें। ऐसा करने में विफल रहने पर यह मान लिया जाएगा कि आपके पास इस मामले में कहने के लिए कुछ भी ठोस नहीं है और आयोग उचित कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेगा।

आकासा और इंडिगो की उड़ान में बम की अफवाह

- अहमदाबाद डायवर्ट की गई आकासा की फ्लाइट
- सुरक्षा जांच के चलते इंडिगो की उड़ान दो घंटे लेट

मुंबई/चेन्नई। आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार (3 जून) को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 पैसेंजर्स सवार थे। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद फ्लाइट संख्या क्यूपी 1719 को सुरक्षा अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित उतार लिया गया।

दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि थुरैपक्कम स्थित इंडिगो कॉल सेंटर में एक कॉल आया था, जिसमें कहा गया कि चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में बम धमाका होगा।

उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के उलट होंगे : सोनिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा-इंतजार कीजिए और देखिए
- एग्जिट पोल में चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत का पूर्वानुमान

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने कहा कि हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए।

उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर 'एग्जिट पोल' में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है। अगर असल परिणाम भी एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक रहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगाता तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता है बल्कि इसका नाम 'मोदी मीडिया पोल' है।

पंपसेट में फंसी स्कर्ट, नौ साल की बालिका की मौत

- खेत में चल रहे पंपसेट पर पानी पीने गई थी कामिनी

कासगंज। थाना सुन्नगढ़ी के गांव शहवाजपुर में पंपसेट पर पानी पीने गई नौ वर्षीय बालिका की स्कर्ट पंप की चपेट में आ गई। बालिका की पंप में फंसकर मौत हो गई। गांव शहवाजपुर निवासी दीन मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद के खेत में पंपसेट से सिंचाई की जा रही थी।

गांव के बृजेश की नौ वर्षीया पुत्री कामिनी पंपसेट पर पानी पीने गई। वह पानी पी ही रही थी कि उसकी स्कर्ट पंपसेट के पट्टे में फंस गई और कामिनी पंपसेट में उलझती चली गई। पंपसेट को बंद किया गया तब तक गंभीर चोट आ जाने के कारण कामिनी की मौत हो चुकी थी। बृजेश और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए। थाना प्रभारी सरिता तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष का कहना है कि अभी इस मामले में तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रैबीज से प्रभावित किशोर ने परिजनों को काटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 12 वर्षीय किशोर को 10 दिन पहले एक पागल कुत्ते ने काटा था
- मोहल्ले वालों को भी काटने को दौड़ाया, अस्पताल में तोड़ा दम

अमृत विचार : 12 वर्षीय किशोर को 10 दिन पहले पागल कुत्ते ने काट लिया। रैबीज का असर हुआ तो उसने परिवार के लोगों को काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

रुद्रपुर में वार्ड नंबर तीन संजयनगर निवासी गोविंद सरकार के 12 वर्षीय पुत्र विक्की को पागल कुत्ते ने काट लिया था, परिवार इस बात से अनजान था। रविवार की सुबह विक्की ने अपने पिता गोविंद की उंगुली में काट लिया। इसके बाद अपने दोनों छोटे भाइयों को भी काट लिया। बेकाबू विक्की ने मोहल्ले वालों को भी काटने की कोशिश की। परिजन उसे किसी तरह अस्पताल लेकर पहुंचे। विक्की के मुंह से लार निकल रहा था, वह कुत्ते की तरह हरकतें कर रहा था। जिला अस्पताल रुद्रपुर में हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां दो घंटे उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

सुरक्षाबलों ने लश्कर के स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

- दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में हुई मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के एक स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने बताया कि रियाज डार और रईस डार नामक दो आतंकवादी दक्षिण कश्मीर जिले के निहामा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए। रियाज डार प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था और कई आतंकी मामलों में वांछित था। वह कई सालों से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने तलाशी दल के सदस्यों पर गोलीबारी की और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मतगणना स्थल पर थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था
- पांचों संसदीय सीटों पर 55 प्रत्याशी मैदान में
- 19 अप्रैल को 57.24 प्रतिशत हुआ था मतदान

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार होने के साथ ही ईवीएम में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला भी होगा। राज्य की पांचों संसदीय सीटों पर 55 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को 57.24 प्रतिशत मतदान हुआ था। राज्य में कुल 83,37,914 में से 47,72,484 मतदाताओं ने मतदान किया था। इनमें 50.64 फीसदी पुरुष और 49.36 फीसदी महिला मतदाता हैं। 4 जून (मंगलवार) को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट्स की गिनती होगी फिर ईवीएम से मतगणना की जाएगी। राज्य में 884 टेबल पर ईवीएम और 218 पर पोस्टल बैलेट्स की गिनती होगी। ईवीएम और डाक मतों की गणना के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। शाम तीन से चार बजे के बीच परिणाम आने की संभावना है। राज्य में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त वीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। मतगणना स्थलों की थ्री लेयर सुरक्षा का प्रबंध किए गए हैं।

इनकी साख दांव पर

राज्य की पांच संसदीय सीटों नैनीताल-ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़, गढ़वाल, टिहरी से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व सीएम हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश जोशी जैसे दिग्गजों की साख दांव पर लगी हुई है।

मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार के चारधाम यात्रा कार्यालय का किया निरीक्षण, लिया जायजा

ब्यूरो, हरिद्वार

चारधाम के यात्रियों से मिलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- सुविधा एवं यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालुओं से की बात

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से बात भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा हरिद्वार से शुरू होती है। विगत दिनों यात्रियों की संख्या अधिक होने से ऑफलाइन पंजीकरण बंद किया गया था, जिसे खोल दिया गया है। चारधाम वाले जनपदों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या एवं व्यवस्थाएं सामान्य रहने पर ऑफलाइन पंजीकरण बढ़ाया जाएगा। मानसून के दृष्टिगत जो भी व्यवस्थाएं की जानी होंगी, वह भी सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपेक्षा की कि यात्रा के लिए पंजीकरण के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार दर्शन के लिए आएं। उन्होंने श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य परीक्षण और मौसम का पूर्वानुमान देखने के बाद ही यात्रा का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की लाइफ लाइन है।

एजेंसियों की विफलता से भागे नीरव, मेहुल और माल्या

मुंबई, एजेंसी



- मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान की टिप्पणी
- सही समय पर गिरफ्तारी में नाकाम रहीं एजेंसियां : कोर्ट

करोड़ों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे उद्यमी इसलिए देश छोड़कर जाने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें सही समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं। यहां एक विशेष अदालत ने हाल में यह बात कही।

विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत निरुद्ध एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की जिसने अपनी जमानत शर्तों में बदलाव का अनुरोध किया था। अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी व्योमेश शाह की इस याचिका को 29 मई को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने अनुरोध किया था कि विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति लेने की जमानत की शर्त को हटाया जाए। विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दलील दी थी कि शाह की अर्जी को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी के मामलों जैसी परिस्थितियां पैदा होंगी।

इस पर न्यायाधीश ने कहा कि मैंने सोच-समझकर इस दलील पर विचार किया और मुझे यह बात सामने रखना जरूरी लगता है कि ये सभी लोग, सही समय पर इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने में संबंधित जांच एजेंसियों की नाकामी की वजह से भागे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत शाह समन पर अदालत में पेश हुए, जमानत हासिल की और उन्होंने विदेश यात्रा के लिए कई बार आवेदन किया। अदालत ने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती। नीरव मोदी भारतीय मूल के बेल्जियम में व्यवसाई और भगोड़े हैं। जिनपर इंटरपोल और भारत सरकार की ओर से कई आपराधिक आरोप लगाए गए हैं।

ईडी और सीबीआई कर रहीं तीनों मामले की जांच

हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसका मामा मेहुल चोकसी करोड़ों रुपये के पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। नीरव इस समय ब्रिटेन की एक जेल में सजा काट रहा है, वहीं चोकसी एंटीगुआ में रहता है। माल्या भी 900 करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज धोखाधड़ी मामले में आरोपी है और ब्रिटेन में है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहे हैं।

एक नजर

महरागांव में एकत्र मलबा नहीं हटाने पर रोष

भीमताल : भीमताल-भवाली मोटर मार्ग के वार्ड 9 में महरागांव में पिछली बरसात में एकत्र मलबे को लोक निर्माण विभाग की ओर से नहीं उठाए जाने से लोगों में रोष है। प्रभावित निवासियों ने बताया कि मोड़ के समीप टनों मलबा एकत्र है जिसको हटाने के लिए डंपरों की आवश्यकता होगी। वहीं बताया कि लोक निर्माण विभाग को सूचना देने के बावजूद नहीं हटाया जा रहा। अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग के के .पाठक ने बताया कि लेबर लगी हुई है मार्ग से बरसात में एकत्र हुए मलबे को हटाने का कार्य जारी है।

नुक्कड़ नाटक से दिया तंबाकू से दूरी बनाने का संदेश

भीमताल : मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल के विद्यार्थियों ने तंबाकू निषेध दिवस पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसका विषय युवाओं में बढ़ते तंबाकू के सेवन से हो रहीं जानलेवा बीमारियों को दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने नाटक से तंबाकू के बढ़ते सेवन की जानकारी देकर बताया कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए जानलेवा हो सकता है। प्रगति जैन ने विद्यार्थियों की पहल को सराहनीय बताया। प्रधानाचार्य कमल चंद ने तंबाकू का सेवन न करने की सलाह देकर नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने की कामना की। नाटक में सागर, पूर्णिमा पोखरिया, चंद्रावती तिवारी व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

सरोवर नगरी में लगा भीषण जाम 30 मिनट के सफर में लगे तीन घंटे

तल्लीताल से सूखाताल तक दिनभर रेंगे वाहन, पर्यटक, स्कूली बच्चे व ऑफिस जाने वाले परेशान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : तल्लीताल से सूखाताल तक सोमवार को लोग दिनभर जाम में फंसे रहे। गाड़ियां रेंगती रहीं, जिसके चलते लोगों को घंटों जाम में फंसने पर मजबूर होना पड़ा। लोगों को जाम में फंसकर 30 मिनट का सफर पूरा करने में तीन-तीन घंटे लगे। पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग भी जाम में फंसकर पूरे दिन परेशान दिखाई दिए।

वहीं दो बजे स्कूलों की छुट्टी होने के बाद अमूमन तीन बजे तक घर पहुंच जाने वाले बच्चे सोमवार को चार बजे तक ही घर पहुंचे, हालांकि पुलिस का कहना है कि नगर में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए नगर में 20 मिनट के अंतराल पर वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा। उसके बावजूद नगर में जाम की इतनी विकराल स्तिथि बनी हुई है। बता दें कि जून का माह शुरू होते ही पर्यटन सीजन भी अपने चरम सीमा पर पहुंच चुका है। हर रोज हजारों पर्यटकों के क्षेत्रों में पहुंचने के कारण अब पूरे क्षेत्र में वाहनों के लंबे जाम से लोगों को फजीहत उठानी पड़ रही। स्कूली बच्चों सहित भवाली व हल्द्वानी से नैनीताल कार्यालय आने वाले लोग ना तो समय पर सुबह कार्यालय व ना शाम को समय पर घर पहुंच पा रहे हैं।

मल्लीताल रिक्शा स्टैंड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण लगा जाम। ● अमृत विचार

सड़क किनारे खड़े वाहन बन रहे जाम का कारण

नैनीताल। नगर में दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण नैनीताल में पार्किंग की समस्या पैदा हो रही है, जिसके चलते लोग अब अपने दोपहिया व चारपहिया वाहनों को सड़क के कनारे खड़े करने लगे हैं। हल्द्वानी रोड में तीन मूर्ति से डांठ तक, मालरोड, जू रोड, बिड़ला रोड, कलेक्ट्रेट रोड, सूखाताल रोड, जिला पंचायत रोड व मेट्रोपॉल रोड में रोजाना डेढ़ हजार से ज्यादा दो पहिया व चार पहिया वाहन पार्क हो रहे हैं। पर्यटन सीजन के चलते सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क इन वाहनों से कई बार जाम लगने की समस्या सामने आ रही है, लेकिन पुलिस अभियान चलाने के बाद भी सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क वाहनों को नहीं हटा पा रही है।

सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन बढ़ा रहे भीमताल में जाम

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल हो या फिर नौकुचियाताल हर जगह सड़क के किनारे अनियोजित तरीके से खड़े वाहनों से अन्य वाहनों की आवाजाही में खासी दिक्कतें आ रही हैं। हालात यह हैं कि भीमताल का चाहे मुख्य मोटर मार्ग हो या फिर नगर के अंदर के लिंक मार्ग, हर जगह यातायात जाम लगना आम बात है।

मामला तब और परेशानी उत्पन्न कर रहा है जब बाहर मैदानी क्षेत्र से आना वाला पर्यटक जो अपनी निजी वाहन से घूमने आता है। इन मार्ग में पहले से फंसे वाहनों के बीच फंस जाता है और फिर अपना वाहन ना आगे ले जा पाता है और ना ही पीछे। इधर अनियोजित तरीके से खड़े वाहनों के चलते अब स्थानीय कारोबारी भी खासे परेशान हो गए हैं। स्थानीय कारोबारी बताते हैं कि दूर दराज से बुंकिंग करा कर भीमताल घूमने आने वाले पर्यटक आने से पहले ही इतना परेशान हो जाता है कि जाने की बात करने लगता है।



भीमताल में लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

बोले लोग

हर दिन ट्रैफिक को लेकर स्थिति खराब होते जा रही है। जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग को चाहिए कि शीघ्र से शीघ्र स्थान स्थान पर पाकेट पार्किंग का निर्माण करवा दे।
-मनोज भट्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष

यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। हर जगह जाम लगा रहता है। आम आदमी के साथ-साथ पर्यटक भी परेशान हैं। एक स्थाई हल निकालने की आवश्यकता है।
-विपिन चंद्रा, स्थानीय व्यवसायी

पर्यटकों को भीमताल नौकुचियाताल आने में खासी दिक्कत हो रही है। भीमताल झील के किनारे खड़े वाहनों से टूरिस्ट परेशान हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सुध लेनी चाहिए।
-राहुल जोशी, होटल कारोबारी व एडवोकेट

ग्राफेस्ट 2024 में डीजे कलाकारों की प्रस्तुति पर थिरके छात्र-छात्राएं

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : ग्राफिक एरा परिसर में प्रसिद्ध भारतीय डीजे कलाकार ब्रोकोड और आफ्टरऑल ने शानदार प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

वार्षिक उत्सव ग्राफेस्ट-2024 के दूसरे दिन डीजे नाइट का धमाल रहा। शाम का आगाज डीजे ब्रोकोड ने बॉलीबुड के हिट गानों के रिमिक्स जैसे 'उड़ता पंजाब', 'मेरा अपना ना, मेरा कद्दे होया, कोई सी जिधे पीछे दिल रोया', के साथ किया। इन गानों के रिमिक्स के साथ थिरक कर छात्र-छात्राओं ने खुशी और जोश का इजहार किया। इसके बाद डीजे आफ्टरऑल ने 'बेबी काम डाउन काम डाउन', चलाकर युवाओं के जोश को और बढ़ा दिया।

अपनी प्रस्तुती को जारी रखते हुए डीजे आफ्टरऑल ने जानवर फिल्म के जमाल कुडु नामक इरानी गाने के रिमिक्स पर छात्र-छात्राओं को अपने मोबाइल की लाइट जलाकर थिरका कर एक अनुपम नजारा प्रस्तुत किया। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) कमल घनशाला ने ग्राफेस्ट के शानदार आयोजन पर भीमताल व हल्द्वानी की टीम को बधाई दी। इस दौरान ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन राखी घनशाला, साहिब सबलोक आदि मौजूद रहे।

ग्राफिक ऐरा में प्रस्तुति देते ब्रोकोड। ● अमृत विचार

खराब ट्रैफिक व्यवस्था से व्यवसाय चौपट : टंडन

▸▸ पुलिस की यातायात व्यवस्था से सैलानी नहीं पहुंच पा रहे नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पर्यटन सीजन अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका है। अमूमन 25 मई से पर्यटन सीजन की शुरुआत हो जाती है। जून अंत तक मानूसन सीजन शुरू होने तक पर्यटन सीजन चलता है, लेकिन इस वर्ष पर्यटन सीजन को लेकर स्थानीय व्यापारी काफी निराश दिखाई दे रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस की यातायात व्यवस्था के चलते सैलानियों ने नैनीताल से मुंह मोड़ना शुरू कर दिया है।

मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि नैनीताल की व्यापारिक परिस्थितियों काफी गंभीर हैं। अब मात्र 20 से 25 दिन का सीजन बचा है। पुलिस व प्रशासन की खराब यातायात व्यवस्था के चलते सैलानी कैंची तो जा रहा है पर नैनीताल नहीं पहुंच पा रहा है। कहा कि अगर नैनीताल के पर्यटन को बचाना है तो हम सभी संगठनों व व्यापारियों को एक साथ होकर इस गंभीर मुद्दे पर शासन प्रशासन से बात करनी होगी। अन्यथा वह समय दूर नहीं कि जब नैनीताल से पर्यटन बिल्कुल खत्म हो जाएगा। साथ ही उन्होंने पर्यटन सीजन के दौरान वीआइपी गतिविधियों पर भी रोक लगाने की मांग की है।

पुनीत टंडन।

एआईबीई पास अधिवक्ता ही कर सकेंगे मतदान

नैनीताल : जिला बार एसोसिएशन चुनाव में बीसीआई की ओर से आयोजित एआईबीई परीक्षा पास कर चुके अधिवक्ता ही बार एसोसिएशन चुनाव में मतदान कर सकेंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह व सह-चुनाव अधिकारी दीपक रुबाली ने बताया कि वर्ष 2009 के बाद विधि स्नातक व अधिवक्ता के रूप में नामांकन करने वाले सभी अधिवक्ताओं को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित (एआईबीई) ऑल इंडिया बार परीक्षा पास करना अनिवार्य है, जिसके बाद ही उन्हें बार चुनाव में मतदान करने का अधिकार प्राप्त होगा। अधिवक्ता के रूप में नामांकन के दो साल तक बार की ओर से अस्थायी पंजीकरण की व्यवस्था है। सर्टिफिकेट जमा करने की अंतिम तिथि चार जून है, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

आईवीआरआई मुक्तेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

विश्व दुग्ध दिवस पर दिया स्वच्छ दूध उत्पादन पर जोर

भीमताल : आईवीआरआई मुक्तेश्वर में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। इस दौरान एमवीएससी एवं पीएचडी के छात्र-छात्राओं के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दारिमा तथा जसपुर गांव (रामगढ़ ब्लाक) के लगभग 140 किसानों ने भी प्रतिभाग किया। किसानों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के लिए थनैला रोग प्रबंधन विषय पर डॉ.दीपिका बिष्ट (वैज्ञानिक) ने जानकारी दी। इस अवसर पर आईवीआरआई, मुक्तेश्वर के संयुक्त निदेशक, डॉ. वाईपीएस मालिक ने किसान प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दुग्ध आकड़ों से किसानों को अवगत कराया। आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः डॉ. मुख्तार, डॉ. रश्मि एवं डॉ. रघु ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत किसानों की आजीविका बढ़ाने के लिए किसानों को पशुपालन और कृषि सम्बंधित सामग्रियां वितरित कीं। इस दौरान डॉ. सीएल पटेल (वरिष्ठ वैज्ञानिक), डॉ. एस चंद्रशेकर (वरिष्ठ वैज्ञानिक), डॉ. आमिर कुमार समल (वैज्ञानिक) और डॉ. इन्द्रसेन चौहन (वरिष्ठ वैज्ञानिक) भी उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

अब इलेक्ट्रिक कार से चिड़ियाघर जाएंगे पर्यटक

नैनीताल। जू शटल सेवा बन्द होने के बाद जू जाने के लिए कोई वैकल्पिक साधन उपलब्ध नहीं है, जिस कारण पर्यटकों को परेशानियों का सामना न करना पड़ रहा है। रविवार को शटल सेवा नहीं होने के चलते बहुत से पर्यटकों को जू पैदल ही जाना पड़ा। कई पर्यटकों को वापस लौटना पड़ा। जू जाने के लिए यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पालिका की ओर से इलेक्ट्रिक कार एमजी कॉमेट में चार लोगों को बैठा कर ट्रायल किया गया, जो सफल रहा। पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि इलेक्ट्रिक कार का ट्रायल सफल रहा। पर्यटकों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसलिए पालिका की ओर से जल्द ही चार इलेक्ट्रिक कार शटल सेवा में चलायी जाएंगी।

ट्रायल के दौरान इलेक्ट्रिक कार।

अविवाहित युवती ने नवजात को दिया जन्म

नैनीताल : शहर के एक संस्थान में अध्ययनरत छात्रा गर्भवती हो गई। बीडी पांडे अस्पताल में छात्रा ने साढ़े सात माह के नवजात को जन्म दिया। रविवार रात बीडी पांडे अस्पताल में हल्द्वानी निवासी एक महिला एक युवती को प्रसव कराने पहुंची। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के दौरान सामने आया कि गर्भवती युवती अविवाहित है। मामला अटपटा होने के कारण अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को भी सूचित कर दिया। अस्पताल चिकित्सक व कर्मियों ने देर रात पुलिस की मौजूदगी में युवती का प्रसव कराया, जिसमें उसने बेटे को जन्म दिया। नवजात का वजन 1.25 किग्रा होने के कारण उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जिस कारण बच्चे को फिलहाल हायर सेंटर रेफर कर युवती को अस्पताल में ही भर्ती किया गया है।

पार्किंग के ठेकेदार ने उठाई जांच की मांग

भीमताल : भीमताल के डांठ स्तिथ पार्किंग में अवैध वसूली प्रकरण पर नया मोड़ आ गया है। इस बार ठेकेदार ने स्वयं मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग थानाध्यक्ष और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से की है। मामला डांठ में अवैध वसूली को लेकर है। कुछ लोगों ने वसूली करने वालों पर पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया था। आरोप था कि जंगलियागांव नौकुचियाताल जाने वाले लोगों से भी पार्किंग के नाम पर वसूली की जा रही है और इस संबध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की थी। इस संबंध में संबंधित पार्किंग के ठेकेदार मनोज दुर्गापाल ने भी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और थानाध्यक्ष को पत्र सौंप कर कहा कि सभी शिकायतकर्ताओं को बुलाकर अलग-अलग पूछताछ की जाए।

दो मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित

नैनीताल : स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार के निर्देश पर वरिष्ठ औषधि निरीक्षकों की ओर से सोमवार को नैनीताल में कई स्थानों पर निरीक्षण कर नमूने लेने की कार्रवाई की गयी। जिनमें मेहरा मेडिकोज, एसपी मेडिकोज, कुमाऊं मेडिकोज, संजीविनी मेडिकोज, हिमानी मेडिकोज, साईं संजीविनी मेडिकोज, मेडिकल कॉर्नर, मोहिंदर केमिस्ट आदि दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें हिमानी मेडिकोज से 2औषधियों के नमूने लिए गए। अनियमितताएं पाए जाने पर कुमाऊं मेडिकोज और संजीविनी मेडिकोज के लाइसेंस के निलम्बित किए गए। इस दौरान औषधि निरीक्षक नीरज कुमार, हेमंत सिंह नेगी आदि लोग मौजूद थे।

मेडिकल स्टोर में निरीक्षण करते अधिकारी।

तेज हवाएं चलने से दो पॉलीहाउस उखड़े

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल और आसपास के क्षेत्र में दो दिन से चल रही तेज हवा के चलते काश्तकारों को व्यापक नुकसान हो रहा है।

अलचौना में कई काश्तकारों के पॉलीहाउस उखड़ गए। स्थानीय निवासियों के मुताबिक आनंद मणि के दो पॉलीहाउस के साथ ही उसमें लगी फसल भी खत्म हो गई। साथ ही अन्य लोगों की मिर्च, टमाटर, शिमला मिर्च आदि के पौधे उखड़ गए। स्थानीय काश्तकारों ने उद्यान विभाग के अधिकारियों से पॉलीहाउस को हुए नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की।

अलचौना में टूटे हुए पॉलीहाउस। ● अमृत विचार

पूर्व सभासद और पर्यटकों के बीच हुआ विवाद

नैनीताल : सड़क किनारे वाहन पार्क कर रहे पर्यटकों से पूर्व सभासद का विवाद हो गया। पूर्व सभासद मनोज साह जगाती रविवार रात मस्जिद तिराहे के समीप खड़े थे, तभी यूपी के पर्यटकों ने सड़क किनारे वाहन रोक लिया।

उनके पीछे सभासद का वाहन फंसा होने के कारण वाहन हटा लेने की बात कही, मगर पर्यटकों ने वाहन नहीं हटाया तो दो पक्ष बीच सड़क पर ही भिड़ने लगे। हंगामे की सूचना कोतवाली तक पहुंची तो पुलिस मौके पर पहुंचकर पर्यटकों को कोतवाली ले आई। जहां काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच आरोप प्रत्यारोप चलते रहे। आखिरकार पर्यटकों के लिखित माफीनामे के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष के वाहन की काली फिल्म उतारी

▸▸ कांग्रेस नेता की शिकायत पर पुलिस ने उतरवाई फिल्म, दोनों पक्षों में हुआ विवाद

▸▸ हंगामा होने पर चौकी प्रभारी ने शांति व्यवस्था बिगड़ने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : खैरना बाजार में कुछ दिन पहले विवाद का पटाक्षेप हो ही सका था की रविवार को फिर दो पक्षों में विवाद गहरा गया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष की कार में लगी ब्लैक फिल्म से उठा विवाद तूल पकड़ गया।

कई घंटे आरोप प्रत्यारोप के बाद चौकी में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। चौकी प्रभारी ने शांति व्यवस्था बिगड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। खैरना निवासी कांग्रेस नेता पुष्कर सिंह पनौरा ने भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गरमपानी मदन मेहरा के वाहन में नियम विरुद्ध काली फिल्म लगे होने पर आपत्ति जता पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजी। खैरना पुलिस की टीम ने भाजयुमो मंडल अध्यक्ष की कार के शीशों पर लगी काली फिल्म उतार दी। दोनों पक्षों में बाजार क्षेत्र में ही आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए। कांग्रेस नेता पुष्कर सिंह शिकायत लेकर चौकी पहुंच गए। कुछ ही देर में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मदन मेहरा भी चौकी पहुंचे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर कार्रवाई की मांग उठाई। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रेम नाथ गोस्वामी भी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास शुरू किया पर दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे। काफी देर बाद दोनों पक्षों में लिखित में समझौता हो गया। इस दौरान कृपाल सिंह मेहरा, नीरज जलाल, मोहन सिंह पनौरा, भरत जलाल, राजेंद्र सती, जगदीश धामी, प्रयाग जोशी आदि मौजूद रहे।

आपसी विवाद को लेकर चौकी पहुंचे दो परिवार

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर गंगोरी गांव में दो पक्षों में हुआ विवाद भी चौकी पहुंच गया। स्थानीय किसन राम ने पड़ोसी मोहन राम पर आरोप लगाया कि वह आए दिन गाली गलौज करता है। तैस में आकर उसने पत्थर से भी हमला किया। चौकी में दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। पुलिस ने सख्त रुख अपनाया तो बामुश्किल दोनों पक्ष शांत हुए। पुलिस ने कार्रवाई की चेतावनी दी तो दोनों पक्ष समझौता करने को राजी हो गए। कुछ देर बाद आपसी राजीनामे के बाद दोनों पक्ष गांव को रवाना हो गए।

नुक्कड़ नाटिका से मिलेगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता, भवाली

▸▸ संत निरंकारी मिशन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान चलेगा

अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागृति लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से प्रति वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाता है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से संयुक्त राष्ट्र की थीम बीट प्लास्टिक पोल्युशन के विषय अनुरूप 5 जून को पर्यटक स्थलों पर पौधरोपण और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि भवाली में भी स्वच्छता अभियान शहर में चलाया जायेगा, जिसके लिए मिशन द्वारा शहर के कुछ विशेष स्थान चयनित किये गए हैं जिसमें शिप्रा नदी, अमृत सरोवर और शहर के कुछ वार्डों में मिशन के हजारों वालंटियर द्वारा साफाई करके लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सन्देश दिया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जायेगा। मिशन के युवा स्वयंसेवक बीट प्लास्टिक पोल्युशन की थीम पर नुक्कड़ नाटिकाओं की प्रस्तुति से लोगों को पर्यावरण संकट के प्रति जागरूक करेंगे। सभी स्वयंसेवक तख्तियां एवं बैनर पर्यावरण संरक्षण के संदेशों का उपयोग करके मानव शृंखला बनायेंगे।

संत निरंकारी मिशन निरंतर आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ मानवता की सेवा में प्रतिपल समर्पित है। इन सेवाओं में मुख्यतः अमृत प्रोजेक्ट-जल निकायों का संरक्षण, वननेस वन-वृक्षारोपण, तलासरी-बांध परियोजना, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविरों का आयोजन इत्यादि प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त समाज के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक मार्गदर्शन देने के लिए अनेक कल्याणकारी परियोजनाओं को भी संचालित कर रहा है और परमार्थ के लिए यह सभी सेवाएं सतगुरु के निर्देशन में विश्वभर में निरंतर जारी हैं।

चोरगलिया में लगे शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

चोरगलिया और गौलापार के लोगों ने किया रक्तदान

चोरगलिया : रक्तदान शिविर में सोमवार को चोरगलिया और गौलापार के निवासियों ने रक्तदान किया। यह शिविर सामाजिक कार्यकर्ता पान सिंह मेवाड़ी की ओर से आयोजित किया गया था। शिविर में रक्तदान करने पहुंचे चोरगलियां में सिलाई का काम करने वाले सुभाष रस्तोगी ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी पत्नी की तबीयत अचानक खराब हो गई थी जिसे लेकर वह अस्पताल पहुंचे। वहां भर्ती करने पर डॉक्टर ने बताया कि उनकी पत्नी को छह यूनिट ब्लड की आवश्यकता है। डॉक्टर की बात सुनकर वह परेशान हो गए। तभी उनके परिचित ने स्वैच्छिक ब्लड बैंक की टीम को फोन लगाया और उन्हें वहां से तुरंत 6 यूनिट ब्लड की व्यवस्था कराई गई। उन्होंने बताया कि वह तब से ब्लैड कैंप में जाकर रक्तदान करते हैं। रक्तदान करने वालों में प्रधान राजेंद्र जांगी, गुड्डू आर्य, पान सिंह मेवाड़ी, राजू परगाईं, खष्टी दत्त चौसली, नवीन मेवाड़ी, सुभाष रस्तोगी, डब्बू परगाई, कैलाश पनेरु, नवीन जोशी व अन्य लोग शामिल रहे।

गुलदार का आतंक

नैनीताल। नैनीताल के आबादी वाले क्षेत्रों में इन दोनों गुलदार की दहशत तेजी से बढ़ रही है। रविवार देर रात शहर के फांसी गधेरा, लंघम आउट हाउस क्षेत्र में गुलदार दिखने से स्थनीय लोगों में दहशत का माहौल है। गुलदार की चलकदमी से अब स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। क्षेत्रीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

एक नजर

ईवीएम मशीनों के नंबर का मिलान करेंगे कांग्रेसी

हल्द्वानी : कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए हैं। एमबीपीजी कॉलेज में कांग्रेस कार्यकर्ता ईवीएम मशीनों के नंबर का मिलान करेंगे। कांग्रेस संगठन की ओर से नैनीताल लोकसभा सीट पर हल्द्वानी मतगणना केंद्र के लिए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद बिष्ट को प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विधायक सुमित हृदयेश के आवास पर बैठक हुई। जिसमें मतगणना के दौरान जिन कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जा रही है, उनको निर्देश दिए गये। कहा कि जब मतगणना होगी तब ईवीएम मशीनों का नंबर से मिलान जरूर कराया जाए। गोविंद बिष्ट ने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना रुद्रपुर में होगी। ऐसे में हल्द्वानी से जो कार्यकर्ता वहां जाएंगे, उनके साथ बैठक की गई है। कांग्रेस इस बात पर पूरा ध्यान देगी कि ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी न हो।

नशे के छह इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी : बनभूलपुरा पुलिस ने रविवार की रात एक युवक को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से छह इं जेक्शन बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक आंवला गेट के पास जंगल की तरफ से आते हुए एक युवक को पकड़कर पूछताछ की तो उसने खुद को इंदिरानगर निवासी शाहबाज बताया। शक होने पर तलाशी ली गई तो उसके पास से छह नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

करंट लगने से अधेड़ की मौत, 11 दिन बाद शिनाख्त

हल्द्वानी : एक अधेड़ की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। 11 दिन बाद उसकी शिनाख्त हो सकी। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बागमती नेपाल का रहने वाला 51 वर्षीय मांगले तमांग पुत्र श्याम बहादुर हरियाणा में काम करता था। बीती 23 मई को वह किच्छा में रेलवे की बिजली की लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह जल गया। उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा ले जाया गया, जहां से उसे हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। 31 मई की शाम उसकी मौत हो गई। शिनाख्त न हो पाने की वजह से शव को मॉर्चरी में रख दिया गया था। मंगलवार को शिनाख्त के बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ।

लोकसभा चुनाव की मतगणना आज, तैयारियां पूरी

एमबीपीजी कॉलेज में सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, प्रत्येक सीट के लिए 14-14 टेबल और एक टेबल वीवीपैट की लगेगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना आज मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज में होगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुबह पांच बजे अंतिम रेंडमाइजेशन होगा। इसके बाद साढ़े सात बजे स्ट्रॉंग रूम खुलेगा।

सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जिला प्रशासन ने मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना स्थल पर सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। मंगलवार की सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। उन्होंने बताया कि जनपद की छह विधानसभा सीटों के लिए 84 टेबल लगाई गई हैं। प्रत्येक सीट के लिए 14-14 टेबल और एक टेबल वीवीपैट के लिए लगाई जाएगी। मतगणना में 144 माइक्रो ऑब्जर्वर, 114 सुपरवाइजर व 120 सहायक कुल 378 कार्मिकों को तैनात किया गया है। कालाढूंगी विधानसभा सीट में सबसे अधिक 16 राउंड होंगे और लालकुआं में सबसे कम 11 राउंड होंगे।

06 विधानसभा सीटें हैं नैनीताल जनपद में

84 राउंड टेबल लगाई गई मतगणना में

03 सौ 78 कर्मचारियों की लगाई गई है ड्यूटी

एमबीपीजी कॉलेज में बने मतगणना स्थल पर विधानसभा सीट वार बनाये गए काउंटर। ● अमृत विचार

जिले में हुआ था इतना मतदान 473085

पुरुष मतदाता	244164
महिला मतदाता	228911
ट्रांसजेंडर्स मतदाता	10

10629 पोस्टल बैलेट किए गए हैं जारी

हल्द्वानी : मिश्रा ने बताया कि 10629 पोस्टल बैलेट जारी किए थे। इनमें 3943 ईडीसी, 693 दिव्यांग, 19 दृष्टिहीन, 5280 ईटीपीबीएस से प्राप्त हो गए हैं। मंगलवार की सुबह 8 बजे तक जितने भी पोस्टल बैलेट प्राप्त होंगे उन्हें मतगणना में लिया जाएगा। इसके बाद नहीं लिया जाएगा। मतगणना में सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट की गणना होगी।

खालसा इंटर कॉलेज में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते एसएसपी।

एमबीपीजी कॉलेज के ईद-गिर्द रहेगा जीरो जोन, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

हल्द्वानी, अमृत विचार : आज मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज के ईद-गिर्द जीरो जोन होगा। इस ओर वाहनों के आने पर पाबंदी होगी। पुलिस चप्पे-चप्पे पर निगरानी करेगी। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस को सोमवार रात से ही तैनात कर दिया गया है। मंगलवार को पुलिस का पहरा और कड़ा होगा। मतगणना के दौरान एमबीपीजी कॉलेज के सामने का क्षेत्र (मुख्य मार्ग के बाएं ओर का भाग) भोटिया पड़ाव चौकी से आवास विकास तिराहा नैनीताल रोड तक जीरो जोन होगा। इसी तरह डिग्री कॉलेज तिराहे से कुल्यालपुरा चौराहे, सरस्वती रेस्टोरेंट से महारानी होटल नैनीताल रोड तक जीरो जोन होगा। कलावती तिराहा नवाबी रोड से कुल्यालपुरा चौराहा तक, पानी की टंकी से कुल्यालपुरा की ओर व दोनहरिया तिराहे से एमबी इंटर कॉलेज की ओर जीरो जोन होगा। इन मार्गों पर सिर्फ लोकसभा निर्वाचन मतगणना से संबंधित वाहनों को ही आने-जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा रामपुर रोड और बरेली रोड से आने वाले वाहन तीनपानी से गौलापार होते हुए नरीमन तिराहे काठगोदाम पर निकलेंगे। कालाढूंगी रोड से आने वाले वाहन लालडांठ से मुड़कर कॉलटैक्स नैनीताल रोड पर निकलेंगे।

मतगणना स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक। ● अमृत विचार

कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते प्रेक्षक व जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज सभागार में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कर्मी। ● अमृत विचार

प्रेक्षक बरार ने लिया मतगणना स्थल का जायजा

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना समयबद्ध, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार, राजू मोगाविरा एवं महेश विश्वास ने सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में मतगणना स्थल में तैयारियों का जायजा लिया। प्रेक्षक बरार ने जनपद की सभी छह विधानसभा सीटों के मतगणना हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतगणना में केंद्रीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सख्ती से किया जाए। उन्होंने कहा कि मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। सभी कर्मचारी इससे पूर्व मगणना स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंचे। प्रेक्षक ने मतगणना स्थल, मतगणना काउंटर, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा संचालन, ऑब्जर्वर कक्ष आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एआरओ पारितोष वर्मा, रेखा कोहली, राहुल साह, प्रमोद कुमार, तहसीलदार संजय कुमार एवं सचिन आदि मौजूद थे।

282 कर्मी लगेंगे मतगणना में, 96 रहेंगे आरक्षित

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रेक्षकों एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में विधानसभा सीट वार कर्मचारियों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए प्रत्येक सीट पर 14 मतगणना सुपरवाइजर, 14 सहायक एवं 18 माइक्रो ऑब्जर्वरों की तैनाती की गई है। प्रत्येक सीट पर 47 कर्मचारी मतगणना में लगेंगे। कुल 282 कर्मचारी छह विधानसभा सीटों पर मतगणना करेंगे और 96 कर्मी आरक्षित रखे गए हैं।

कर्मचारियों को दिया गया मतगणना का अंतिम प्रशिक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना में लगे 378 कर्मचारियों को सोमवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार, राजू मोगाविरा एवं महेश विश्वास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना कर्मी सभी प्रकार की प्रक्रियाओं की जानकारी लें। ईवीएम-वीवीपैट के संचालन के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करें। यदि कर्मचारियों के मन में कोई भी शंका है तो मास्टर ट्रेनर्स से उसका समाधान करें। सभी कर्मचारी ईवीएम से मतों की गणना में विशेष सावधानी बरतें। इस दौरान जनपद की छह विधानसभा सीटों के सहायक निर्वाचन अधिकारी, मतगणना सुपरवाइजर, सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर एवं मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

विधानसभावार मतदान

लालकुआं	77,407
भीमताल	58,315
नैनीताल	57,182
हल्द्वानी	92,484
कालाढूंगी	1,09,912
रामनगर	77,785

पैरामिलिट्री के साथ 600 पुलिस कर्मियों का पहरा

हल्द्वानी : मतगणना के दौरान पुलिस का कड़ा पहरा होगा। न सिर्फ शहर में बल्कि शहर की सीमाओं पर भी कड़ी चौकसी के निर्देश दिए गए हैं। पैरामिलिट्री फोर्स के साथ छह से अधिक पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। सोमवार की शाम ठंडी सड़क स्थित खालसा इंटर कॉलेज में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिस फोर्स को दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में 9 राजपत्रित अधिकारी, 8 इंस्पेक्टर, 344 सिपाही, 160 महिला सिपाही, एक कंपनी पीएसी और एक प्लाटून आईटीबीपी एमबीपीजी कॉलेज और उसके आसपास के इलाके में चारों तरफ मुस्तैद रहेगी। इसके अलावा दो फायर यूनिट और ट्रैफिक पुलिस, इंटरसेप्टर, सीपीयू और हॉक टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है। एसएसपी ने मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश देते हुए लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

पहली बार मतगणना में लागू किया गया है कलर कोडिंग सिस्टम

मिश्रा ने बताया कि मतगणना को निष्पक्ष बनाने के लिए पहली बार कलर कोडिंग सिस्टम लागू किया गया है। मतगणना सुपरवाइजर को पीला पास, सहायक को गुलाबी, माइक्रो ऑब्जर्वर को हल्का हरा, अन्य स्टाफ को जामुनी रंग का पास दिया गया है। इसी तरह रामनगर विधानसभा सीट के अभिकर्ताओं को पीला, कालाढूंगी को हल्का नीला, हल्द्वानी के लिए हल्का पीला, नैनीताल के लिए आसमानी, भीमताल के लिए गहरा हरा, लालकुआं के लिए गुलाबी रंग के परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ईवीएम लाने और ले जाने के लिए भी कलर कोडिंग की गई है। भीमताल सीट के लिए हरा, नैनीताल को गुलाबी, लालकुआं को लाल, कालाढूंगी को गहरा नीला, रामनगर को नारंगी, हल्द्वानी को धानी रंग आवंटित किया गया है। कर्मचारी संबंधित विधानसभा सीट वार के रंग के अनुसार टी-शर्ट पहनकर ईवीएम लेकर जाएंगे।

एमबीपीजी में 37, महिला कॉलेज में दो विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया सोमवार को राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में हुई, जिसमें 37 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ। प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे दिन बीए प्रथम सेमेस्टर में 10, बीकॉम में 10, बीएससी पीसीएम में 10, बीएससी जेडबीसी में 2 और बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी में 5 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। सभी विद्यार्थियों के दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन हो गया है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की फीस जमा होनी बाकी है।

प्रो. अमित सचदेवा ने बताया कि पोर्टल अपडेट किया जा रहा है, जिसके बाद सभी कॉलेजों में एकसमान फीस ली जाएगी। मंगलवार (आज) को पोर्टल अपडेट हो सकता है, जिसके बाद ऑनलाइन फीस जमा हो जाएगी। जिन विद्यार्थियों को प्रवेश मिल चुका है, वह पोर्टल खुलते ही अपनी फीस ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इधर, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में केवल बीएससी जेडबीसी में 2 प्रवेश हुए जबकि 17 छात्राओं की काउंसलिंग हुई जिसमें बीए में 4, बीकॉम में 6, बीकॉम ऑनर्स में 4, बीएससी पीसीएम में 1 और बीएससी जेडबीसी में 2 छात्राएं शामिल रहीं।

महिला महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान पहुंचे अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

बिना टीसी और अंक पत्र के भी मिला प्रवेश

जिन विद्यार्थियों को टीसी नहीं मिली है, उन्हें वचनबद्ध (अंडरटेकिंग) पत्र लिखवाकर प्रवेश दिया जा रहा है। साथ ही जो विद्यार्थियों अंक पत्र अपने साथ लेकर नहीं आ रहे हैं, उन्हें भी डिजिलॉकर के माध्यम से अंकपत्र दिखाने के बाद प्रवेश दिया जा रहा है। एमबीपीजी कॉलेज के प्रो. अमित सचदेवा और राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य शशि पुरोहित ने बताया कि कोई भी विद्यार्थियों प्रवेश से वंचित नहीं रहेगा। सभी को प्रवेश दिया जा रहा है।

यूओयू में तैयार होंगे नए कौशल पाठ्यक्रम

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) के व्यावसायिक अध्ययन विभाग ने नए कौशल पाठ्यक्रमों को तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक बुलाई, जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुभवी विशेषज्ञों ने भाग लिया। समिति ने नए कौशल विकास व रोजगार परक पाठ्यक्रमों के चयन, संचालन और भविष्य में संचालित किये जाने के विषय में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

निर्णय लिया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के साथ मिलकर उद्यमिता विकास के तहत 6 माह का प्रमाणपत्र व एक साल का डिप्लोमा कोर्स चलाया जाएगा। समिति ने नेस्कॉम के सहयोग से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर पाठ्यक्रम शुरू करने की सिफारिश की है। संचालन डॉ. गोपाल दत्त ने किया। कुलपति ओपीएस नेगी ने कहा कि यह संयुक्त प्रयास युवाओं को नौकरी के अवसरों और उनके कॅरियर के विकास में मदद करेगा।

शोरूम स्टॉफ पर तानी रिवॉल्वर, भड़के व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आचार संहिता में रिवॉल्वर लेकर घूम रहे युवक ने एक मोबाइल के शोरूम में जमकर हंगामा काटा। आरोपी एक महिला के साथ मोबाइल खरीदने आया था। इसी दौरान हुई तीखी नोकझोंक के बाद उसने जेब से रिवॉल्वर निकाला और स्टाफ पर तान दिया। इससे नाराज व्यापारियों ने रविवार रात कोतवाली का घेराव किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

नैनीताल रोड पर भोटियापड़ाव में राजीव अग्रवाल की श्री श्याम इंटर प्राइजेज के नाम से मोबाइल फोन का शोरूम है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 2 जून को उनकी दुकान पर एक युवक महिला के साथ आया। युवक ने मोबाइल फोन खरीदने की बात कही। स्टाफ ने उन्हें डैमो फोन दिखाए। ग्राहक ने डैमो मोबाइल पर एक आडियो चलाकर दिखाने को कहा। स्टाफ ने उसे बताया कि डैमो फोन में आडियो नहीं चल सकती। इसी बात पर युवक तैश में आ गया और स्टाफ को धमकाने व गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने जेब से अलसहा निकाला और स्टाफ के ऊपर तान दिया। युवक ने धमकी दी कि वह पीरूमदारा का रहने वाला केके आनंद है। अफरा-तफरी मची तो आरोपी मौके से फरार हो गया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि पीरुमदारा निवासी केके आनंद पर केस दर्ज कर लिया है। पता किया जा रहा है कि असलहा लाइसेंसी या अवैध। दुकान के फुटेज देखे जारहे हैं।

प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल सह संयोजक देवेश अग्रवाल और प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा हे कि लोगों में पुलिस का भय नहीं रह गया है। तभी लोग आचार संहिता में शस्त्र लेकर घूम रहे हैं। मंडल पदाधिकारियों ने गिरफ्तारी और शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग की है।

मांग करने वालो में संगठन के केन्द्रीय सह सयोजक देवेश, अग्रवाल प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्सवान, पूरन लाल साह, राजेंद्र अग्रवाल, मुन्ना प्रमोद गोल्डी, रामप्रसाद कश्यप, धरमू, राजीव शर्मा, कुंदन रावत आदि है।

रविवार की रात शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

दुकान के स्टाफ पर असलहा तानता युवक।

मौसम सोमवार को अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड

चार डिग्री गिरा पारा, पहाड़ से मैदान तक थोड़ी राहत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मई माह के अंतिम सप्ताह में पड़ी प्रचंड गर्मी से अब थोड़ी राहत मिल रही है। अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। पहाड़ से लेकर मैदान तक गर्मी में आई कमी के बाद अब बारिश होने के आसार जताये जा रहे हैं।

30 और 31 मई को हल्द्वानी में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया था। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया था। जिससे लोग परेशान हो उठे थे। सूरज की तपिश के साथ ही गर्म लू के थपेड़ों से लोगों का दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। विगत दो दिनों से अधिकतम तापमान में कमी आई है। पारे में पिछले चार दिनों की अपेक्षा चार डिग्री की कमी आई है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तो सोमवार को 39.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, मुक्तेश्वर में भी विगत दिनों अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। यहां सोमवार को पारा 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार पहाड़ों में बारिश के आसार हैं। मंगलवार और बुधवार को मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चल सकती हैं और बारिश हो सकती है।

मानसून समय से पहले पहुंचने के आसार : उत्तराखंड में इस बार मानसून समय से पहले पहुंच सकता है। राज्य में मानसून आने की औसत तारीख 20 से 21 जून है। माना जा रहा है कि इस बार मानसून 20 जून से पहले ही पहुंच जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून सही रफ्तार से चल रहा है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार अगर मानसून की यही रफ्तार रही तो उत्तराखंड में अगले दो सप्ताह बाद मानसून आ सकता है।



राहत

- 30 और 31 मई को हल्द्वानी में गर्मी ने तोड़ दिया था रिकॉर्ड
- मंगलवार व बुधवार को मैदानी इलाकों में बारिश के आसार

पहाड़ों में बारिश का क्रम जारी

हल्द्वानी : पहाड़ों में बारिश होने का सिलसिला जारी है। कपकोट और बेरीनाग में 10-10 मिमी, मुनस्यारी में 4.2 मिमी और डीडीहाट में 2.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। कुमाऊं के बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और चम्पावत जिलों में पिछले दो सप्ताह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश से पहाड़ों में वनाग्नि की समस्या पर काफी अंकुश लगा है।

तेज अंधड़ से शहर व गांव में बिजली गुल

हल्द्वानी, अमृत विचार : सोमवार की देर शाम अचानक मौसम ने कवरट बदली और तेज अंधड़ चलने लगी। जिससे शहर से लेकर गांव तक बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अंधड़ के चलते शहर के समता आश्रम गली, रामपुर रोड, बरेली रोड, नैनीताल रोड समेत कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा गौलापार क्षेत्र में भी कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति ठप रही। राजपुरा, बनभूलपुरा व अन्य इलाकों में भी अंधड़ के चलते बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि तेज अंधड़ के चलते कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। बाद में आपूर्ति सुचारू कर दी गई।

पाटकोट में विवाहिता की मौत

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पाटकोट क्षेत्र में एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को ग्राम डौनपरेवा निवासी नवीन चंद्र ने कालाढूंगी थाने में तहरीर देकरा कहा कि उसकी बहन किरन का विवाह 12 साल पहले पाटकोट के नवीन कर्नाटक के साथ हुआ था। आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नवीन और ससुराली किरन का उत्पीड़न कर रहे थे। कुछ माह पूर्व ससुरालियों ने किरन को पीटकर उसे घर से निकाल दिया था। गांव में पंचायत के बाद दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। आरोप है कि रविवार को पति नवीन व ससुरालयों ने किरन को जहर देकर मार डाला। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही रामनगर कोतवाली से एसएसआई मनोज नयाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, मगर मामला कालाढूंगी थाने का निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कालाढूंगी थानाध्यक्ष भगवान सिंह मेहर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

मृतका किरन।

एक नजर

रोड में फैली निर्माण सामग्री से चोटिल हो रहे लोग

भीमताल : भीमताल के सातताल मार्ग में इन दिनों लोक निर्माण विभाग की ओर से स्थान-स्थान पर स्टील के एच गार्डर पैराफिट लगाए जा रहे हैं। इनको लगाने के लिए विभाग ने स्थान-स्थान पर निर्माण सामग्री एकत्र की हुई है। जिसके चलते अब तक कई दो पहिया वाहन गिर कर चोटिल हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने विभाग से काफी समय से एकत्र सामग्री को वहां से हटाने की मांग की है। वहीं पशु पक्षी प्रेमियों ने लोक निर्माण विभाग पर बिना लोगों को विश्वास में लिए स्टील के एच गार्डर पैराफिट को लगाने का भी आरोप लगाया है। निवर्तमान सभासद नीरज रैकुनी ओर नेचर गाइड विक्रम कंडारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा जंगल के सभी रास्तों को बंद किया जा रहा है जिसके कारण जंगल से नालों गधेरे में पानी पीने आने वाले बड़े जंगली जानवर पानी पीने नहीं जा पा रहे हैं और भविष्य में यदि आते हैं तो निश्चित तौर पर टकराकर चोटिल होने की संभावना है। बताते हैं कि सराव जैसे विशालकाय जानवरों के लिए स्रोत आदि में आकर पानी पीने में दिक्कतें होंगी। संभवतः पशु से भरे क्षेत्र से पशु पानी के रास्ते बंद होने के कारण पलायन भी हो जाए। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से जरूरत वाले स्थानों में स्टील गार्डर के पैराफिट लगाने और जहां आवश्यकता नहीं है वहां जबरन नहीं लगाने की मांग की है।

पानी नहीं मिलने पर प्रदर्शन, ईई का घेराव, नोकझोंक

जवाहर नगर के लोगों का फूटा गुस्सा, जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर विभाग के खिलाफ की नारेबाजी, आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पानी की किल्लत से जूझ रहे जवाहर नगर के लोगों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। उन्होंने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही अधिशासी अभियंता (ईई) का घेराव किया। इस दौरान लोगों की ईई के साथ नोकझोंक भी हुई।

क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद महेश चंद्र के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं और पुरुष सुबह 11 बजे जल संस्थान कार्यालय जा धमके। जहां उन्होंने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने अधिशासी अभियंता का घेराव करते हुए आक्रोश प्रकट किया। कहा कि पिछले तीन माह से जवाहर नगर सहित टनकपुर रोड, गौला गेट, नजाकत खान का बगीचा, वारसी कॉलोनी में पानी की किल्लत हो रही है। करीब 300 परिवार पानी के लिए जूझ रहे हैं।

भीषण गर्मी में लोग आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। विभाग की ओर से नियमित पानी के टैंकर भी नहीं भेज जा रहे हैं। जिससे परेशानी और बढ़ गई है। इलाके से निकली पेयजल लाइन को दूसरे इलाके की पेयजल लाइन से जोड़ दिया गया है, जिससे सुबह के समय मिलने वाले एक घंटे पानी की आपूर्ति भी बंद हो गई है।

लोगों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र विभाग की ओर पानी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रर्दशन करने वालों में आमिर खान, मो. शाहिद, शहजाद अली, अरमान खान, सरताज बेगम, नूर बेगम, दानिश समेत मौजूद रहे।

> विभाग की ओर से जेई को समस्या जानने के लिए मौके पर भेजा गया है। जल्द ही पानी की समस्या का समाधान हो जायेगा। पानी के लिए क्षेत्र में टैंकरों के अतिरिक्त चक्कर लगवाए जाएंगे। **-आरएस लोशाली**, ईई जल संस्थान

पेयजल समस्या को लेकर जल संस्थान पर प्रदर्शन करते राजपुरा वार्ड नंबर 14 के लोग। ● अमृत विचार

पेयजल समस्या को लेकर ईई का घेराव करते राजपुरा के लोग। ● अमृत विचार

शाह फार्म में नलकूप खराब

हल्द्वानी : भीषण गर्मी में नलकूपों के खराब होने क्रम थम नहीं रहा है। दमुवाढूंगा स्थित शाह फार्म का नलकूप खराब होने से क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। लोग टैंकरों से पानी भरने को मजबूर हो रहे हैं। सोमवार को भी नलकूप की मरम्मत न होने से क्षेत्र में पेयजल की किल्लत छाई रही। जल संस्थान की ओर से 7 टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई गई। इसके अलावा राजपुरा, ईसाई नगर, कुमाऊं कॉलोनी, गौला गेट, इंदिरानगर समेत अन्य इलाकों में भी टैंकरों से पानी बंटवाया गया। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि नलकूप की मोटर शीघ्र ठीक कर ली जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर टैंकर लगाए गए हैं।

जंगलियागांव में बिजली-पानी का संकट

भीमताल : ग्राम पंचायत जंगलिया गांव में गत दिनों आई आंधी तूफान से पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है जिसकी सूचना ग्राम प्रधान राधा कुल्याल द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया परंतु तीन दिनों से कार्यवाही करने के बाद भी विद्युत तथा पानी की आपूर्ति नही हो पाई जिससे विभाग के प्रति कड़ा रोष व्याप्त है। ग्राम प्रधान ने अवगत कराया कि यदि तुरंत आपूर्ति नही की गई तो ग्रामीणों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सिंह कुल्याल ने भी इस मामले को लेकर उप खंड अधिकारी काजल रैकुनी से भेंट की उन्होंने आज शाम तक विद्युत आपूर्ति करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर रतन सिंह कुल्याल महेंद्र सिंह पडियार नव युवक मंगल दल अध्यक्ष कमल कुल्याल राजेंद्र सिंह पडियार आदि ने भी रोष व्यक्त किया।

80 प्रतिशत छूट के साथ कराएं पशु बीमा

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य पशुधन बीमा योजना के तहत पशु पालक 80 प्रतिशत छूट के साथ अपने पशुओं का बीमा करा सकते हैं। जिले में अब तक 3000 पशुपालकों ने इस योजना का लाभ उठाया है।

राज्य पशुधन बीमा योजना तहत इन दिनों जिले में पशुओं का बीमा कराया जा रहा है। अपने पशुओं का बीमा कराने के इच्छुक पशु पालक नजदीक के राजकीय पशु चिकित्सालय में जाकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि जिले में कई पशु पालकों का व्यवसाय जानवरों पर ही निर्भर है, जिसमें गाय, भैंस, बकरी, घोड़े, खच्चर शामिल हैं। अक्सर जानवरों के बीमार होने या फिर किसी आपदा की चपेट में आने से मौत हो जाती है। ऐसे में, बीमा नहीं होने से पशुपालकों को ही आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

ऐसे में, पशुपालक अपने पशुओं का बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से पर्वतीय क्षेत्रों में बीपीएल, एससी, एसटी वर्ग में पशु पालकों को प्रीमियम राशि में 80 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है, जिसमें केवल 20 प्रतिशत राशि ही।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी फूंका विरोध का बिगुल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राजकीय शिक्षक संघ के बाद अब प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी विरोध का बिगुल फूंक दिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि उप शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार वरिष्ठ प्रधानाध्यापक को ही दिया जाए। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का प्रभार गोपनीय आख्या में गैर विभागीय हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मनोज तिवारी।

संगठन ने इस बाबत मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शासन एवं निदेशालय स्तर पर अपना विरोध दर्ज कराया है। संगठन का कहना है कि यदि इस तरह का असंवैधानिक एवं अव्यवहारिक आदेश थोपा गया तो प्राथमिक शिक्षक संघ इसका पुरजोर विरोध करेगा। संगठन के प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा की 9 जून को इस विषय पर पदम सिंह शिक्षक भवन देहरादून में प्रदेश के समस्त 13 जनपदों के पदाधिकारियों के साथ प्रांतीय तदर्थ समिति पदाधिकारी की संयुक्त बैठक होगी। इसमें संगठन के निर्वाचन के साथ-साथ शिक्षक विरोधी मुद्दों पर आगामी रणनीति पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने शीघ्र ही इन आदेशों को व्यापक छात्रहित के दृष्टिगत तत्काल वापस दिए जाने की मांग की है।

अमेरिका में रिसर्च करेगी नंदिनी शर्मा

हल्द्वानी, अमृत विचार : शहर निवासी नंदिनी शर्मा ने खुराना प्रोग्राम फॉर स्कॉलर्स परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अंतर्गत छात्रों को 3 माह के लिए रिसर्च हेतु अमेरिका के विश्वविद्यालयों में भारत सरकार की ओर से स्कॉलरशिप दी जाती है।

नंदिनी के पिता समीर कुमार शर्मा इंडियो एयरलाइंस में एसोसिएट डायरेक्टर सेल्स के पद पर कार्यरत हैं। नंदिनी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु में एमएससी (लाइफ साइंस) में द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा है। उनकी इस उपलब्धि से शहर के लोगों में खुशी की लहर है। नंदिनी के ताऊ शरद शर्मा निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश के जनसंपर्क अधिकारी के पद पर अपनी सेवायें दे चुके हैं।

जंगली जानवरों से सुरक्षा नहीं मिलने पर लोगों में रोष व्याप्त

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : लालूपुर बासिटीला में महिला एकता मंच की ओर से गांव की समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक में ग्रामवासियों ने कहा कि जंगली एवं हिंसक जानवरों का आतंक अभी भी गांव में फैला हुआ है।

गुलदार दिन दहाड़े गांव में घूम रहा है जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। महिलाओं ने कहा कि उप निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व की ओर से आश्वासन दिया गया था कि गांव में चार सोलर स्ट्रीट लाइटें हम तुरंत लगवाएंगे लेकिन 15 दिन बाद भी गांव में कहीं भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गईं हैं। महिलाओं ने कहा कि हम गांव के लोग अपने पालतू जानवरों और खेती पर निर्भर हैं। हम खेतों से ना चारा ला पा रहे हैं और खेतों में लगाई गई सब्जियों की देखभाल भी नहीं कर पा रहे हैं। वन प्रशासन व उत्तराखंड सरकार जंगली जानवरों से सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरत रही है।

बैठक में मौजूद स्थानीय ग्रामीण। ● अमृत विचार

मंच की संयोजिका ललिता रावत ने कहा कि उपनिदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व ने कैमरा ट्रैप लगाकर गांव में घूम रहे गुलदार को पकड़ने व सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग करवाने का आश्वासन दिया था परंतु आज भी गांव वालों को उनके आश्वासन के पूरा होने का इंतजार है। इस दौरान माया नेगी, आरती, पूजा रावत, बीना देवी, धनवंती देवी, मंजू चौधरी, सरस्वती जोशी, ऊषा देवी, दलजीत कौर, जसविंदर कौर, मुन्नी, बिरफा देवी, तीरथ सिंह मौजूद रहे।

अंधड़ से गरमपानी में फलों की उपज बर्बाद

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : मौसम का मिजाज पहाड़ के काश्तकारों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। बारिश न होने से पहले ही फल उत्पादक गांवों में पहले ही कम पैदावार हुई थी। अब अंधड़ ने बची कुची उपज को भी बर्बाद कर डाला। लगातार हो रहे नुकसान से किसान मायूस हो चुके हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई है।

बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के फल उत्पादन पट्टी के नाम से विख्यात गांवों में बीते रोज चले अंधड़ ने किसानों के सपने तबाह कर डाले। पहले ही समुचित बारिश न होने से गांवों में लगभग 90 प्रतिशत तक फलों का उत्पादन घट चुका है। अब बीते शनिवार शाम को बिगड़े मौसम के मिजाज ने किसानों की किस्मत पर कुठाराघात कर दिया। रामगढ़ ब्लॉक के हली व हरतपा समेत आसपास के तमाम गांवों में अंधड़ से पेड़ों पर लगे आड़ू, पुलम, खुमानी व नाशपाती के फल जमीन पर गिर गए।

पेड़ों पर लगे आधे तैयार हुए फल अंधड़ से गिर जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई हैं। बेतालघाट ब्लॉक के बारगल, कफुल्टा व आसपास के गांवों के किसानों को अंधड़ से नुकसान पहुंचा है। अंधड़ थमने के बाद जब किसान बगीचों में पहुंचे तो वहां के हालत देख किसान मायूस हो गए। अंधड़ से हुए नुकसान से परेशान हुए किसान बार बार खुद की किस्मत को कोस रहे हैं।

हली गांव निवासी फल उत्पादक किसान गोधन सिंह बिष्ट के अनुसार अंधड़ से बची-कुची उपज नष्ट हो गई है। उम्मीद थी की कम पैदावार में कुछ हद तक नुकसान कम होगा पर अंधड़ ने सब कुछ बर्बाद कर डाला। बारिश न होने से उपज के बेहतर न होने से बड़ी मंडियों से भी वाजिब दाम नहीं मिल रहे। ग्राम प्रधान हली ललित मोहन, गोधन सिंह बर्गली, लक्ष्मण सिंह मेहरा, तारा सिंह बिष्ट, मनीष तिवारी, बिशन सिंह जंतवाल, शिवराज सिंह बिष्ट आदि ने किसानों को क्षति का मुआवजा दिए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

नुकसान

- आड़ू, पूलम, खुमानी व नाशपाती के फल पेड़ों से गिरकर नष्ट
- रामगढ़ और बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों के किसान मायूस

ग्रामीणों ने उठाई क्रैश बैरियर के निर्माण की जांच की मांग

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : भुजान बेतालघाट मोटर मार्ग पर लगभग पांच करोड़ रुपये की भारी भरकम लागत से लगाए जा रहे क्रैश बैरियर कई जगह कच्चे स्थानों पर लगाने तथा मानकानुसार जमीन के अंदर न डाले जाने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाई है।

आरोप लगाया कि भारी भरकम लागत से किए जा रहे कार्य में लापरवाही की जा रही है। प्रांतीय खंड लोनिवि के अपर सहायक अभियंता मनमोहन सिंह के अनुसार जल्द निरीक्षण किया जाएगा। लापरवाही नहीं होने दी जाएगी।

बेतालघाट ब्लॉक मुख्यालय समेत आसपास के तमाम गांवों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण भुजान-बेतालघाट मोटर मार्ग पर दुर्घटना का खतरा टालने को लगभग तीस किमी के दायरे में पांच करोड़ रुपये की भारी भरकम लागत से क्रैश बैरियर लगाने का कार्य किया जाना है। शुरुआती चरण में बचौड़ी गांव के समीप से हल्सौ गांव तक क्रैश बैरियर स्थापित किए जा चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने सवाल खड़े कर आरोप लगाया कि सरकार ने दुर्घटनाएं टालने को भारी भरकम बजट उपलब्ध कराया है बावजूद लापरवाही की जा रही है। मानकों के अनुसार कार्य न कर हीलाहवाली की जा रही है। धारी निवासी नंदन सिंह जंतवाल के अनुसार बार बार बजट उपलब्ध नहीं होता। वर्तमान में बजट उपलब्ध है तो गुणवत्ता के साथ कार्य किया जाना चाहिए। जिस स्थान पर क्रश बेरियर स्थापित किए जाए वहां पर मजबूत दीवार का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि मजबूती बनी रहे। ग्रामीणों ने भी मामले की जांच की मांग उठाई है। इधर लोनिवि के अपर सहायक अभियंता मनमोहन सिंह के अनुसार जल्द निरीक्षण किया जाएगा। यदि गलत व मानकनुसार कार्य नहीं मिला तो उसे ठीक करवाया जाएगा। साफ कहा की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अनियमितता का आरोप

- महत्वपूर्ण भुजान-बेतालघाट मोटर मार्ग पर लगाए जा रहे क्रैश बैरियर में अनियमितता बरतने का आरोप

भवाली में तेज अंधड़ से घर की छत पर गिरे चीड़ के सूखे पेड़ को देखते लोग।

भवाली में तेज अंधड़ से घर की छत पर गिरा पेड़

भवाली, अमृत विचार : सोमवार देर शाम बारिश और तेज हवाओं से भवाली गांव तोक पोखरा में घर की छत गोशाला के ऊपर चीड़ का विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे घर व गोशाला की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। नए घर का लेंटर भी टूट गया। तोक पोखरा निवासी शिव लाल पुत्र मांगी राम के घर में तूफान के बीच घर के ऊपर पेड़ गिर गया। परिवार ने किसी तरह बाहर भागकर जान बचाई। शिव लाल ने बताया कि 6 महीने पहले ही प्रधानमंत्री आवास योजना से दो कमरों का घर बनाया गया था। वह भी आंधी से टूट गया। घर में उनके तीन बच्चे और पत्नी रहती है। कहा कि मजदूरी कर घर चलाते हैं। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। जेष्ठ प्रमुख करन चिलवाल ने बताया कि गनीमत रहा कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। पटवारी व अन्य अधिकारियों को मुआवजे के लिए पत्र लिखा जाएगा।

चयन समित में 8 खेल अधिकारी शामिल

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य के 12 आवासीय खेल छात्रावास के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के लिए चयन समिति में कुमाऊं मंडल से आठ खेल अधिकारियों को शामिल किया गया है।

इसमें पिथौरागढ़ जिले के जिला खेल अधिकारी अनूप बिष्ट और नैनीताल के प्रभारी जिला खेल अधिकारी वरुण बेलवाल, मुकेश चंद्र शर्मा टनकपुर, अरुण बंग्याल उपक्रीड़ाधिकारी अल्मोड़ा, ललित मोहन कुंवर सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग चम्पावत, जीवन सहायक प्रशिक्षक अल्मोड़ा, गिरीश कुमार उप क्रीड़ाधिकारी उधमसिंह नगर, चंदन बिष्ट उप क्रीड़ाधिकारी चम्पावत के अलावा गढ़वाल मंडल के क्रीड़ाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रभारी उप निदेशक खेल ने इसके लिए आदेश भी जारी कर दिए हैं।

ट्रायल के लिए बांटे गए आवेदन पत्र

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य स्तरीय आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 14 व 15 जून को गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे। सोमवार को मिनी स्टेडियम में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र बांटे गए। फुटबॉल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल व क्रिकेट में चयन ट्रायल होंगे। सोमवार से आवेदन पत्र बांटने शुरू कर दिए हैं जो 13 जून तक बांटे जाएंगे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

कार्यशाला का शुभारंभ करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

बच्चों के लिए नृत्य व संगीत जरूरी : माया

रामनगर, अमृत विचार : नृत्य, कला और संगीत आज के दौर में बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है। चाहे उन्हें स्कूल में कला और संगीत से अवगत कराया जाए या सामुदायिक नृत्य कक्षाओं के माध्यम से। पर यह बच्चों के लिए बहुत हितकारी है। यह बात प्राइमरी स्कूल दुर्गापुरी में संगीत, नृत्य और नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया रावत ने कही। उन्होंने कहा कि कला और संगीत के संपर्क में आने से मानसिक, भावनात्मक और शैक्षिक लाभ मिलते हैं। नृत्य और संगीत स्वस्थ दिमाग को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष नीमा मठपाल ने कहा कि बालपन से बच्चों का रुझान संगीत, नृत्य जैसी विधाओं में रहेगा तो आगे चलकर जहां उनका भविष्य स्वर्णिम होगा वहीं मोबाइल की दुनिया से भी वह कुछ समय दूर रहेंगे। इस दौरान प्रकाश कोटवाल, रंजना भट्ट, अंजू अग्रवाल, दीपा कोटिया, अनीता गौड़, कल्पना शर्मा, ममता नयाल, ललित बिष्ट, राजा सत्यवली, पंकज, कुनाल, लक्की आदि मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन के सचिव को मातृ शोक

रामनगर, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के सचिव संतोष देवरानी की माता सरोज देवरानी का निधन हो गया। वह लगभग 80 वर्ष की थीं। उन्होंने अंतिम सांस अपने आवास पर ली। उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक सभा की। शोक सभा रामनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी की अध्यक्षता एवं उप सचिव गणेश कुमार गगन के संचालन में हुई। इसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए बार कक्ष में 2 मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, बलवंत सिंह, ललित मोहन पांडे, गणेश कुमार गगन, हिमांशु अग्रवाल, दीवान गिरी, अरुण रौतेला, सिद्धार्थ अग्रवाल, मनोज रावत, बृजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

चार वर्ष पूर्व ध्वस्त हाईवे पर जान जोखिम में डालकर हो रही यात्रा

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : आपदा को चार वर्ष का लंबा समय बीतने के बावजूद अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर नावली क्षेत्र में ध्वस्त हुए हाईवे की सुध नहीं ली जा रही है। हाईवे पर आवाजाही करने वाले यात्री व पर्यटक जान जोखिम में डाल आवाजाही को मजबूर हो चुके हैं। पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापारियों व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने एनएच प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। आरोप लगाया की करोड़ों रुपये का बजट उपलब्ध होने के बावजूद नावली क्षेत्र बेहद खतरनाक स्थित में पहुंच चुके हाईवे की सुध नहीं ली जा रही।

हाईवे की बदहाली से आवाजाही करने वाले यात्रियों व पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अफसर हाईवे को दुरुस्त करने के दावे तो खूब कर रहे हैं पर धरातल की स्थिति बदहाली की हकीकत बयां कर रही है। चार वर्ष पूर्व आपदा में जगह जगह ध्वस्त हुए हाईवे को आज तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है जबकि सरकार एनएच विभाग को 39 करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट तक उपलब्ध करा चुकी है। नावली क्षेत्र में ही खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके हाईवे की सुध नहीं ली जा रही। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, व्यापारी नेता कुलदीप सिंह, क्षेत्रिय जन विकास संघर्ष समिति के विरेन्द्र सिंह बिष्ट, बिशन सिंह जंतवाल, शिवराज सिंह, मनीष तिवारी के अनुसार एनएच प्रशासन की लापरवाही से कभी भी बड़ी घटना सामने आ सकती है। लगातार खतरा बढ़ने के बावजूद अधिकारी अनदेखी पर आमादा है। क्षेत्रवासियों ने नावली क्षेत्र में जल्द हाइवे को दुरुस्त करने की मांग उठाई है। चेतावनी दी है की यदि लापरवाह रवैया अपनाया गया तो आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा।

परेशानी

- नावली क्षेत्र में बड़ी घटना की ओर इशारा कर रहा ध्वस्त हाईवे
- मरम्मत तो दूर सुरक्षित यातायात के ठोस उपाय तक नहीं

एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवा पीपीपी मोड में देने की तैयारी

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा देने की कवायद शुरू, एमआरआई और सिटी स्कैन सेवा पहले से पीपीपी मोड पर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊं के सबसे बड़े डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवा को पीपीपी मोड में देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। शीघ्र ही टेंडर निकाला जायेगा। अनुबंध के तहत संबंधित कंपनी नई अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन स्थापित करेगी।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन रेडियोलॉजी विभाग में दो और जांचों को पीपीपी मोड में देने की तैयारी कर रहा है। अस्पताल में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड पीपीपी मोड पर होंगे।

जिस कंपनी के साथ अनुबंध होगा वह अपनी नई अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन लगायेगी। दोनों जांचें पीपीपी मोड पर देने के बाद अस्पताल में मशीनों की संख्या बढ़ जाएगी। अस्पताल प्रशासन के पास पहले से ही अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की एक-एक मशीन मौजूद है। अस्पताल में एमआरआई और सिटी स्कैन पहले से ही पीपीपी मोड पर हैं। नए अनुबंध के बाद पूरी तरह से रेडियोलॉजी विभाग की जांचें पीपीपी मोड पर चली जाएंगी।

रेडियोलॉजिस्ट की कमी बनी मुद्दा

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की कमी है। पहले दो रेडियोलॉजिस्ट थे, जिनमें से एक ने नौकरी छोड़ दी। अब केवल एक ही रेडियोलॉजिस्ट सेवा दे रहे हैं। इसलिए अस्पताल प्रशासन ने तय किया है कि अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे को भी पीपीपी मोड में दिया जाए।

नहीं बढ़ेंगे जांचों के दाम

हल्द्वानी : एक्सरे और अल्ट्रासाउंड सेवा पीपीपी मोड पर देने के बाद जो शुल्क अभी लिया जाता है वही शुल्क बाद में भी लिया जाएगा। जांचों में दाम में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जायेगी।

> अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे सेवा को पीपीपी मोड में देने की तैयारी चल रही है। अनुबंध के तहत संबंधित कंपनी एक-एक अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन लगायेगी।
> **- डॉ. अरुण जोशी,** प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

बेस अस्पताल में ठीक नहीं हुई सिटी स्कैन मशीन

हल्द्वानी : सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन खराब होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मशीन को खराब हुए दो माह होने जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मशीन ठीक कराने के लिए कई बार स्वास्थ्य विभाग के निदेशालय को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। अस्पताल और निदेशालय की रस्साकशी के बीच सिटी स्कैन मशीन की मरम्मत का मामला फंस गया है। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि देहरादून से आदेश मिलते ही मशीन को ठीक करा दिया जाएगा।

अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं अस्पताल प्रशासन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल (एसटीएच) के पास अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अब दोबारा से अतिक्रमण होना शुरू हो गया है। नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के बाद कहा था कि अब अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारी होगी, लेकिन अस्पताल प्रशासन के रवैये को देखकर लग रहा है कि वह अपने ऊपर कोई जिम्मेदारी नहीं रखना चाहता है।

पिछले सप्ताह नगर निगम और प्रशासन की टीम ने एसटीएच के आसपास की जगह को पूरी तरह से अतिक्रमण से मुक्त कराया था। उसके बाद अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि अस्पताल के पास अतिक्रमण न होने दिया जाए। शुरुआत में जब फिर से अतिक्रमण होना शुरू हुआ तो अस्पताल प्रशासन ने कहा था कि वह सुरक्षाकर्मियों से अतिक्रमण करने वालों को हटने के लिए कह रहे हैं। साथ ही जो लोग नहीं हट रहे हैं या फिर बदतमीजी कर रहे हैं, उनकी सूची बनाकर पुलिस से शिकायत की जायेगी। लेकिन अभी तक एसटीएच प्रशासन ने पुलिस को कोई सूची उपलब्ध नहीं कराई है। इससे साफ होता है कि अस्पताल प्रशासन स्वयं ही अतिक्रमण करने वालों के आगे नतमस्तक है। अस्पताल प्रशासन अतिक्रमण होने पर जब समस्या ज्यादा बढ़ जाती है तो नगर निगम के पाले में गेंद फेंक देता है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि अतिक्रमणकारियों से लगातार हटने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि पुलिस कार्रवाई की बात को वह टाल गए।

जिले में गरीबों के नहीं बनेंगे नए राशन कार्ड

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला खाद्य व पूर्ति विभाग का लक्ष्य पूरा होने के कारण गरीबों के नए राशन कार्ड नहीं बनेंगे। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद राज्य खाद्य योजना के तहत नए कार्ड बनाए जा सकते हैं।

केंद्र सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जिले में प्राथमिक परिवार श्रेणी (सफेद), अंत्योदय कार्ड (लाल) का लक्ष्य पूरा होने के बाद नए राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। साथ ही यूनिटें भी नहीं चढ़ाई जा रही हैं। जिले में वर्तमान में अंत्योदय कार्ड (लाल) धारकों की कुल संख्या 17834 है, लेकिन 300 लोग अभी भी नए राशन कार्ड बनने का इंतजार कर रहे हैं। नए कार्ड नहीं बनने से लोग आयुष्मान योजना जैसी अन्य योजनाओं का लाभ भी नहीं ले पा रहे हैं। इसी तरह प्राथमिक परिवार श्रेणी (सफेद) के कार्डों धारकों की संख्या 115024 है, जिसमें 503778 यूनिट हैं, लेकिन 5000 यूनिट वेटिंग में हैं। अधिकारियों का कहना है कि अन्य कार्डधारकों के परिवार में किसी का नाम हटने के बाद ही वेटिंग यूनिटों का नंबर आएगा। विभाग की एआरओ दिव्या पांडे ने बताया कि प्राथमिक परिवार और अंत्योदय परिवारों के राशन कार्डों की संख्या केंद्र सरकार ने निर्धारित की है। इससे अधिक राशन कार्ड नहीं बनाए जा सके हैं, लेकिन राज्य खाद्य योजना के तहत पांच लाख से कम सालाना आय वाले परिवारों का पीला राशन कार्ड आचार संहिता समाप्त होने के बाद बनाए जाएंगे।

35 साल पुराने सिलेंडरों से हो रही गैस आपूर्ति

व्यवस्था

- वर्ष 1990-91 के सिलेंडर अभी भी लाये जा रहे प्रयोग में
- नए सिलेंडरों की 10 और पुराने की पांच साल में होती है जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : घरेलू गैस सिलेंडरों के पुराने होने पर इनकी नियमित जांच तो होती है, मगर इनकी एक्सपायरी का कोई मानक नहीं है। 35 साल पुराने सिलेंडरों से अभी भी गैस सप्लाई की जा रही है।

इंडियन ऑयल के सेल्स अधिकारी रजत वशिष्ठ ने बताया कि वर्ष 1990-91 में निर्मित गैस सिलेंडर जांच में खरे उतरने पर अभी भी प्रयोग में आये जा रहे हैं।

नए सिलेंडरों की जांच 10 साल में और पुराने सिलेंडरों की जांच 5 साल में की जाती है। जांच प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होती है। पहले चरण में सिलेंडर में पानी भरकर 25 बार (ईकाई) का दबाव दिया जाता है। इसमें सफल होने पर दूसरे चरण में सिलेंडर में हवा भरी जाती है और 12.5 बार का दवाब दिया जाता है। दोनों चरणों में सफल होने वाले सिलेंडरों को फिर से प्रयोग में लाया जाता है। इन्हें फिर से पेंट कर व उन पर जांच व समाप्ति की तारीख डाली जाती है। असफल होने वाले सिलेंडरों को अलग कर दिया जाता है, जिसका फिर किसी भी रूप में उपयोग नहीं होता है। इसके अलावा गहरे गड्ढे पड़ने, ज्यादा घिसने व जंग लगने वाले सिलेंडरों भी उपयोग में नहीं लाए जाते हैं।

इधर, कंपोजिट सिलेंडर का चलन बढ़ने लगा है। यह स्टील सिलेंडर की तुलना में आकर्षण, हल्के, जंग मुक्त व विस्फोट रोधी होते हैं, इसलिए लोग इन्हें ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इनका कुल वजन 16 किलो, जिसमें 10 किलो गैस होती है। स्टील सिलेंडर का भार 30 किलो, जिसमें 14 किलो गैस होती है। कंपोजिट सिलेंडरों के लिए तीन हजार रुपये की सिक्योरिटी डिपॉजिट देनी होती है, जो रिफंडेबल होती है। अधिकारियों ने बताया कि लोग स्टील सिलेंडर को बदलकर अब कंपोजिट सिलेंडरों की मांग कर रहे हैं।

ऐसे पता लगाएं सिलेंडर की वैधता

हल्द्वानी : सिलेंडर में एक नंबर लिखा होता है जो प्रत्येक सिलेंडर के ऊपरी हिस्से यानी रेगुलेटर लगाने वाली जगह के पास होता है। यह कोड ए, बी, सी, डी से शुरू होता है। इस कोड में ए, बी, सी और डी को तीन-तीन महीनों के क्रम में बांटा गया है। 'ए' का मतलब है जनवरी, फरवरी और मार्च। इसी तरह 'बी' का मतलब है अप्रैल, मई और जून। 'सी' का मतलब जुलाई, अगस्त, सितंबर होता है औ 'डी' का मतलब अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर है। अब अगर आपके सिलेंडर पर ए-25 लिखा है तो इसका मतलब है कि आपका सिलेंडर वर्ष 2025 में जनवरी से मार्च के बीच एक्सपायर हो जाएगा। वहीं अगर डी-29 लिखा है तो इसका मतलब है कि सिलेंडर साल 2029 में अक्टूबर से दिसंबर के बीच एक्सपायर होगा। इस तरह आप भी अपने सिलेंडर पर लिखी एक्सपायरी डेट जान सकते हैं।

श्वान में बढ़ रहा टिक फीवर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : श्वान में इन दिनों टिक फीवर बढ़ रहा है, जो जानलेवा भी साबित हो सकता है। ऐसे में पशु प्रेमियों को अपने श्वान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

शहर में श्वान, बिल्ली आदि पालतू जानवर पालने का शौक पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। इन दिनों श्वान में टिक फीवर की समस्या बढ़ रही है। पशु अस्पतालों में रोजाना कई मामले सामने आ रहे हैं। टिक्स एक तरह के कीड़े होते हैं, इनके काटने से श्वान को जानलेवा फीवर हो जाता है। यह परजीवी श्वान के खून में प्रवेश कर उन्हें संक्रमित करते हैं। अधिकतर मामलों में एक सप्ताह में ही टिक फीवर के लक्षण दिखने लगते हैं। यह संक्रमण रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिसकी वजह से कई समस्याएं हो सकती हैं। एनिमिया, प्लेटलेट्स का तेजी से गिरना और हिमोग्लोबिन कम इसे प्रमुख लक्षण हैं। श्वान में सुस्ती, भूख न लगना, बुखार आना आदि टिक संक्रमण के शुरुआती लक्षण हैं। लक्षण दिखते ही श्वान को पशु चिकित्सक को दिखाना चाहिए। खून की जांच के बाद इस बीमारी की पुष्टि की जाती है। इसके इलाज में तकरीबन 3 से 4 सप्ताह लगते हैं।



बोले पशु चिकित्सक

> गर्मियों में श्वान में टिक फीवर के लक्षण दिखाई देते हैं। यह जानलेवा भी हो सकता है, इसलिए नियमित श्वान की देखभाल व साफ सफाई करनी चाहिए। **- डॉ. अनुज अग्रवाल,** पशु चिकित्सक

नियमित करें श्वान के शरीर की जांच

टिक फीवर आमतौर पर गर्मी और बारिश के मौसम में ज्यादा होता है, इसलिए इस मौसम में प्रतिदिन अपने पालतू श्वान के शरीर की जांच करनी चाहिए। साथ ही उनकी नियमित तौर पर साफ-सफाई करनी चाहिए। श्वान के शरीर से टिक्स हटाने के लिए बाजार में अनेक प्रकार के स्प्रे, साबुन व शैंपू मौजूद हैं। श्वान को प्रोटीन युक्त भोजना देना चाहिए, जिससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे।

मतगणना से पूर्व ईवीएम की सील चेक करें अभिकर्ता

हल्द्वानी, अमृत विचार : भाजपा ने लोकसभा मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोमवार को मतगणना के लिए लगाए गए अभिकर्ताओं को मतगणना की बारीकियां समझाई गईं।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि जनपद की छह विधानसभा सीटों के लिए 96 अभिकर्ता नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक सीट पर 16-16 अभिकर्ता मौजूद रहेंगे। अभिकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मतगणना से पूर्व ईवीएम की सील चेक करनी है। शुरू से लेकर अंत तक संयम व अनुशासन के साथ बैठना है। सभी अभिकर्ता लगभग सुबह 6 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। 7 बजे तक मतगणना स्थल पहुंचेंगे और परिणाम घोषित होने के बाद ही आएंगे।

पदोन्नति में 25 प्रतिशत तक कोटा निर्धारित करें

संवाददाता, हल्द्वानी

मांग

- राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने निदेशक को भेजा पत्र
- लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करने की मांग

अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षकों ने उप शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार पहले की तरह ब्लॉक के सबसे वरिष्ठ प्रधानाध्यापक को देने तथा इन पदों पर पदोन्नति में 25 प्रतिशत कोटा निर्धारित करने की मांग उठाई है।

शिक्षकों ने कहा कि वार्षिक गोपनीय आख्या (एसीआर) में गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप को निरस्त कर पहले की तरह विभागीय अधिकारियों के माध्यम से एसीआर भरी जानी चाहिए। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने प्राथमिक शिक्षा की निदेशक वंदना गर्ब्याल को भेजे पत्र में कहा कि लंबे समय से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। इसके विपरीत असंवैधानिक आदेश पारित कर दिए गए हैं, जिसका संगठन विरोध करता है। संगठन के जिला मंत्री डीएस पडियार, जिला कोषाध्यक्ष एमएमएस बिष्ट व मनोज तिवारी ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

व्यवसाय प्रचंड गर्मी से बढ़ी एसी की खरीदारी, खाली हाथ लौट रहे ग्राहक, 90 प्रतिशत तक एसी कंपनियों का स्टॉक हुआ खत्म

बाजार में एसी के लिए एक सप्ताह की एडवांस बुकिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : इस बार गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखा रही है। ऐसे में बाजार में एसी की खरीदारी काफी बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों से ग्राहक खाली हाथ लौट रहे हैं। दुकानदारों के पास एसी की 300 प्रतिशत तक मांग बढ़ गई है। दुकानों में 90 प्रतिशत कंपनियों का स्टॉक खत्म हो गया है।

मुखानी स्थित अतुल इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी ने बताया कि भीषण गर्मी में एसी की खपत बढ़ गई है। कंपनियों से माल नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्राहकों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। लोगों को अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार एसी नहीं मिल पा रहे हैं। अधिकांश बड़ी और विश्वसनीय कंपनियों के एसी स्टॉक में नहीं हैं। ग्राहकों को एसी देने के लिए प्रतीक्षा में रखा जा रहा है। करीब 3 से 7 दिन की प्रतीक्षा का समय दिया जा रहा है। उनसे एडवांस में रुपये तक जमा कराये जा रहे हैं। एसी की खरीदारी करते समय ग्राहक बिजली खपत के खर्चे को भी ध्यान में रख रहे हैं। अधिकांश ग्राहक 1.5 टन क्षमता और तीन सितारा इन्वर्टर एसी की मांग कर रहे हैं।

लेकिन दुकान में उपलब्ध न होने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि तीन सितारा एसी में बिजली की खपत कम होती है। इसकी कीमत भी अन्य एसी के मुकाबले कम है। डबल इन्वर्टर एसी खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या भी अधिक है। बाजार में उपलब्ध एसी में 20, 40 और 60 फीसदी बिजली के खर्च में कमी का दावा किया जा रहा है। बाजार में 28 हजार से 55 हजार रुपये तक के एसी उपलब्ध हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में रखे एसी, फ्रिज और कूलर। ● अमृत विचार

एसी नहीं होने पर कूलर से कर रहे हैं समझौता

कई ग्राहक एसी न मिल पाने की वजह से कूलर को विकल्प के रूप में खरीद रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण लोग इंतजार नहीं करना चाहते हैं, जिससे मजबूरी में कूलर खरीदकर काम चला रहे हैं। कूलर की मांग भी काफी बढ़ गई है। बाजार में इस समय टावर कूलर की मांग अधिक है। इसमें ब्लोअर भी रहता है, जिससे हवा एक प्रवाह के साथ बहुत दूर तक जाती है और पूरा कमरा ठंडा रहता है। बाजार में साढ़े 8 हजार से 22 हजार रुपये तक के कूलर उपलब्ध हैं।

मार्च से जून माह तक रहता है सीजन

एसी, कूलर और गर्मी से संबंधित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की बिक्री का सीजन मार्च से 20 जून तक रहता है। इस सीजन में शहर में 20 से 25 हजार एसी और 10 से 15 हजार कूलर बिकने का अनुमान है। कई दिनों से मांग के अनुसार इन उत्पादों की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की तैयारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए विभाग दो बिजली घरों के ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने जा रहा है। काठगोदाम और कमलुवागांजा के बिजली घरों में सबसे अधिक दिक्कत बनी हुई है। विभाग ने इन दोनों बिजली घरों में अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

बिजली विभाग कमलुवागांजा और काठगोदाम में 12.5 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी कर रहा है। इससे कमलुवागांजा 220 केवी के बिजली घर और काठगोदाम हाइडिल में 132 केवी बिजली घर में बढ़ रहे लोड से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ईई डीडी पांगती ने बताया कि कमलुवागांजा में तीसरा पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से पैनल लगाने का कार्य चल रहा है।

सार-संक्षेप

स्वास्थ्य शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

शिविर में 205 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हल्द्वानी : पंगोट के ग्राम बगड़ में तिवारी मैटरनिटी सेंटर की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। रविवार को बगड़ गांव में श्री सौंण बूबू भुमिया मन्दिर में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान तिवारी मैटरनिटी सेंटर (जयश्री अस्पताल) ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में डॉ. मोहन तिवारी, डॉ. जयश्री तिवारी, डॉ. पीसी फुलोरिया और डॉ. प्रदीप पंत ने 205 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में अस्पताल के सीईओ बिपिन त्रिपाठी, ललित त्रिपाठी, मनोज उपाध्याय, पंकज पंत, शुभम भट्ट, दीप जोशी, रवि पंत, रवीना, भावना सामंत, नीरज, दीपक एवं जितेन्द्र के अलावा ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

ट्रांसफार्मर न बदलने से छाई लो वोल्टेज की समस्या

हल्द्वानी : भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिसके चलते बिजली विभाग के खिलाफ लोगों में रोष पनप रहा है। सोमवार को हीरानगर स्थित ग्रामीण विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचकर बमौरी मल्ली के लोगों ने अधिशासी अभियंता डीडी पांगती को शिकायती पत्र दिया। बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के चलते क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या छाई हुई है। इसके चलते घरों में लगे बिजली के उपकरण भी नहीं चल पा रहे हैं। निवर्तमान पार्षद गीता बल्यूटिया ने कहा कि पूर्व में भी ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया था, इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

बरसात में वाहन चालक दिशा-निर्देशों का करें पालन

हल्द्वानी : पर्वतीय मार्गों पर बरसात के दौरान वाहनों के सुरक्षित संचालन के लिए वाहन चालकों को सतकर्ता बरतने के निर्देश दिए गये हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने हल्द्वानी संभाग के समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में चारधाम यात्रा और कुमाऊं में पर्यटन सीजन होने से श्रद्धालु और पर्यटक आवागमन कर रहे हैं। कुछ दिनों के बाद बरसात शुरू हो जाएगी, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन में दिक्कतें होंगी। उन्होंने बरसात के दौरान वाहन में हेड-लाइट, टेल लाइट, डिप्पर और वाइपर सही तरीके से उपयोग करने, वाहन धीमी गति से चलाने और एक सुरक्षित दूरी बनाकर वाहन चलाने के निर्देश दिये।

पदक के साथ वुशू स्टेट चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

वुशू स्टेट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते पदक

हल्द्वानी : वुशू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अगुवाई में 1 व 2 जून को 13वीं उत्तराखंड वुशू स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन देहरादून के मल्टी परपज हॉल में हुआ। इसमें बालिका वर्ग में करुणा लखेरा, उन्नति बिष्ट, दीपिका आर्य, रिनिशा लोहनी, सानिया मेहता ने स्वर्ण पदक, प्रियांशी शाह ने रजत और गायत्री राजपूत, यशिका बिष्ट ने कांस्य पदक जीता। वहीं बालक वर्ग में प्रिंस लखेरा, आर्यन टम्टा, पारस रौतेला ने स्वर्ण पदक, आदर्श शर्मा ने कांस्य पदक हासिल किया। जय दुर्गा मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रशिक्षक विनोद लखेरा ने बताया कि सभी स्वर्ण पदक विजेता वुशू राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतेगा : भगत

हल्द्वानी : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन मंगलवार को होने वाली मतगणना के बाद 400 से अधिक सीटों पर विजय दर्ज करेगा। भगत ने कहा कि राज्य की पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा शानदार जीत दर्ज करने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश भर में आदर्श मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण कानून की वजह से जनता ने भाजपा के पक्ष मे मतदान किया है। उन्होंने कहा कि नैनीताल संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट भारी अंतर से जीत दर्ज करेंगे, इसमें कालाढूंगी विस सीट के मतदाताओं की भी अहम भूमिका है। विधायक बंशीधर भगत एवं कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से इस सीट पर प्रत्याशी 45 हजार से अधिक मतों की बढ़त हासिल करेंगे।

छह घंटे देरी से पहुंची गरीब रथ एक्सप्रेस

हल्द्वानी : जम्मू तवी से काठगोदाम को चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस सोमवार को अपने निर्धारित समय से करीब 6 घंटे देरी से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची। आम तौर पर गरीब रथ एक्सप्रेस रविवार को जम्मू तवी स्टेशन से रात 11.20 बजे चलकर सोमवार को दोपहर 1.35 बजे काठगोदाम पहुंचती है, लेकिन रेलवे कारणों के चलते ट्रेन जम्मू से पांच घंटे देरी से रवाना की गई। इस कारण ट्रेन शाम करीब 7.35 बजे काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को कुछ घंटे देरी से रवाना किया गया।

भीमताल में होगा पांच दिवसीय कराटे शिविर

हल्द्वानी : कराटे फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कंट्री डायरेक्टर सियान बसंत कुमार सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय राष्ट्रीय शिविर का आयोजन भीमताल में किया जाएगा। इसमें देश के अलग-अलग स्थानों से करीब 85 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे और बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट के लिए में सम्मलित होंगे। बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट लेने के लिए कजाकिस्तान और रशिया के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी मौजूद होंगे। इस मौके पर रूपेंद्र नागर, हरीश पांडेय, विक्की राज शर्मा, देवेंद्र पाल सिंह, हर्षित श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

पाल कॉलेज में पत्रकारों से वार्ता करते सलाहकार केके पांडे व अन्य। ● अमृत विचार

छात्राओं को मिलेगी निशुल्क डिजिटल मार्केटिंग की शिक्षा

हल्द्वानी : पाल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने अपने पाठ्यक्रम में डिजिटल मार्केटिंग की शुरुआत की है। सोमवार को कॉलेज में हुई प्रेस वार्ता में सलाहकार केके पांडे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज अमृता फाउंडेशन के सहयोग से छात्राओं को निशुल्क डिजिटल मार्केटिंक की शिक्षा देगा। कॉलेज ने पुणे स्थित सिंबायोसिस कॉलेज से एमबीए को पत्राचार के माध्यम से शुरू करने के लिए एमओयू में हस्ताक्षर किया है। कॉलेज में सोमवार से 8 जून तक फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्राध्यापक अपने कार्यक्रमों को ऑलनाइन या ऑफलाइन प्रस्तुत करेंगे। कॉलेज ने वर्तमान में विभिन्न कंपनियों से 20 एमओयू हस्ताक्षर किये हैं। पांडे ने बताया कि कॉलेज का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कौशलपूर्ण, व्यावहारिक व रोजगारपरक शिक्षा देना है।

किसके सिर सजेगा सांसद का ताज, फैसला होगा आज

सुबह 8 बजे से शुरू होगी पोस्टल बैलेट की मतगणना, आधे घंटे बाद शुरू होगी ईवीएम में बंद वोटों की गणना

संवाददाता, रुद्रपुर

40 टेबल में ईटीपीबीएस की स्कैनिंग होगी 34 में पोस्टल बैलेट की गणना होगी

100 मीटर मतगणना स्थल की परिधि से बाहर रहेंगे सभी लोग

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना आज होगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। मतगणना सुबह आठ बजे से होगी। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की मतगणना शुरू हो जाएगी। इसके आधे घंटे बाद ईवीएम में बंद वोटों की गणना होगी। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, मतगणना प्रेक्षक सुरेंद्र सिंह, राजेश प्रजापति और एसएसपी मंजूनाथ टीसी की मौजूदगी में प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ मतगणना बैठक की।

सोमवार को जिला सभागार में बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों को बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर मतगणना की जाएगी। 40 टेबल में ईटीपीबीएस की स्कैनिंग होगी और 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की मतगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने ऐजेंट टेबलवार तैनात करें। सभी प्रत्याशियों द्वारा एजेंटों की तैनाती सूची उपलब्ध कर दी है। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी अपने एजेंटों को निर्धारित समय सुबह साढ़े 6 बजे मतगणना केंद्र बगवाड़ा में अनिवार्य रूप से भेजें।

उन्होंने कहा कि जो एजेंट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जाएंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे। अनावश्यक इधर-उधर कतई नहीं जाएंगे। मतगणना स्थल बगवाड़ा मंडी में मतगणना संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में पार्किंग, पेयजल व्यवस्था व चिकित्सा स्टॉल की व्यवस्था भी की गई है। प्रत्याशियों के तैनात एजेंट व मतगणना कार्मिक, सुरक्षा बल ही मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे। बाकी सभी मतगणना स्थल के 100 मीटर परिधि से बाहर रहेंगे। मतगणना स्थल व मतगणना स्थल के बाहर पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ ही मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी एजेंटों के लिए पार्किंग स्थल मंडी गेट के बगल पश्चिम में निर्धारित है और मतगणना कार्मिकों के लिए राधा स्वामी सत्संग स्थल में निर्धारित किया गया है।

मतगणना को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

ये लोग रहे मौजूद

सीडीओ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, जिला उप निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी, प्रत्याशी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी सुरेंद्र सिंह, प्रत्याशी भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी जेसी उप्रेती, प्रत्याशी प्रतिनिधि कांग्रेस, संजय किरौला, सौरभ चिलाना, भाजपा गजेंद्र प्रजापति, विपिन सिंह आदि मौजूद थे।

मतगणना पर सीसीटीवी की रहेगी निगरानी

रुद्रपुर : जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना कक्ष में मोबाइल पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। इसलिए मतगणना एजेंट अपना मोबाइल घर पर ही रखकर आएं या एंट्री गेट पर ही मोबाइल जमा काउंटर बनाया गया है वहां पर जमा कराना होगा। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र में केवल तैनात किये गये एजेंट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे। मतगणना सीसीटीवी की निगरानी में होगी और वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी। सुरक्षा के पूरे इंतजाम कर लिए गए हैं।

दूसरे रेंडमाइजेशन के लिए बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

तृतीय रेंडमाइजेशन के बाद आवंटित की जाएंगी टेबल

संवाददाता, रुद्रपुर

तैयारी

- दूसरे रेंडमाइजेशन के बाद कार्मिकों को विधानसभा आवंटित

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष व पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए मतगणना कार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, प्रेक्षक सुरेंद्र सिंह व राजेश प्रजापति की उपस्थिति में किया गया। इसके बाद कार्मिकों को विधानसभा आवंटित की गई। मंगलवार को सुबह 5 बजे से तृतीय रेंडमाइजेशन शुरू होगा। इसके बाद कार्मिकों को मतगणना टेबल आवंटित होगी।

सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना विधानसभावार 14-14 टेबल में की जाएगी और पोस्टल मतों की गणना 34 टेबलों में व ईटीपीबीएस की स्कैनिंग 40 टेबल में होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल कार्मिक मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, गौरव पांडे, राकेश तिवारी, गौरव चटवाल, डॉ. अमृता शर्मा, अभय प्रताप सिंह, रविंद्र जुवांठा, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद थे।

तीन सुरक्षा चक्र बनाए, पैरामिलिट्री व पीएसी तैनात

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा चुनाव परिणाम की मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली है। जहां मतगणना स्थल में भारी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। वहीं तीन सुरक्षा चक्र में बगवाड़ा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम को रखा गया है। वहीं तीन सुपर जोन भी बनाए गए हैं। इसमें तीन एसपी सिटी सहित सैकड़ों पैरामिलिट्री, पीएसी व पुलिस के जवानों की तैनाती रहेगी।

चार जून यानी मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपनी सारी तैयारी पूर्ण कर ली है। इसके लिए बिगवाड़ा मंडी स्थित मतगणना स्थल की बाहरी सुरक्षा का जिम्मा पुलिस, पीएसी व होमगार्ड के जवानों को सौंपी गई है। इसके अलावा दूसरे चक्र की सुरक्षा का जिम्मा पीएसी के सशस्त्र बल को दिया गया है। साथ ही तीसरे सुरक्षा चक्र की जिम्मेदारी केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों को सौंपी गई है। पैरामिलिट्री सशस्त्र जवानों की देखरेख में ईवीएम, बैलेट पेपर को लाया और खोला जाएगा। इसके लिए 700 से अधिक पीएसी व पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। पैरामिलिट्री को हमेशा चौकसी बरतने का आदेश भी दिया गया है। इसके अलावा तीन सुपर जोन बनाए गए हैं। इसमें मतगणना सुपर जोन के नोडल अधिकारी एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और बाह्य सुपर जोन के नोडल अधिकारी व एसपी सिटी काशीपुर अभय प्रताप सिंह को बनाया गया है। वहीं पूरे मतगणना स्थल का नोडल प्रभारी एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके को नियुक्त किया गया। एसएसपी ने आदेश दिया है कि बिना अनुमति और पास के बिना किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा की मतगणना मंगलवार सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। इसको ध्यान में रखते ही पैरामिलिट्री, पीएसी, पुलिस व होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोटों की गिनती प्रारंभ होगी। इसके अलावा मतगणना के आसपास कोई भी व्यवस्था भंग करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि जिले में धारा 144 प्रभावी रहेगी। **-मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

बंद रहेंगी शराब की सभी दुकानें

रुद्रपुर : जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार 4 जून की सुबह से जिले भर की सभी सरकारी शराब की दुकानें, बीयर बार चौबीस घंटे तक बंद रहेंगे। इसके अलावा शराब की अवैध बिक्री भी करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में टीमें बना दी गई हैं।

जिले में चौबीस घंटे तक लागू रहेगी धारा 144

रुद्रपुर : लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने तक नैनीताल व ऊधमसिंह नगर जनपद में चौबीस घंटे तक धारा 144 को प्रभावी रखा जाएगा। प्रेस वार्ता में डीएम व एसएसपी ने बताया कि चूंकि चुनाव के परिणाम शाम तक ही घोषित होंगे तो ऐसे में जिले में किसी भी प्रकार की अराजकता पैदा नहीं हो। इसके लिए चौबीस घंटे तक धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर शांति व्यवस्था को भंग करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

भारी वाहनों का रहेगा प्रवेश वर्जित, रूट हुआ डायवर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

- सुबह पांच बजे से मतगणना समाप्ति तक रूट रहेगा डायवर्ट
- आवश्यक सेवाओं की आवाजाही सुचारू रूप से रहेगी जारी

अमृत विचार: सामान्य लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर यातायात पुलिस ने जिले के कई थानों में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सुबह पांच बजे से मतगणना समाप्ति तक यातायात रूट डायवर्ट जारी रहेगा।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मतगणना के दौरान एसएच हॉस्पिटल कोतवाली सितारगंज, थाना पुलभट्टा, दरऊ चौक, लालपुर, किच्छा, बगवाड़ा मंडी, कीरतपुर मोड़ रुद्रपुर, कोतवाली के रामपुर बॉर्डर, थाना दिनेशपुर के जाफरपुर मोड़, महतोष मोड़, थाना गदरपुर के मोतियापुर मोड, स्वार बॉर्डर दोराहा, थाना बाजपुर के बरहैनी लोहिया पुल, पैगा, प्रतापपुर चौकी, काशीपुर कोतवाली का सूर्या बॉर्डर, थाना कुंडा का धर्मपुर बॉर्डर, जसपुर का नादेही बॉर्डर से भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा रामपुर से आने वाले भारी वाहन जिन्हें हल्द्वानी, सिडकुल जाना होगा। वह नो एंट्री का पालन करते हुए रात्रि 11 बजे से सुबह 7 बजे ही आवाजाही कर सकते हैं। इसके अलावा कोतवाली रुद्रपुर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। साथ ही दूध, गैस, फल, सब्जी और पेट्रोलियम पदार्थ एवं यात्री वाहन की आवाजाही सुचारू रहेगी।

खटीमा में प्रेस वार्ता करते मसीह शांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष। ● अमृत विचार

मसीह समाज पर किया सभी पार्टियों ने अत्याचार : मैक्स

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मसीह शांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रमेश कुमार मैक्स ने कहा कि वर्तमान सरकार में बेतहाशा बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार तथा स्वास्थ्य और शिक्षा की बदहाल स्थिति से जनता त्रस्त है। जबकि मसीह समाज सभी वर्गों को एजुकेशन और हेल्थ के मामले में बेहतर सेवाएं दे रहा है।

पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि ईसाई समाज पर होने वाले अत्याचार के मामले में कोई भी पार्टी साथ नहीं देती है। वर्ष 2011 में कब्रिस्तान की मांग का आवेदन दिया गया था जिसपर आजतक कब्रिस्तान के नाम पर एक इंच भी जगह नहीं दी गई है।

उन्होंने मसीह समाज के लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने, डराने, धमकाने और जेल भेजने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंचायत और नगर निकाय चुनाव में मसीह समाज के लोग अपना प्रत्याशी उतारेंगे।

इस अवसर पर रामपाल, अरविंद कुमार, गोविंद कुमार, कृष्ण आदि मौजूद रहे।

अभिकर्ताओं से सतर्कता बरतने का आह्वान

04 जून को होने वाली मतगणना में जाने वाले अभिकर्ताओं से विचार-विमर्श किया

बाजपुर में चीनी मिल अतिथि गृह में आयोजित बैठक में शिरकत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: भाजपा के विधानसभा प्रभारी श्रीराम मल्होत्रा ने मतणगना में अभिकर्ता के रूप में जाने वाले कार्यकर्ताओं की बैठक ली और मतणगना होने तक पूरी सतर्कता बरतने की बात कही।

सोमवार को सहकारी चीनी मिल अतिथि गृह में बैठक लेने पहुंचे विधानसभा प्रभारी राम मल्होत्रा एवं विधानसभा संयोजक राजेश कुमार ने 45 दिन चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना में जाने वाले अभिकर्ताओं से विचार-विमर्श किया।

बैठक में राम मल्होत्रा ने कहा कि कार्यकर्ता समय से मतगणना स्थल पर पहुंचे एवं मतगणना जब तब चले अलर्ट रहें। राजेश ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी, साथ ही समय पर रुद्रपुर बगवाड़ा में काउंटिंग एजेंट के रूप में पहुंचने के लिए कहा। इस मौके पर विधानसभा सह संयोजक कमलेश कुमार, जिला मंत्री विकास गुप्ता, यशपाल राजहंस, अमित चौहान, महेश राठौर, राजेश सैनी, गुरमुख सिंह, कश्मीर सिंह, कुंदन सिंह, बिट्टू डब, गणेश यादव, रीतेश शर्मा, सत्यम, प्रिंस, युवराज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सतर्कता | डीआईजी कुमाऊं ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

ईवीएम सुरक्षा के लिए सजग रहें अधिकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार। डीआईजी कुमाऊं रेंज ने स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक योगेंद्र रावत ने ईवीएम की सुरक्षा के लिए बगवाड़ा मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतगणना की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ईवीएम सुरक्षा ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारी और कर्मियों को सजग रहने का आदेश दिया। कहा कि सतर्कतापूर्वक अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे तथा स्ट्रांग रूम में किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं आने देंगे। इस मौके पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी क्राइम चंद्र शेखर घोड़के, सीओ निहारिका तोमर आदि मौजूद रहे।

मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीआईजी। ● अमृत विचार

बाजपुर, काशीपुर और जसपुर से तीन बसों में जाएंगे कर्मी

काशीपुर : मतगणना के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाजपुर, काशीपुर और जसपुर के कर्मियों को मतगणना में भेजने लिए तीन बसों को लगाया है। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि रुद्रपुर में नैनीताल लोकसभा चुनाव की मतगणना की जानी है। इसके लिए संबंधित विभागों ने तैयारियां कर ली है। उन्होंने बताया कि कर्मियों को रुद्रपुर पहुंचाने के लिए बाजपुर, जसपुर और काशीपुर में एक-एक बस की व्यवस्था की गई है।

दैनिक समाचार पत्र | कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

साइज	4x5 सेमी	600/- रु.
साइज	4x6 सेमी	720/- रु.
साइज	4x7 सेमी	840/- रु.

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523

नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333

रुद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222

किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) | श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) | योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण | स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321

अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488

काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

किच्छा : लालपुर क्षेत्र में किसी काम से गए व्यापारी की बाइक दुकान के बाहर से चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 13, कैनाल कॉलोनी, किच्छा निवासी सुनील मिगलानी ने बताया कि विगत एक जून की दोपहर वह अपनी स्प्लेंडर बाइक से लालपुर गया था। इस दौरान उसने लालपुर में आनंद किराना स्टोर के निकट बाइक लॉक लगाकर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब वह लौटा तब बाइक वहां से गायब थी। बाइक स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कच्ची शराब बेचता नशा तस्कर गिरफ्तार

किच्छा : चीता पुलिस टीम के कांस्टेबल भागवत परिहार की टीम गोकुल नगर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। मुखबिर ने बताया कि प्राग फॉर्म क्षेत्र में आरोपी द्वारा अवैध शराब बिक्री की जा रही है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम गडरिया बाग, नूरपुर, थाना किच्छा निवासी रघुवीर सिंह को कच्ची शराब बेचते रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखे 73 पाउच में रखी 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दो वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने वांछित चल रहे वारंटी खड़कपुर देवीपुरा निवासी मनोज कुमार व मोहल्ला श्यामपुरम निवासी राकेश गिरी को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

अंडरपास के लिए डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

दस गांवों को जोड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग पर सिग्नल लाइन बनाने का विरोध, मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रेलवे विभाग द्वारा दस गांवों को जोड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग पर सिग्नल लाइन बनाए जाने का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने डीएम से मुलाकात की और अंडरपास मार्ग बनाने का पत्र सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि ग्रामीणों की सुविधा को नजरअंदाज किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को वार्ड-29 के पार्षद मोहन खेड़ा के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि वार्ड-40 ओमेक्स कॉलोनी के समीप से रेलवे क्रॉसिंग जाती है। जिस पर रेलवे विभाग सिग्नल लाइन बिछाना चाहता है। जिससे ग्रामीणों ने विरोध भी किया था। बताया कि यदि क्रॉसिंग पर अंडरपास मार्ग बना दिया जाए तो हजारों ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

कारण यह मार्ग दस गांवों के लोगों की आवाजाही का एक मात्र साधन है और मुख्यालय व सिडकुल से बेहद नजदीक है। उन्होंने डीएम से अंडरपास मार्ग बनाने की पहल करने की मांग की है। इस अवसर पर रजनी गोलदार, किशन शर्मा, बॉबी सिंह, राजकुमार, शिव लाल, अर्जुन खाती, ललित कुमार, इंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास मार्ग बनाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी पर भड़का मुस्लिम संगठन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी करने और रिलीज होने वाली धार्मिक उन्माद फैलाने फिल्म के खिलाफ ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी ने ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि दोनों ही मामलों में समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और समाज में भारी आक्रोश है। उन्होंने फिल्म के रिलीज पर रोक लगाने व बेअदबी करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के लोग।

सोमवार को ओसी कलेक्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में कमेटी के लोगों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एक व्यक्ति सोशल मीडिया पर धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी कर रहा है। इसके अलावा हाल ही में एक प्रभावित करने वाली फिल्म हम दो, हमारे बारह रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म समाज की भावनाओं को आहत कर रही है। इसमें धार्मिक ग्रंथ के बारे में दुष्प्रचार किया गया और समाज की छवि को गलत ढंग से प्रसारित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके रिलीज होने के बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इस अवसर अशरफ रजा कादरी, मौलाना अब्दुल रहमान, मौलाना वसीम, हसीर अजहरी, मौलाना राशिद, आसिम अली, फैजान रजा, मो. वसीम, मो. गुफरान, साहिल कादरी, अरमान, अजीम रजा, फैसल रजा आदि मौजूद रहे।

तमंचे और चाकू के साथ दो बाइक सवार दबोचे

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस की टीम ने आपराधिक वारदात को अंजाम देने जा रहे बाइक सवार दो आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस तथा चाकू बरामद कर कब्जे में ले लिया।

लालपुर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह को सूचना मिली कि कई बाइक सवार युवक अवैध हथियार लेकर खमरिया रोड से लालपुर की तरफ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम तुरंत खमरिया रोड पर पहुंच गई। इस दौरान पुलिस टीम को देखकर बाइक सवार कई युवक पीछे मुड़कर वाहन सहित मौके से फरार हो गए। भागने के दौरान एक युवक गिरकर घायल हो गया। जबकि दूसरा युवक भाग गया। पुलिस टीम ने तुरंत पीछा कर एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता पहाड़गंज, कोतवाली रुद्रपुर निवासी अजीम बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया। इसी दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि मौके से फरार हुआ एक युवक निकट स्थित एक घर में छुपा हुआ है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दूसरे आरोपी को भी पकड़ लिया। पकड़े गए दूसरे आरोपी ने अपना नाम पता ग्राम भदईपुरा, कोतवाली रुद्रपुर निवासी सुमित कुमार बताया। सुमित की तलाशी के दौरान पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा तथा एक कारतूस बरामद कर लिया।

चाकू के साथ तीन धरे

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान तीन लोगों को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आईटीआई थाना पुलिस ने गश्त के दौरान चैती मैदान में अस्थायी मेला चौकी को जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध की तलाशी ली, तो उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जसपुर खुर्द निवासी सावेद मलिक बताया। आरोपी ने बताया कि वह नशे के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है तथा पूर्व में भी चोरी के केस में पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है। वहीं, पैगा चौकी ने भी फ्लाईओवर बांसखेड़ा पुल के पास बाइक सवार दो लोगों को पकड़कर उनके पास से एक-एक अवैध चाकू बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम लवजीत सिंह निवासी लक्ष्मीपुर व दूसरे ने अपना नाम अजय मनहारिया निवासी ढकिया नंबर 01 बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान करते हुए बरामद बिना नंबर की बाइक को सीज किया है।

ट्रांजिट कैंप में कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला

संवाददाता, रुद्रपुर

- पड़ोसी पर लगा आरोप, आजाद नगर है मामला
- महिला ने सौंपी तहरीर, शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति द्वारा कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। महिला ने पड़ोसी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर की रहने वाली रिंकू देवी ने बताया कि रविवार की दोपहर को उसका पालतू कुत्ता घर के बाहर खड़ा था कि उसका कुत्ता दूसरे कुत्ते को देख कर भौंकने लगा। आरोप था कि इसे देखकर पड़ोसी को गुस्सा आ गया और उसने कुत्ते को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। आरोप था कि जब उसके बेटे विक्रम ने पिटाई का विरोध किया तो आरोपी पड़ोसी ने जोर से पुनः कुत्ते के सिर पर डंडा मार दिया।

इससे पालतू कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। महिला ने घटना की सूचना थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद कुत्ते के शव को पशु चिकित्सालय भेज दिया। उधर, थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में दो युवक घायल

काशीपुर: सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। खड़कपुर देवीपुरा निवासी राजेश ने सोमवार को आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र राहुल और रिश्तेदार सुधीर घर से बाहर स्कूटी से गए हुए थे। रात 8:30 बजे वापस आते समय बाजपुर रोड स्थित साई पब्लिक स्कूल के सामने एक वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। इससे राहुल व उसके रिश्तेदार सुधीर के पैर फैक्चर हो गए। गंभीर अवस्था में उन्हें सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी हालात गंभीर देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि स्कूटी में राहुल के पास 70 हजार रुपये थे, जो उन्हें नहीं मिले। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मुडेली रेलवे गेट पर पीलीभीत से टनकपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से बिजली फिटिंग का काम करने वाले युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

धर्मेंद्र सिंह। (फाइल फोटो)

रघुलिया निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ सोनू (24) पुत्र सतनाम सिंह बिजली फिटिंग काम करता था। वह सोमवार को दोपहर दो बजे काम से मुडेली रेलवे फाटक संख्या 26 जा रहा था कि पीलीभीत से टनकपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर कौशल कुमार को दी। इस पर स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना रेलवे पुलिस और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस के एएसआई कृष्ण प्रताप सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धर्मेंद्र की मौत की सूचना मिलने पर उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता सतनाम सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र चार पुत्रों में सबसे छोटा था। सबसे बड़ा सुखदेव सिंह मजदूरी करता है जबकि कुलवंत सिंह गुजरात में ट्रक ड्राइवर तथा बलदेव सिंह खेतीबाड़ी करता है। उन्होंने बताया कि उसकी शादी नहीं हुई है। यह भी कहा कि वह दोपहर में खाना खाने नहीं आया तो उसे फोन किया तो फोन स्विच ऑफ था। कुछ देर बाद पुलिस ने फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

काशीपुर : काशीपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है। रविवार रात को मोहल्ला पक्काकोट निवासी 28 वर्षीय शिवचरण घर में अचेत अवस्था में पाया गया। उस समय उसके पिता बाहर किसी काम से गए हुए थे और पत्नी बच्चों सहित मायके गई हुई थी। कुछ देर बाद जब मृतक के पिता घर लौटे तो शिवचरण को जमीन पर अचेत अवस्था में पाया। इसके बाद आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। मृतक का बिसरा भी सुरक्षित रखवा दिया गया है। जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा।

चेक बाउंस में आरोपी को तीन माह की सजा

काशीपुर: चेक बाउंस के एक मामले में कोर्ट ने दोषी को तीन माह के कारावास और 2.40 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अनिल कुमार ने अपने अधिवक्ता पंकज सैनी के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि गांव लालपुर बक्सौरा निवासी लक्ष्मण और उसके पिता राम सिंह से उसने एक भूखंड का सौदा किया था। इसकी एवज में उसने विभिन्न तिथियों में 3.30 लाख रुपये पिता-पुत्र को दे दिए। बाद में उन्होंने सौदा निरस्त करते हुए उन्हें कुछ रकम लौटा दी। 20 अक्टूबर 2015 को लक्ष्मण ने बाकी रकम 1.90 लाख रुपये की राशि का चेक दे दिया। जो कि 24 दिसंबर 2015 को खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। कोर्ट ने आरोपी लक्ष्मण को तलब किया।

आढ़त में चोरी कर रहे दो युवकों को दबोचा

किच्छा: नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति में आढ़त से सामान चोरी कर फरार हो रहे दो युवकों को व्यापारियों ने पकड़ लिया। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस को दी शिकायत में नई अनाज मंडी किच्छा स्थित इंडियन फ्रूट कंपनी के स्वामी अलीम ने बताया कि दोपहर के समय आढ़त पर रखी 24 खाली क्रेट चुराकर मौके से फरार हो रहे दो युवकों को व्यापारियों की मदद से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। व्यापारी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम पता नई सुनहरी, थाना किच्छा निवासी करण कुमार एवं सूरज बताया।

सीडीओ ने लाभार्थियों की समस्याएं जानीं

जायजा

- गदरपुर की ग्राम पंचायत आनंदखेड़ा में विकास कार्यों का निरीक्षण किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने आकांक्षी विकासखंड गदरपुर की ग्राम पंचायत आनंदखेड़ा में विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभान्वित प्रवीण मंडल के आवास का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से कई जानकारियां लीं।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान लाभार्थी ने बताया कि आवास को पूर्ण कराने में विलंब किया जा रहा है। इस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी गदरपुर को भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ही आवास निर्मित कराने के निर्देश दिए। ग्राम आनंदखेड़ा में ओमपाल सिंह के खेत में लघु सिंचाई विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-2022 में स्थापित की गई सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया। यहां लीकेज पाया गया।

उन्होंने बीडीओ गदरपुर को निर्देश दिए गए कि अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई, ऊधमसिंह नगर से समन्वय स्थापित कर लीकेज को सही कराने एवं निर्मित परियोजना का उचित रख-रखाव करें। उन्होंने ग्रोथ सेंटरों को क्रियाशील कराने के साथ-साथ समूहों की महिलाओं की आजीविका संवर्धन के विभिन्न क्रियाकलाप को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए। साथ ही गूलरभोज जलाशय के पर्यटन स्थल होने के कारण स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पर्यटन व्यवसाय से संबंधित क्रियाकलापों में सम्मिलित कराने के भी निर्देश खंड विकास अधिकारी गदरपुर को दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, गदरपुर, क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

गदरपुर में लाभार्थियों से जानकारी लेते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

दहेज उत्पीड़न के मामलों में पति सहित 9 पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : दहेज के दो मामलों में कार की डिमांड पूरी न करने पर ससुरालियों ने विवाहिताओं का उत्पीड़न कर उन्हें घर से निकाल दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में पति समेत 9 लोगों के खिलाफ दहेज अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला थाना साबिक निवासी एक महिला ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ अफसर निवासी अफजलगढ़ जिला बिजनौर के साथ हुआ था। शादी के दो माह बाद पति व ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट करने लगे और दहेज में आर्टिका कार व 3 लाख रुपये की मांग करते हुए उत्पीड़न शुरू कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि पति ने तलाक देने की धमकी भी दी। इस बीच उसके भाई ने तीन लाख रुपये उधार लेकर पति को भी दिये। इसके बाद भी उसके पति व ससुरालियों को व्यवहार नहीं बदला। दहेज में कार की मांग करने लगे। महिला ने पति व ससुरालियों पर 45 दिन का गर्भ गिराने का आरोप लगाया। साथ ही महिला ने पति पर फोन पर ही तीन तलाक देने का आरोप भी लगाया। उधर एक अन्य मामले में सुभाष नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2023 में ग्राम मडैया निवासी संजीव कुमार के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद पति व ससुराली कम दहेज लाने का ताना देने लगे और दहेज में कार की मांग करते हुए उसका उत्पीड़न करने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि 9 फरवरी 2024 को उसके पति व ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने पतियों सहित नौ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पत्नी को दिया तीन तलाक, ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज

खटीमा, अमृत विचार : एक विवाहिता ने पति पर मायके में आकर मारपीट करने, दहेज में दो लाख रुपये मांगने और तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंचनपुरी पचपेड़ा निवासी जाबीन ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 12 मई 2022 को बड़ापुरा थाना अमरिया जिला पीलीभीत निवासी अरशद से मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। पीड़िता ने कहा है कि उसका पति 10 मार्च को उसके मायके आया और माता-पिता से दो लाख रुपये दिलाने को दबाव बनाने लगा। उसने जब असमर्थता जताई तो मारपीट की और तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर विवाह संबंध तोड़ दिया। शोर शराबा सुनकर लोगों के आ जाने पर गले से सोने की चेन छीनकर भाग गया। यह भी कहा है कि उसने चार मार्च को ही दूसरी शादी कर ली है। यह भी कहा है कि जब 11 मार्च को उसने ससुरालियों से संपर्क किया तो सास, ससुर, देवर ने उसे घर से धक्का मारकर निकल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।

विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

खटीमा : विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में पांच ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। श्रीपुर विछुवा निवासी किरण रावत ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसका एक सितंबर 2019 को सूरज चन्द के साथ विवाह हुआ है। शादी के बाद से ही उसका पति, ससुर और सास ने दहेज के लिए उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। पति सुरेश चंद, ससुर प्रेम चन्द, सास मीना चंद दहेज के लिए गाली गलौज और मारपीट करने लगे। 28 दिसंबर 2020 की रात्रि में उन्होंने बुरी तरह से मारपीट की। इस पर उसने वहां से भागकर 112 पर कॉल की और अगले दिन मेडिकल कराया। पीड़िता ने कहा है कि 24 जनवरी को वह अपनी मां के साथ कोर्ट आई तो उसके पति और सास ने उन्हें घेर लिया और तलाक देने और जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति, ससुर और सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।

विश्व पर्यावरण दिवस | पौधरोपण के बजाय बस्तियों में रहने वालों को किया जाएगा जागरूक

वन विभाग का आग की घटनाओं पर रहेगा फोकस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विगत दिनों कुमाऊं में कई क्षेत्रों में जंगलों में आग की घटनाओं के बाद वन विभाग इन घटनाओं पर नजर रखे हुए है। इस कारण विभाग ने इस बार 5 जून को सिर्फ जंगल की बस्तियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए बैठक करने का निर्णय लिया है। जबकि औपचारिकता के तौर पर कुछ पौधों को रोपण किया जाएगा।

तराई केंद्रीय वन प्रभाग के तहत सात रेंज शामिल हैं। इसमें रुद्रपुर रेंज, हल्द्वानी रेंज, बरहैनी रेंज, गदगदिया रेंज, भाखड़ा रेंज, टांडा रेंज और पीपल पड़ाव रेंज शामिल हैं।

विगत दिनों हल्द्वानी रेंज, गदगदिया रेंज और टांडा रेंज के जंगलों में आग लगने की कई घटनाएं घट चुकी हैं। इसके बाद से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आग लगने की घटनाओं को लेकर अलर्ट हो गये हैं।

तराई केंद्रीय वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि उनकी प्राथमिकता जंगलों को आग से बचाने की है। विश्व पर्यावरण दिवस पर इस बार जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। औपचारिकता के तौर पर कुछ पौधों को रोपण किया जाएगा। इसके अलावा बस्तियों में लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

5 जून को मनाएं सिर्फ पर्यावरण दिवस, पौधे मानसून के बाद लगाएं: डॉ. पंत

रुद्रपुर, अमृत विचार : पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी व पर्यावरणविद डॉ. आशुतोष पंत ने कहा कि विश्व के अलग-अलग हिस्सों में वर्षा का पैटर्न अलग-अलग रहता है। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस संभवतया यूरोप के मौसम के हिसाब से तय किया गया होगा। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई तिथि तय कर दी गई हो यह कोई जरूरी नहीं है कि हमें इस दिन पौधरोपण करना ही है। इसलिए 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाए पर पौधे मानसून आने के बाद ही लगाएं। पर्यावरणविद डॉ. पंत ने बताया कि देश में अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश का समय अलग है। उत्तर भारत में इस समय तापमान बहुत ज्यादा है। वहीं केरल में मानसून दस्तक देने को तैयार है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में अगर जून में पौधे लगाएंगे तो वह बच नहीं पाएंगे।

नदी में करंट आने से दुधारू भैंस की मौत

किच्छा: खेत में जानवरों से बचाव के लिए लगाई गई करंट की तारबाड़ से नदी में करंट प्रवाहित होने के चलते दुधारू भैंस की मौत हो गई। पीड़िता ने खेत स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को दी शिकायत में खुरपिया फार्म, चौकी लालपुर निवासी फूलमती देवी पत्नी प्रेम सागर ने बताया कि विगत दिवस रविवार को अपनी दुधारू भैंस को पानी पिलाने के लिए चंदन नगर देवरिया गई थी। इस दौरान जैसे ही भैंस ने पानी पीने के लिए नदी में मुंह डाला तो करंट लगने से उसकी मौत हो गई। खेत स्वामी सतीश ठुकराल द्वारा खेत में करंट लगाए जाने के चलते नदी के पानी में करंट प्रवाहित हो रहा था। मृत भैंस मुर्रा नस्ल की 8 माह की गर्भवती थी।

सार-संक्षेप

गांव कालिया वाला में किसानों को पोषक तत्वों का वितरण करते अधिकारी।

किसानों को जिंक, सल्फर व बोरेक्स बांटे

जसपुर : कृषि विभाग ने मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर जसपुर क्षेत्र के ग्राम कालिया वाला के किसानों को आवश्यक कृषि पोषक तत्व जिंक, सल्फर व बोरेक्स वितरित किए। पोषक तत्वों का वितरण कालिया वाला गुरुद्वारा में सहायक कृषि अधिकारी ओमपाल सिंह व मुकेश कुमार चौहान ने किया। इस मौके पर ज्ञानी कुलवीर सिंह, भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, गोविंद सिंह, गुरशरण सिंह, महेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, अवतार सिंह, शमशेर सिंह, हरपाल सिंह, हरबंस सिंह, राम सिंह, गुरमीत सिंह, दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।

जसपुर में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते बाबा नीब करौरी महाराज के अनुयायी।

कैंची धाम के स्थापना दिवस पर जसपुर में होगा कार्यक्रम

जसपुर : कैंची धाम आश्रम के 61वें स्थापना दिवस पर जसपुर में भी 15 जून को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर धर्मशाला मंदिर में नीब करौरी बाबा के अनुयायियों ने बैठक कर रूपरेखा तैयार की। निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम का आयोजन पिछले वर्ष की भांति इस बार भी सुभाष चौक पर ही किया जाएगा। प्रात : सुंदरकांड का पाठ होगा, तत्पश्चात प्रसाद व शरबत वितरण किया जाएगा। इस मौके पर विमल सिंह चौहान, अंकित गोला, माधव चौधरी, यशपाल शर्मा, केशव प्रजापति आशु, आदित्य चौहान, यक्षराज शर्मा, हृदेश चौहान, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

अस्पतालों में की अग्निशमन उपकरणों की जांच

अस्पताल में उपकरणों की जांच करते अग्निशमन अधिकारी।

काशीपुर : अग्निशमन विभाग की टीम ने काशीपुर क्षेत्र के 15 अस्पताल और नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अग्निशमन व्यवस्था को दुरुस्त रखने व फायर एग्जिट के पास सामान न रखने के निर्देश दिए। सोमवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी के आदेश अनुसार काशीपुर फायर स्टेशन के प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोविंद राम ने काशीपुर क्षेत्र के 15 अस्पताल व नर्सिंग होम के फायर रिस्क का निरीक्षण किया। साथ ही अग्निशमन व्यवस्था पूर्ण न होने पर लिखित नोटिस देकर अग्निशमन व्यवस्था पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही हिदायत दी कि व्यवस्था पूर्ण नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्यासी चिड़ियों के लिए प्याले बांटने वाले बच्चे सम्मानित

काशीपुर : प्यासी चिड़ियों के लिए घर-घर जाकर प्याले बांटने वाले बच्चों को भाजपा नेता खिलेंद्र चौधरी ने सम्मानित किया। इसके साथ ही सराहनीय कार्य के लिए बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। वहीं सहायक गन्ना आयुक्त निलेश कुमार ने बच्चों को ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया। सोमवार को बच्चों को सम्मानित करने के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में जब तापमान 42 डिग्री से अधिक है। ऐसे में प्यासे पक्षियों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी से पक्षियों के लिए गर्मी में पानी की व्यवस्था करने की अपील की। इस दौरान उमंग, सौम्या, भाविका, अद्विका, प्रेक्षा, ऐप्पी, गुन्नू, बेलू, लक्ष्य, एरिक, आयुषी मौजूद रहे।

बच्चों को सम्मानित करते भाजपा नेता व अन्य।

आज से शुरू होगी सिंचाई नहरों की सफाई

चोक हुई सिंचाई नहर को दिखाते भाजपा कार्यकर्ता।

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र में बहने वाली पांचों सिंचाई नहरों को सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता को मौके पर ले जाकर मुआयना कराया। उन्होंने इन नहरों को बरसात से पहले साफ करने को कहा। भाजपा जिला मंत्री किशोर जोशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता यशपाल सिंह से मिले और नगर क्षेत्र की चोक सिंचाई नहरों का निरीक्षण कराया। जेई सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि मंगलवार से ही इन नहरों की सफाई कर सिल्ट को अन्यत्र ले जाया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, हरेंद्र राणा, मनोज खड़ायत आदि मौजूद थे।

खटीमा के झनकईया में मुख्य मार्ग पर गिरा समिति का बोर्ड।

पेड़ की टहनी गिरने से घंटेभर यातायात ठप

खटीमा : झनकईया में शारदा नहर के पास साल के पेड़ की भारी भरकम टहनी गिरने से न केवल आवागमन ठप हो गया बल्कि कृषि उत्पादन मंडी समिति का लगा बोर्ड भी टूटकर मुख्य मार्ग पर गिर गया। सोमवार सुबह शारदा नहर के पुल के पास पुराने साल के पेड़ की भारी टहनी मंडी समिति के लगे रोड क्रास बोर्ड को तोड़ती हुई मुख्य मार्ग पर जा गिरी। इससे करीब एक घंटे तक आवागमन ठप रहा। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पेड़ को काटकर हटाया। लेकिन मुख्य मार्ग पर लटका मंडी समिति का बोर्ड समाचार लिखे जाने तक ज्यों का त्यों पड़ा है।

मई में एसी की बिक्री ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, स्टॉक तक हो गया खत्म

काशीपुर में इस बार महीने भर में करीब 10 करोड़ रुपये से अधिक के एसी बिक गए

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

अमृत विचार : मई माह में नौतपा की गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए थे। इससे निजात पाने के लिए लोगों ने एसी की जमकर खरीदारी की। बढ़ते पारे के बीच एयर कंडीशनर (एसी) ने मई में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इससे बाजार में स्टॉक तक खत्म हो गया। पिछले साल की मुकाबले इस साल काशीपुर में करीब 10 करोड़ रुपये से अधिक के एसी बिक गए।

मई माह में गर्मी पिछले कई साल के रिकॉर्ड तोड़े। आने वाले दिनो में भी गर्मी लोगों को परेशान करती दिख रही है। मौसम विभाग की मानें तो जून में भी अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। इससे जून में भी एसी की मांग मजबूत बने रहने की संभावना है। गर्मी से हर कोई बेहाल है। इस वजह से इलेक्ट्रॉनिक का बाजार गुलजार हो उठा है। बढ़ते तापमान में एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर की डिमांड बढ़ गई।

इसके चलते अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर एसी और कूलर का स्टॉक नहीं बचा है। आलम यह है कि एक दिन में 20 से अधिक एसी बिक रहे हैं। मगर कारोबारियों के पास स्टॉक नहीं है। शहर में करीब छोटी बड़ी 30 से अधिक इलेक्ट्रॉनिक की दुकानें हैं। गर्मी से निजात दिलाने वाले एसी की मांग 10 गुना तक बढ़ गई है।

काशीपुर के एक शॉप में एसी की जानकारी लेते लोग। ● अमृत विचार

> मई में ही एसी का स्टॉक खत्म हो चुका है। निर्माता कंपनियों भी स्टॉक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। – **बिट्टन**, स्टोर मैनेजर, अतुल इलेक्ट्रॉनिक्स

> मई में 44 डिग्री पारा पहुंचने पर एसी की डिमांड बढ़ गई है। निर्माता कंपनियों के पास भी स्टॉक नहीं बचा है। पिछले साल उनकी फर्म ने 300 एसी मई माह में बेचे थे। इस बार 900 के करीब एसी मई माह में बेच चुके हैं और डिमांड अभी भी बनी हुई है। जोकि 110 गुना अधिक है। –**वासु ढींगरा**, गुरु मां इंटरप्राइजेज

> मई में भीषण गर्मी के कारण पिछले साल की तुलना में इस बार दोगुना से अधिक एसी बिके हैं। वही स्टॉक उपलब्ध नहीं होने पर लोगों को वेटिंग भी करनी पड़ रही है। – **विजय कुमार**, वैल्यू प्लस

दुकान पर खत्म हुआ स्टॉक, तो ऑनलाइन खरीद बढ़ी

गर्मी से निजात पाने वाले संसाधन एसी और कूलर की डिमांड अधिक होने के कारण बाजार में दुकान पर स्टॉक तक नहीं बचा है। ऐसे में कई ग्राहक एडवांस जमा कर एसी कूलर बुक करा रहे हैं। जिसमें उन्हें एक हफ्ते तक इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं कई ग्राहक जल्दी के चक्कर में ऑनलाइन शॉपिंग पर टूट पड़े हैं। जहां तमाम कंपनियों की बेवसाइट पर कूलर एसी को सर्च कर खरीदारी कर रहे हैं।

शिव पार्वती के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पर कलश यात्रा निकालते ग्रामीण।

मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: बिंदुखत्ता शास्त्रीनगर 17 एकड़ के शिव मंदिर में शिव पार्वती की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ग्रामीणों ने गांव में कलश यात्रा निकाली।

प्रातःकाल शास्त्रीनगर 17 एकड़ के शिव मंदिर से मुख्य यजमान दीवान चंद रजवार, पत्नी नंदी देवी व मंदिर के अध्यक्ष हरीश रजवार के नेतृत्व में पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं ढोल नगाड़ों के साथ निकली कलश यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पंडित रमेश चंद्र कलोनी ने मुख्य यजमान की सुहागिन जोड़ी व गांव के संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति में मंदिर परिसर में शिव पार्वती की मूर्तियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मंदिर के अध्यक्ष हरीश रजवार ने बताया कि अगले 24 घंटे तक लगातार नियमपूर्वक विभिन्न अनुष्ठान करने के बाद कल मंगलवार को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में की जायेगी। दोपहर मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में मंदिर कमेटी के सचिव पंकज कोरंगा, सदस्य पान सिंह कार्की, पुष्कर कोरंगा, गुलाब कोरंगा, नारायण सिंह पपोला, दीपेंद्र कोश्यारी, नवीन पपोला, रोहन चौधरी, नीमा कोरंगा, पार्वती देवी, हेमा देवी, राधा देवी, यशोदा देवी, हंसी देवी, सोनी देवी, विद्या पंत आदि मौजूद रहे।

संपत्ति में हिस्सेदारी और रंगदारी मांगने का आरोप

काशीपुर : एक व्यापारी ने कुछ लोगों पर उसकी भूमि में हिस्सा देने और एक करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तहसील रोड स्थित एमएस ब्रदर्स के स्वामी सर्वेश कुमार ने व्यापारी नेताओं के साथ टांडा उज्जैन पुलिस चौकी में तहरीर दी। कहा कि उसकी मोहल्ला टांडा उज्जैन में संपत्ति है जिसमें पांच दुकानें व गोदाम हैं। शहर निवासी एक व्यक्ति अपने हरदोई, यूपी निवासी भाई के साथ मिलकर उसे धमकी दे रहा है। आरोप लगाया कि उक्त लोग उससे उसकी जमीन में हिस्सा देने और एक करोड़ की रंगदारी मांग रहे हैं। साथ ही उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और उसकी संपत्ति हड़पने की धमकी दे रहे हैं। जबकि उनका संपत्ति से दूर तक कोई मतलब नहीं है। इस दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष प्रभात साहनी, संजय, गगन कांबोज, बंटी अग्रवाल, राकेश, मुकुल अग्रवाल, गौरव गुप्ता, मोहित मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

परिजन सोते रहे, चोर समेट ले गए जेवर नगदी

जसपुर : कोतवाली अंतर्गत गांव मनोरथपुर प्रथम निवासी जाहिद हुसैन व परिजन रात को आंगन में सोये थे। इस दौरान चोर उनके कमरे के अंदर रखे सोने चांदी के आभूषण व 25 हजार रुपये की नगदी चुरा ले गए। उन्होंने घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया गया शरबत

दिनेशपुर/काशीपुर/खटीमा

अमृत विचार: चक्कीमोड़ बाजार संघ व ग्रामीणों ने छबील लगाकर शरबत वितरण किया। साथ ही भगवान शिव की आराधना कर गर्मी से राहत के लिए वर्षा कराने की प्रार्थना की।

सोमवार को दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में व्यापारियों व ग्रामीणों ने प्रातः मंदिर में शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक के बाद छबील लगाकर शरबत वितरण किया। इस मौके पर व्यापारी नेता विजेंद्र सिंह पंवार, शंकर कुनियाल, हरीश देवराडी, कैलाश शर्मा, महेशानंद देवरानी, महेश बुधौरी, दिनेश नयाल, ललित खोलिया, आनंद सिंह नयाल, राजेंद्र सिंह पंवार, चंचल सिंह देऊपा, वीरेंद्र आर्या, चंद्रमणि देवराड़ी, मक्खन राजपूत, गोवर्धन आर्या, कबीर राजपूत, हरीश पंवार, हरीश खोलिया आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में एमपी चौक व रामनगर रोड पर सोमवार को समाजसेवियों और दुकानदारों ने शरबत वितरित किया। इस दौरान अनिल शर्मा, नरेन्द्र मदान, जोगेंद्र बत्रा, सुशील मदान, राजकुमार मदान, सोम शर्मा, मोबीन, शमशाद, नौशाद, सलीम, एमके अग्रवाल, दर्पण अग्रवाल, अथर्व अग्रवाल, अरुण पंत, राजीव शर्मा, शुभम रावत, हरजिंदर सिंह व रामरतन सिंह मौजूद रहे।

खटीमा में भीषण गर्मी को देखते हुए एसएमएस दत्ता नोजगे पब्लिक स्कूल की ओर से सोमवार को विद्यालय के समक्ष छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई। इस अवसर पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाध्यापक आरिज अल्वी, एचसी पंत, सुमित घोष, नवीन चंद, गुरदीप सिंह, दलजीत महरा, बलविंदर सिंह आदि थे।

इधर बरी अंजनिया गांव में ग्राम प्रधान कौशल कुशवाहा और पूर्व उप प्रधान हरेंद्र पाल के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से छबील लगाकर स्थानीय निवासियों, राहगीरों और श्रद्धालुओं को शीतल शरबत पिलाया गया।

दिनेशपुर के दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ पर छबील लगाकर शरबत बांटते व्यापारी।

काशीपुर में छबील लगाकर राहगीरों को शरबत बांटते समाजसेवी। ● अमृत विचार

खटीमा के चारुबेटा में लोगों को शरबत पिलाते प्रबंधिका और प्रधानाचार्य।

महेशपुरा गांव में शरबत पिलाते के समाजसेवी। ● अमृत विचार

महेशपुरा गांव में समाजसेवियों ने बांटा शरबत

बाजपुर : महेशपुरा गांव के समाजसेवियों ने सोमवार को राहगीरों को मीठा शरबत बांटा। भीषण गर्मी को देखते हुए समाज सेवियों ने महेशपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग 74 के सड़क किनारे पर मीठे शरबत का स्टॉल लगाया। इस दौरान सैकड़ों राहगीरों ने ठंडा मीठा शरबत पिया। समाजसेवियों ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि भीषण गर्मी में कोई भी राहगीर प्यासा ना रहे। इस मौके पर लखविंदर शर्मा, रमेश सैनी, रोहित कश्यप, जयपाल सैनी, फिरोज, महेश सैनी, विशाल आदि मौजूद रहे।

महिलाओं का सिलाई प्रशिक्षण संपन्न

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में सोमवार को आरआईटी कॉलेज रुद्रपुर भगवानपुर की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों की ई-श्रम कार्ड धारक महिलाओं को दिया जा रहा 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण संपन्न हो गया है।

समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा ने कहा कि इस प्रकार के लाभकारी स्कीमों का उन्हें अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। आरआईटी कॉलेज की को-ऑडिनेटर सोनम रस्तोगी ने बताया कि कैंप में करीब 90 से अधिक महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस दौरान ट्रेनर मंजू राणा, महिला समूह की अध्यक्ष कविता तिवारी, ललिता कोठारी, गायत्री कोरंगा, हंसी मटियानी, भागिरथी आर्या आदि मौजूद रहे।

पंचायत भवन शांतिपुरी में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करतीं ग्राम प्रधान।

गहतोड़ी के आवास पर पहुंचे मंत्री सौरभ बहुगुणा

काशीपुर : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा सोमवार को वन विकास निगम अध्यक्ष स्व. कैलाश गहतोड़ी के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने कैलाश गहतोड़ी के परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उनके परिजनों को सांत्वना दी। सोमवार को काशीपुर पहुंचने के दौरान सौरभ बहुगुणा ने कहा कि चार जून को लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा अपना परचम लहराएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, रजत सिद्धू, मनोज प्रजापति, राहुल पैगिया, मोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

सफल ऑपरेशन के बाद मरीज गौतम के साथ डॉ. पंकज डावर।

सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर से पीड़ित बिहार निवासी एक युवक का उजाला सिग्नस अस्पताल के चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन कर एक नया कीर्तिमान बनाया है।

काशीपुर के मानपुर रोड पर स्थित उजाला सिग्नस अस्पताल के न्यूरो सर्जन डॉ. पंकज डावर ने बताया कि बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी 27 वर्षीय एक युवक गौतम को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर था। इसके लिए उसने दिल्ली व पटना जैसे बड़े शहरों में कई डॉक्टरों को दिखाया। जहां चिकित्सकों ने सर्जरी में उसको काफी रिस्क बताया गया। इसके बाद डॉ. डावर ने अपनी टीम से वार्ता कर युवक का ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।

डॉ. डावर ने बताया कि यहां पर उनके पास ऑपरेशन के दौरान निगरानी के लिए एक मशीन नहीं थी। जिसे दिल्ली से मंगाया गया और उसके बाद सफल ऑपरेशन किया गया।

उत्साह फाटो में सुबह व शाम की पाली में 50-50 जिप्सियों में जाते हैं पर्यटक

15 जून तक फुल हुई फाटो जोन की बुकिंग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : स्कूलों की छुट्टियां शुरू होने के साथ ही पर्यटन सीजन भी शुरू हो गया है। ऐसे में लोग दूर-दूर से पहाड़ों की ओर भ्रमण के लिए आ रहे हैं। वहीं भारी संख्या में पर्यटकों के आने से तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन में नाइट स्टे 15 जून तक पैक हो गया है। इसके साथ ही डे विजिट सफारी की बुकिंग भी अगले एक सप्ताह तक फुल हो गई।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन वन्यजीवों के दीदार के मामले में पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। पर्यटन सीजन शुरू होने के साथ ही दिल्ली, यूपी, हरियाणा समेत अन्य राज्यों से पर्यटक जोन में भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं। फाटो जोन में एक साथ 30 से अधिक पर्यटकों के नाइट स्टे की व्यवस्था है। वहीं बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने के चलते नाइट स्टे की बुकिंग 15 जून तक फुल हो चुकी है। वहीं डे विजिट में सुबह 50 व शाम की पाली में 50 जिप्सियों की मदद से पर्यटकों को जंगल सफारी कराई जाती है। डे विजिट की बुकिंग भी अगले एक सप्ताह तक पैक है।

जल्द ही 50 से अधिक लोगों के लिए बनेगी नाइट स्टे की व्यवस्था

काशीपुर : तराई पश्चिमी वन प्रभाग से मिली जानकारी के अनुसार, फाटो जोन की सफलता के बाद जोन में नाइट स्टे की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए जोन में दो ट्री हाउस समेत पांच हट व अन्य कमरों के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद फाटो में एक साथ 50 से अधिक पर्यटक नाइट स्टे का लुत्फ उठा सकेंगे।

बोले डीएफओ

> फाटो में बड़ी संख्या में पर्यटक भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं। इसके चलते 15 जून तक नाइट स्टे की बुकिंग फुल हो गई है। साथ ही अगले एक सप्ताह तक डे विजिट की बुकिंग भी फुल हो गई है। –**पीसी आर्या**, डीएफओ, तराई पश्चिमी वनप्रभाग

सात जून से शुरू होगा साई के लिए चयन

काशीपुर: भारतीय खेल प्राधिकरण, प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर (साई) में सात जून से खिलाड़ियों का चयन शुरू होगा। इसके लिए आवासीय योजना के अंतर्गत ताइक्वान्डो में केवल बालक, जबकि गैर आवासीय योजना के अंतर्गत एथलेटिक्स खेल में केवल बालिकाओं का चयन किया जाएगा। सोमवार को भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सात जून सुबह आठ बजे से एथलेटिक्स, भारोत्तोलन व ताइक्वान्डो में खिलाड़ियों का चयन शुरू किया जाएगा। प्रतियोगिता में 12 वर्ष से 18 वर्ष के आयु के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ियों को चार फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्वास्थ्य प्रमाण, खेल प्रमाण पत्र, मूल दस्तावेज व उनकी फोटो कॉपी लानी अनिवार्य होगी।

अल्मोड़ा सीट पर आज होगा दिग्गजों के भाग्य का फैसला

मतगणना के लिए सुरक्षा व अन्य तैयारियां पूरी, जीत के दावे कर रहे राजनीतिक दल, आम लोगों में भी परिणाम को लेकर उत्सुकता

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश की ऐतिहासिक अल्मोड़ा सीट पर राजनीतिक दलों के दिग्गजों के भाग्य का फैसला आज होगा। प्रशासन ने जहां मतगणना के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। वहीं हर राजनीतिक दल अपनी अपनी जीत के दावे भी करने लगे हैं। जीत किसकी होगी यह तो आज शाम मतगणना के बाद साफ हो जाएगा। लेकिन परिणामों को लेकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों में भी यहां खासी उत्सुकता बनी हुई है।

अल्मोड़ा लोकसभा सीट के सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 19 अप्रैल को मतदान होने के बाद से ही यहां परिणाम को लेकर सियासी दलों ने अपना अपना गणित लगाना शुरू कर दिया था और मतदान के बाद बीते 55 दिनों तक यह सियासी गुणाभाग चलता रहा। लेकिन आज मंगलवार को चुनावी तस्वीर साफ होगी और यह तय हो जाएगा कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधना है।

अल्मोड़ा लोकसभा सीट की बात करें तो यहां लोकसभा निर्वाचन के दौरान सात उम्मीदवार अपनी अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में उतरे थे। मतदान के बात सभी अपनी अपनी जीत के दावे करते भी नहीं थक रहे थे। लेकिन इस सीट पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच माना जा रहा है।

पिछले दो चुनावों में इस लोकसभा सीट पर भाजपा के अजय टम्टा ने अपना कब्जा जमाया और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा को हार का सामना करना पड़ा।

लेकिन इस बार दोनों पार्टियों ने फिर इन्हीं दो चिर परिचित चेहरों पर यहां दांव खेला। भाजपा ने जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के सहारे चुनाव में भागीदारी की थी। वहीं कांग्रेस ने भाजपा की नाकामियों को मुद्दा बनाया। दोनों दलों के नेता इस चुनाव में अपनी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। मतगणना को लेकर कार्यकर्ताओं में तो जोश दिखाई ही दे रहा है। आम आदमी भी चुनाव परिणामों पर टकटकी लगाए बैठा है।

अजय टम्टा।

प्रदीप टम्टा।

इन उम्मीदवारों के भाग्य का होना है फैसला

- अजय टम्टा- भाजपा
- प्रदीप टम्टा - कांग्रेस
- नारायण राम - बसपा
- किरन आर्या- उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी
- ज्योति प्रकाश टम्टा- बहुजन मुक्ति पार्टी
- अर्जुन प्रसाद- निर्दलीय
- प्रमोद कुमार- पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक

पिथौरागढ़ में मतगणना अधिकारियों को निर्देश देतीं प्रेक्षक लक्ष्मी एन। ● अमृत विचार

कम मतदान से परिणाम दिलचस्प होने की उम्मीद

अल्मोड़ा : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर सबसे कम मतदान हुआ। इस बार यहां मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह नहीं दिखाई दिया। परिणाम स्वरूप इस लोकसभा में महज 44 .43 फीसद मतदान हो सका। जो पिछले चुनावों से काफी कम था। चुनावी रणनीतिकारों की मानें तो कम मतदान के कारण इस बार अल्मोड़ा सीट पर चुनाव परिणाम काफी दिलचस्प हो सकते हैं। इसलिए हर किसी की निगाह अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर बनी हुई है।

प्रेक्षक ने मतगणना केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा

▸▸ अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में मतगणना प्रेक्षण लक्ष्मी एन ने सोमवार को एसएलएम डिग्री कालेज पिथौरागढ़ में बनाए गए स्ट्रांग का निरीक्षण किया और मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतगणना से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मतगणना प्रेक्षक ने मतगणना स्थल में की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं पेयजल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया एवं ड्यूटी में तैनात सुरक्षा बल के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी दिए गए दायित्वों को बिना लापरवाही करते हुए पूरे मनोयोग के साथ उनका निर्वहन करना सुनिश्चित करें। मतगणना प्रेक्षक ने कहा कि मतगणना के कार्य में पूर्ण सावधानी बरती जानी है। इसलिए अगर किसी कर्मचारी को कोई भी शंका हो तो वह मतगणना से पूर्व उच्च अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर अपनी शंकाओं का अनिवार्य रूप से निस्तारण कर लें। उन्होंने कहा कि मतगणना के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा.शिवकुमार बरनवाल, सयुंक्त मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम और एसएसपी ने परखी व्यवस्थाएं

अल्मोड़ा : लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना की तैयारियां के लिए सोमवार को डीएम विनीत तोमर और एसएसपी देवेंद्र पींचा ने अल्मोड़ा के फलसीमा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने मीडिया सेंटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, टेबल व्यवस्था, साफ सफाई आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को सुबह आठ बजे से मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। प्रत्येक विधानसभा के लिए 12-12 टेबिल लगाई गई हैं। पूरे लोकसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गणना भी अल्मोड़ा मतगणना केंद्र में ही होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना पास के किसी को भी मतगणना परिसर में नहीं जाने दिया जाएगा। साथ ही मोबाइल फोन ले जाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, डीआईओ एनआईसी संजीव सहारन समेत अन्य उपस्थित रहे।

अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ में कर्मिकों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मतगणना कार्मिकों को पूरी पूरी सजगता बरतने के दिए निर्देश

अमृत विचार : चार जून को होने वाली लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना के लिए सोमवार को अल्मोड़ा और सीमांत जिले पिथौरागढ़ में मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेंशन किया गया। अल्मोड़ा में कुल 566 और पिथौरागढ़ जिले में 220 कर्मचारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया और मतगणना के दौरान पूरी सजगता बरतने की हिदायत दी गई।

सोमवार को अल्मोड़ा के उदयशंकर नाटय अकादमी में कर्मचारियों के द्वितीय रेंडमाइजेशन के प्रक्रिया आयोजित कराई गई। इस दौरान मतगणना प्रेक्षक तेजु सिंह पंवार व सुधीर बोरा की मौजूदगी में कार्मिकों को मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेक्षकों ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना चुनाव का अंतिम कार्य है। इसलिए इस कार्य को बहुत सावधानी एवं संवेदनशीलता से संपन्न करना है। प्रशिक्षण में 326 ईवीएम मतगणना कार्मिक एवं पोस्टल बैलेट गणना में नियुक्त 240 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इधर सीमांत जिले पिथौरागढ़ में भी जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी की मौजूदगी में 220 कर्मचारियों का रेंडमाइजेशन किया गया। मतगणना के लिए डीडीहाट में 14-14 टेबिल लगाई जाएंगी। जिसके लिए 68 मतगणना सुपरवाईजर, 72 मतगणना सहायक, 80 मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर रिजर्व सहित तैनात किए गए हैं। रेंडमाइजेशन के दौरान सीडीओ नंदन कुमार, एडीएम शिवकुमार बरनवाल, डीडीओ राम गोस्वामी, डीईओ हवलदार प्रसाद, सूचना विज्ञान अधिकारी गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में प्रशिक्षण प्राप्त करते मतगणना कर्मी। ● अमृत विचार

डिग्री कालेज में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी

बागेश्वर : लोकसभा चुनाव की जनपद के मतों की मतगणना के लिए चुनाव आयोग ने जिले की दोनों विधानसभाओं के लिए प्रेक्षक बागेश्वर पहुंच गई हैं। प्रेक्षक प्रियंका कुमारी ने सोमवार को बीडी पांडेय डिग्री कालेज में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर मतगणना के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने मतगणना परिसर की सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ ही स्ट्रांग रूम परिसर, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम और मतगणना कक्षों एवं मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। रिटर्निंग ऑफिसर मोनिका एवं अनुराग आर्य ने प्रेक्षक को मतगणना की व्यवस्थाओं, मतगणना टेबल एवं चक्रवार होने वाली मतगणना की जानकारी दी। प्रेक्षक ने मतगणना परिसर पर किए गए सभी प्रबन्धों एवं इंतजामों को लेकर संतुष्टि व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर बागेश्वर मोनिका, कपकोट अनुराग आर्य, सीओ पुलिस अंकित कण्डारी रहे।

प्रत्याशियों व समर्थकों की धड़कन हुई तेज

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर इंतजार आज समाप्त हो जाएगा। देखना होगा कि भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा तीसरी बार सांसद बनेंगे या फिर कांग्रेस के प्रदीप टम्टा को राजनीतिक वनवास से मुक्ति मिलेगी।

परिणाम को लेकर प्रत्याशियों और समर्थकों की दिलों की धड़कन तेज हो गई है। परिणामों को लेकर भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता हार-जीत के गुणा-गणित में लगे रहे। लोगों में भी चुनाव परिणाम को लेकर उत्सुकता है। 19 अप्रैल को हुए लोकसभा मतदान में यहां कुल 2 लाख 18 हजार एक सौ 75 मतदाता थे। इनमें से मात्र 54. 21 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। इस बार मतदान को लेकर लोगों में उत्साह कम नजर आया। शुक्रवार को विभिन्न एजेंसियों द्वारा जारी एक्जिट पोल ने राजनीतिक दलों को बहस को बढ़ा दिया है। कोई एक्जिट पोल को सही बता रहा है तो कोई इसे नकार रहा है। कुल मिलाकर आज किसके सिर सांसद का ताज सजेगा यह स्पष्ट हो जाएगा।

> एक्जिट पोल आश्चर्यचकित करने वाला नहीं है। पूर्व से साफ था कि केंद्र में भाजपा की सरकार फिर से आ रही है। भाजपा अबकी बार चार सौ पार सीट लाएगी। - **कुंदन परिहार**, एडवोकेट, प्रदेश संयोजक विस्तारक योजना भाजपा

> एक्जिट पोल पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कुछ एजेंसी कांग्रेस की सरकार भी दिखा रही हैं। इस बार मतदाताओं की चुप्पी से साफ है कि केन्द्र में सरकार बदल रही है।
> - **भगवत सिंह डसीला**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी

फलसीमा स्थित मतगणना केंद्र के निरीक्षण को जाते जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य।

हवालबाग में महतगांव के पास सड़क पर गिरा पेड़, बचे लोग

▸▸ करीब डेढ़ घंटे जाम में फंसे रहे स्थानीय लोग व सैलानी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिला मुख्यालय से लगे हवालबाग ब्लॉक के महतगांव के पास मुख्य मार्ग पर एक विशालकाय पेड़ गिर गया।

इस दौरान वहां से गुजर रहे वाहन पेड़ की चपेट में आने से बाल बाल बचे और बड़ा हादसा होने से टल गया। पेड़ गिरने के कारण यह मार्ग बाधित हो गया और करीब डेढ़ घंटे तक स्थानीय लोग और इधर उधर जाने वाले सैलानी यहां जाम में फंसे रहे। सोमवार की शाम महतगांव के पास अचानक एक विशालकाय पेड़ गिरकर मुख्य मार्ग पर आ गिरा। उस समय वहां से अनेक वाहन गुजर रहे थे। संयोग से कोई पेड़ की चपेट में नहीं आया। मार्ग के अवरूद्ध होने की सूचना प्रशासन को दी गई। जिसके बाद करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर मार्ग से हटाया गया और यातायात सुचारू किया गया। जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल ने कहा कि वर्तमान में सड़क किनारे कई स्थानों पर जर्जर और खतरनाक पेड़ गिरने की स्थिति में है। जंगलों में आग लगने के बाद भी कई पेड़ जल कर खोखले हो गए हैं। जबकि कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण पेड़ों की जड़ें खाली हो गई हैं और वह गिरने के कगार पर हैं। जिस कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि वन विभाग को सड़क किनारे खतरनाक पेड़ों को चिन्हित कर उनका कटान करना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग से भी इस मामले में ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

हवालबाग के महतगांव के पास मुख्य मार्ग पर गिरा पेड़। ● अमृत विचार

मुनस्यारी में बिजली गिरने से 80 बकरियां मरीं

▸▸ ग्रामीणों ने पशुपालकों को मुआवजा देने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलता और बिगड़ता जा रहा है। रविवार देर शाम प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी विकास में अचानक तेज अंधड़ और तूफान आ गया। इस दौरान विकास खंड के विभिन्न गांवों के पशुपालकों की करीब 80 बकरियां बज्रपात की चपेट में आ गई और उनकी मौत हो गई। इससे पशुपालक निराश हैं।

रविवार देर शाम मुनस्यारी विकास खंड के होकरा, गोला, खोयम गांव निवासी जसमल सिंह, गंगा सिंह, किशन सिंह, सुर सिंह, जगदीश सिंह और मान सिंह अपनी बकरियों को चराने के लिए पास के जंगल में ले गए थे। इसी बीच अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया और तेज अंधड़ के साथ तूफान आने लगा। इस बीच तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरी और जंगल में चर रही करीब 80 बकरियों की मौत हो गई। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता भगत वाछमी ने बताया कि यह ग्रामीण पशुपालन कर अपने परिवार को गुजर बसर करते थे। लेकिन अचानक हुई इस घटना के बाद इन पशुपालकों की कमर टूट गई है। वाछमी ने कहा है कि इस घटना से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वाछमी ने जिला प्रशासन से प्रभावित पशुपालकों को आपदा मद से मुआवजा दिए जाने की मांग की है। ताकि उनकी आजीविका प्रभावित न हो सके।

अंधड़ में उड़ गई राउमावि नागाड़ के भवन की छत

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ स्कूल प्रशासन ने उच्च अधिकारियों को दी जानकारी

अमृत विचार : बीते शनिवार को आए तेज अंधड़ के कारण जिले के विकास खंड चौखुटिया में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागाड़ के भवन की छत उड़ गई। छत के उड़ने के कारण कक्षा कक्ष भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिस कारण अब स्कूली बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। स्कूल प्रशासन ने इस मामले की जानकारी जिला स्तर के उच्च अधिकारियों को दी है।

बीते शनिवार को आए तेज अंधड़ और तूफान के कारण जिले के रानीखेत, सल्ट व चौखुटिया समेत अनेक इलाकों में काफी नुकसान हुआ था। शनिवार को आए इस अंधड़ के दौरान चौखुटिया के राउमावि नागाड़ की छत पर लगे टिन शैड भी तेज हवाओं के कारण उखड़ गए और दूर दूर तक उड़ गए। सोमवार को बच्चे और शिक्षक स्कूल पहुंच तो क्षतिग्रस्त स्कूल को देखकर सभी हतप्रभ हो गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक फुलोरिया ने बताया कि स्कूल भवन की छत के उड़ने के कारण कक्षा कक्ष भी खराब हालत में पहुंच गए हैं। जिस कारण बारिश होने पर विद्यालय में शिक्षण कार्य का हो पाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। वहीं अभिभावकों ने जल्द से जल्द छत की मरम्मत करने की मांग की है। अभिभावकों ने कहा है कि मानसून नजदीक है। ऐसे में अगर शीघ्र विद्यालय की मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया तो इसका असर बच्चों का पठन-पाठन पर पड़ सकता है। अभिभावकों ने विभाग ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

तेज अंधड़ से उखड़ी स्कूल की छत।

ट्रांसफार्मर ठीक कर रहा लाइनमैन करंट से झुलसा

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ ताकुला ब्लॉक के बसौली क्षेत्र में हुई घटना, हायर सेंटर रेफर

अमृत विचार : सोमेश्वर तहसील के ताकुला विकास खंड के बसौली क्षेत्र में बिजली की लाइन में आए फाल्ट को ठीक कर रहा एक लाइनमैन करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया है। आनन फानन में लाइन मैन को उपचार के लिए अल्मोड़ा लाया गया।

लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे हार सेंटर रेफर कर दिया गया है। बीते रविवार को बसौली के पास बिजली लाइन में खराबी आ गई थी। जिसे ठीक करने के लिए लाइन मैन प्रताप सिंह ट्रांसफार्मर पर चढ़ा। लेकिन लाइन में आए फाल्ट को दूर करने के दौरान वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। मौके पर मौजूद लोग घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों में ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने कहा है कि प्रताप के ट्रांसफार्मर से नीचे उतरने से पहले ही शट डाउन वापस ले लिया गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। इधर विभाग के अवर अभियंता ललित मोहन डालाकोटी ने बताया कि लाइनमैन को करंट लगने से वह झुलस गया है। जिसका उपचार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

जगदीशिला डोली यात्रा का भक्तों ने किया भव्य स्वागत

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार: पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद मैथानी के नेतृत्व में जगदीशिला डोली यात्रा स्थानीय शिव मंदिर पहुंची। जहां पहले से मौजूद भक्तों ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर और जयकारों से स्वागत किया। तत्पश्चात कन्याओं व शिव मंदिर सत्संग की महिलाओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

विगत रात्रि जगदीशिला डोली यात्रा चौखुटिया से मालरोड स्थित राम मंदिर में पहुंची। जहां मंदिर के महंत 1008 मौनी महाराज व भक्तों ने डोली यात्रा का तिलक लगाकर स्वागत किया। सोमवार प्रातः जगदीशिला डोली यात्रा शिव मंदिर पहुंची। जहां भक्तजनों ने उत्साह व श्रद्धा के साथ यात्रा का स्वागत किया। भारी संख्या में पहुंचे भक्त जनों ने पूजा- अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात डोली यात्रा मंदिर परिसर से नगर का संपूर्ण भ्रमण करते हुए अल्मोड़ा को प्रस्थान कर गई। डोली यात्रा में यात्रा के संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद मैथानी, उनकी पत्नी रोशनी नैथानी, समिति के अध्यक्ष रूप सिंह, हुकम सिंह, चंद्र सिंह, कैलाश पांडे, दिनेश तिवारी, रमेश अधिकारी, पंकज जोशी, कुलदीप कुमार, दीपक खंडेलवाल, अगस्त लाल शाह, जगदीश अग्रवाल सहित शिव मंदिर महिला सत्संग समिति की महिलाएं शामिल रहीं।

रानीखेत में जगदीशिला डोली यात्रा निकालते भक्तजन। ● अमृत विचार

स्कूली बच्चों को दुग्ध डेयरी का कराया भ्रमण

अल्मोड़ा : बीयरशिवा स्कूल में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को अल्मोड़ा दुग्ध डेयरी का भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को दूध के पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। स्कूल में हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नीमा थापा व समन्वयक दीपिका विल्सन ने स्वेत क्रांति की जानकारी दी। दूध के पोषक मूल्य और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी गई। बच्चों से दूध को अपने आहार में शामिल करने को कहा गया। जीएम राजेश मेहता ने डेयरी में प्रयोग होने वाली मशीनों, दूध बनने के तरीके आदि की जानकारी दी। भ्रमण में विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रबंधक निरुपमा भट्ट तलवार, सचिव तिलक तलवार, अध्यक्ष निरूपेंद्र तलवार, मुस्कान तलवार, मीना ट्रेसी, रजनी रावत, लीला आर्या, अराधना साह रहे।

कराटे खिलाड़ी जतिन व कोच दीपक सम्मानित

कराटे खिलाड़ी जतिन व कोच दीपक को सम्मानित करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : कराटे में पदक विजेता खिलाड़ी और कराटे कोच को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बनबसा में सम्मानित किया। कराटे कोच दीपक सिंह अधिकारी ने बताया कि मूल रूप से बाराकोट ब्लाक के झिरकुनी गांव निवासी और हाल निवास सैरीगैर के जतिन जोशी ने वर्ष 2022 में विश्व कराटे चैंपियनशिप में भाग लिया था। रविवार को बनबसा पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जतिन के साथ उनके कोच दीपक सिंह अधिकारी को सम्मानित किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

चुनाव आयोग की सीख

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इस बार लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल और डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। इस दृष्टि से लोकसभा चुनाव 2024 विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का कीर्तिमान कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण है कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रूझान में विविधताओं वाले इस देश में चवालीस दिन की सबसे लंबी अवधि वाले आम चुनाव की प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है। लोकतंत्र के इस उत्सव में चुनाव आयोग से जो अपेक्षाएं थीं, उन पर खरा उतरने के लिए तैयारियां भी की गईं थी। परंतु भारतीय चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। इस बात को मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी स्वीकार किया है। इसलिए आयोग के कामकाज को लेकर शिकायतें भी रहीं। आम चुनावों में ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआए) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई। ऐसे में चुनाव आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को सोमवार को पुनः रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के बारे में अनर्गल बातें फैलाने का बाजार एक बड़ा खतरा बन गया है और इसके खिलाफ सावधानी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर झूठी अफवाहों से निपटने के लिए बहुत तत्पर रहने की जरूरत है। इस चुनाव की कुछ महत्वपूर्ण सीख हैं, एक तो हमें भीषण गर्मी को देखते हुए यह चुनाव एक माह पहले पूरा करा लेना चाहिए था। दूसरी सीख है, (आयोग की व्यवस्थाओं के बारे में) अनर्गल प्रचार से निपटने की जरूरत का सबक। उन्होंने कहा कि इन चुनाव को संपन्न कराने में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया गया है और आयोग ने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों की ओर से आए सुझावों को माना है। क्योंकि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। ध्यान रहे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। ऐसे में निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

गप्प सुनो भाई सप्प नाव में नदिया डूबी जाय

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भाषण देने वाले नेता लोग प्राय: अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं।

इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा, क्योंकि राजा समय का पक्का है, जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना।

लोकसाहित्य में गप्प भी एक महत्वपूर्ण विधा है और गप्पों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह सच है कि लोग मिलते हैं तो जैसे किस्सा - कहानी कहते हैं, वैसे ही गप्पें भी हांकते हैं, गप्पें सुनते भी हैं और उनसे मनोविनोद भी करते हैं। गप्पें लोगों को जोड़ती भी हैं, गप्पों में लोगों का मन लग जाता है। गप्पों का अध्ययन भी किया जा सकता है। गप्पें हांकना हर एक आदमी के वश की बात नहीं है।

कुछ लोग तो गप्पों के एक्सपर्ट होते हैं। गप्पें मनोरंजन तो करती ही हैं, लोगों को उत्तेजित भी कर देती हैं। आकर्षित भी करती हैं। कभी-कभी आत्मविज्ञापन के लिए गप्पें हांकी जाती हैं तो कभी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए गप्पों का उपयोग किया जाता है, लेकिन कुछ गप्पी बहुत कमाल के होते हैं, वे ऐसी गप्पें हांकते हैं कि बहुत दिनों तक उनकी सच्चाई सामने नहीं आती और लोग उनकी गप्पों को प्रामाणिक तथ्य मान लेते हैं तथा दूसरों से भी आग्रह करते हैं कि वे भी उन गप्पों को ऐतिहासिक सच के रूप में ग्रहण करें। ऐतिहासिक, राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक-व्यापारिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि वर्गों में गप्पों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं। गप्पों पर कितनी ही फिल्में बन चुकी हैं, अब भी बनाई जा रही हैं ताकि पब्लिक का दिल बहला रहे। एक दिन एक गप्प फिल्म का प्रोग्राम सुन रहा था। हालांकि वे इसे इतिहास बतला रहे थे तो कोई बात नहीं इतिहास को अब गप्प का ही एक दूसरा नाम समझा जाना चाहिए। इधर देश में राजनैतिक क्षेत्र की गप्पों का चलन बढ़ गया है। व्यापारिक गप्पें उत्पादों को लेकर हांकी जाती हैं। इस उत्पाद को खरीद लोगे तो घर में स्वर्ग ही आ जाएगा। धार्मिक मत के प्रचारक लोग अपने संप्रदाय अथवा पंथ की महिमा के लिए इतनी गप्पें हांकते हैं कि उन पर पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है। मध्यकाल के भक्त कवियों के संबंध में भी ऐसी गप्पें प्रचलित हैं, वहां प्रोफेसर लोग इन गप्पों का उपयोग करते हैं और आग्रह करते हैं कि यह गप्प नहीं, ऐतिहासिक सच है। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। अब इतिहासकार भी गप्प सामग्री का प्रचुर उपयोग करने लगे हैं। ऐसी गप्प, जो इतिहास बन गया या बना दिया गया। इतिहास की गप्प कहो या गप्पों का इतिहास कहो। गूगल, वाट्सऐप, फेसबुक आदि पर गप्पों के विश्वकोष मिल सकते हैं, लेकिन लोकजीवन की गप्पें बड़ी सरल होती हैं, क्यों कि वे गप्प की तरह ही पेश आती हैं, धोखा देने का उनका इरादा नहीं होता। देहाती भाषा में इसे टल्ल भी कहते हैं।

इतिहास के नाम पर अपने-अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। जनता का इतिहास तो अभी तक किसी ने लिखा ही नहीं है, जो है वह सत्ता का इतिहास है। भारतीय साहित्य में आर्य शब्द कम से कम दो हजार साल पुराना तो है ही, आज तक कोई ऐसा इतिहासकार नहीं हुआ, जो जाति या प्रजाति के अर्थ में आर्य शब्द का एक भी प्रयोग प्रमाणित रूप से बतला सके, लेकिन लिखे जा रहे हैं। आज भी फेसबुक पर ऐसा ही प्रकरण देखा था। सर्वे पंडित मानिनः। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। गप्प भी कैसी जिसमें अपने स्वार्थ और मतलब छिपे हैं, अपने-अपने वैमनस्य और वैर भाव छिपे हैं। अपने-अपने मन की ग्रंथियां हैं, कुंठा हैं, जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवनभर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं। संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी हैं। भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है?

इतिहास? वह तो घंटाघर की सुईं की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा, क्योंकि राजा समय का पक्का है, जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना। राजा सबेरे सात बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं, शाम के छह बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं, क्योंकि राजा समय का पक्का है। सत्ता कुचक्री होती है। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं।

कहानी है तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। हिटलर के जमाने में शारीरिक मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानवजीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। महायुद्ध के बाद सांस्कृतिक मानवशास्त्र आया। यही काम भारत में इतिहास ने किया, कल भी और आज भी, वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। कल की ही तो बात है, जब कबीर और तुलसी को जाति के आधार पर बांटा गया। कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं? किस इतिहासकार ने लोक जीवन में पैठ कर के इतिहास लिखा है। वह इतिहास तो तुम्हारे वर्ग की चीज है। तुम्हारे हितों से प्रेरित है। तुम लोकमन को नहीं समझ सके। तुमने अपने को लोकमन से ऊपर मान लिया, तुम पढ़े-लिखे हो न? तुम्हारा इतिहास लोकमन से अपरिचित है। तुम आसमान में रहते हो और लोक जीवन धरती पर रहता है। इसीलिए हिन्दू मन, मुस्लिम मन, धार्मिक मन और धर्मनिरपेक्ष मन, ब्राह्मण मन, शूद्र मन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न जनसमूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच-नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं, उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है, आप यों कहें कि मनुष्य के भीतर का मनुष्य। राजनैतिक मतवाद की पुष्टि करने के लिए इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की।

सचमुच इतिहास बहुत निष्ठुर है। फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। यदि इतिहास हमें बदला लेने के लिए कहता है तो सचमुच वह इतिहास मनुष्य के लिए दुर्भाग्य का हेतु ही सिद्ध होगा। हां, यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य जीवन को गतिशील बना सकता है। इतिहास को हम इसलिए पढ़ें, इसलिए रचें, इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिले, भविष्य उज्ज्वल हो, इतिहास में जाकर शत्रुताओं को खोजना, शत्रुताएं सामने खड़ी करना सामाजिक विवेक कैसे कहा जाएगा? वह इतिहास, जो बदला लेने को प्रवृत्त करता है, बदला लेने की भावना जगाता है, पैरों की बेड़ी की तरह है, वह एक बंधन है। बदले का कहीं भी अंत नहीं हो सकता।

प्रसंगवश

राजधर्म और धर्मदंड



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया है कि जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं। इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य-स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है कि जैसे-जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा, लोक और जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है। अथर्ववेद में कहा गया है कि हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हें वरण करती है अर्थात् राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। आगे कहा गया है कि राज्य राजा की संपत्ति नहीं होती, बल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। मनुस्मृति में ही राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न किया है। देशकाल, शक्ति व शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए। वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है। ऋषियों ने दंड को ही चारो आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं। वह दंड यदि पूर्ण रीति से विचार कर दिया जाए तो सब प्राणी सुखी रहते हैं और बिना विचारे देने से सबका विनाश हो जाता है। वैदिक काल के राज्य और आधुनिक युग के लोकतांत्रिक राज्य जो ईश्वर और जनार्दन द्वारा बनाए गए उसके बीच में अनेक अन्य प्रकार के ईश्वर भी गढ़े गए। सत्ता की लिप्सा का ईश्वर, युद्ध की हिंसा के प्रभुत्व का ईश्वर, कुटनीतिक चालों का ईश्वर, जाति-धर्म और संप्रदाय के उन्माद का ईश्वर जैसे तमाम ईश्वर पुराण इतिहास में बने और उन्होंने अपने आत्मजों को राजा बनाया जिनका धर्म दंड उनके अंहकार और उनकी इच्छा की सीमा में ही बंधे रहे।

अधर में लटकी जमरानी बांध परियोजना

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी, पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा।

उत्तराखंड में कुमाऊं के तराई भावर क्षेत्र तथा हल्द्वानी नगर को पेयजल और सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लंबे समय से गौला नदी पर जमरानी बांध बनाने की मांग चली आ रही है। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जमरानी बांध एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरता है, लेकिन इसके बावजूद 48 साल से यह बहुउद्देशीय बांध परियोजना महज फाइलों में ही दौड़ रही है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर भीमताल क्षेत्र से आने वाली गौला नदी पर प्रस्तावित जमरानी बांध से हल्द्वानी व उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद और पीलीभीत की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया था।

26 फरवरी 1976 को केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के.सी. पंत ने परियोजना का शिलान्यास किया था तथा उक्त अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने की थी। इन दो दिग्गज नेताओं से जुड़े होने के बावजूद चार दशक में बांध के नाम पर काठगोदाम में बैराज, कुछ किमी लंबी नहरे, कॉलोनी तथा गेस्ट हाउस ही बन पाए। अधिकतर लोग और बांध स्थल के स्थानीय ग्रामीण यह मानते हैं कि जमरानी बांध के.सी. पंत और नारायण दत तिवारी की आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की भेंट चढ़ गया था। शिलान्यास के बाद दोनों ही नेताओं ने बांध निर्माण में कोई ज्यादा रुचि नहीं दिखलाई, जबकि दोनों ही कांग्रेस सरकार में उच्च पदों पर रहे। हालांकि बाद में के.सी. पंत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। देखा जाए तो राजनीतिक उठापटक और सरकारी खामियों का जिंदा स्मारक बनकर रह गई है यह परियोजना। 1976 में यह तय हुआ था कि जमरानी बांध परियोजना का 75 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार को देना था। अब तक के निर्माण की बात करें तो लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि बैराज, नहरें तथा कॉलोनियों के निर्माण पर खर्च की गई है, लेकिन असल कार्य अर्थात् बांध का निर्माण प्रारंभ होना अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी, पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, अगर शोर है तो उन डंपरों का जो बांध स्थल के पास बड़े पैमाने पर रेता-बजरी का खनन कर रहे हैं। पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि नियमानुसार बांध स्थल पर खनन पर पाबंदी होनी चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं है। कई पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक बांध निर्माण पर प्रश्न चिह्न भी लगाते हैं। उनका कहना है कि हिमालय के उच्च भूकंपीय जोन चार व जोन पांच के मध्य में आने वाले क्षेत्र में यह बांध बनाया जाना है। निचले हिमालय की यह पहाड़ियां कमजोर पहाड़ियां हैं, जो समय-समय दरकती रहती हैं। हालांकि 48 साल बाद ही सही, लेकिन अब लोगों में बांध बनाने को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

पिछले साल 150.60 मीटर ऊंचे इस बांध निर्माण को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दी और कहा कि मार्च 2028 तक इस परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर 2584 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें 1557 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व्यय करेगी। इस परियोजना के जरिए 57065 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जाएगा। इसमें 9458 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड की और 47607 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश की है। यह भी तय हुआ है कि काठगोदाम में पहले से मौजूद बैराज में दो नई नहरों का निर्माण किया जाएगा तथा 207 किलोमीटर लंबी मौजूदा नहरों का जीर्णोद्धार भी होगा। इस परियोजना से 14 मेगावाट की बिजली उत्पन्न की जाएगी तथा हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र को 42 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल उपलब्ध होगा।

इन सबके बीच सबसे बड़ा मुद्दा बांध से प्रभावित गांवों के लोगों के पुनर्वास का भी है। इसके लिए टिहरी बांध प्रभावितों के पुनर्वास व विस्थापन के लिए वर्ष 2013 की नीति को आधार बनाया गया है। कई जगहों पर जमीन ढूंढने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि विस्थापन के लिए उधमसिंह नगर जनपद में किच्छा के पास पराग फॉर्म की खाली पड़ी 300 एकड़ भूमि में बांध विस्थापितों का पुनर्वास किया जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या सरकार 2028 तक जमरानी बांध परियोजना को पूर्ण कर पाती है अथवा नहीं।

सोशल फोरम

नून और नोनिया

सचिदानंद सिंह
मुंबई

मध्य युग की शुरुआत में ही चीन में बारूद की खोज हो गई थी। चीनी बारूद में गंधक, पोटेशियम नाइट्रेट और कुछ वनस्पति रहते थे। बारूद का उपयोग सदियों से बस आतिशबाजी में होता रहा, पर नौवीं सदी आते-आते उसके सामरिक उपयोग शुरू हुए। चीनियों से बारूद के सामरिक प्रयोग मंगोल लोगों ने सीखा और मंगोल सेना के साथ बारूद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया गया।

बारूद का एक महत्वपूर्ण घटक है पोटेशियम नाइट्रेट। इसका स्वाद तीखा, नमकीन होता है। फारसी लोगों ने इसे चीन के दलदल का नमक या नमक शूरा चीनी कहा है। शायद इसी शूरा से पोटेशियम नाइट्रेट को भारत में निमक-ए-शोरा या निमकी शोरा या बस शोरा कहा जाने लगा। शोरा यानी पोटेशियम नाइट्रेट रसायन विज्ञान की दृष्टि से एक नमक (सॉल्ट) है, किंतु इसकी संभावना कम है कि मध्य युग के कीमियागरों ने इसे नमक (सॉल्ट) समझा था। अधिकतर कीमियागर इसे क्षार मानते थे। इसे "निमकी शोरा" इसके स्वाद के चलते कहा जाने लगा। नमक को भारत में अनेक जगह नून कहा जाता है। यहां से शोरा का एक नाम नून आया और नून बनाने वाले लोग नोनिया कहलाने लगे। यह नून विशेष जगह की मिट्टी से बनता था। मिट्टी का काम करने वाले बेलदार जाति से आते थे। बिहार में सभी नोनिया बेलदार जाति से ही आए। वे कहलाते थे नोनिया, लेकिन उनकी जाति बेलदार ही थी।

बेलदारों का एक विशेष त्यौहार था लाढ़ा का पूजन। लाढ़ा लोहे का एक भारी दंड था जिससे पत्थर या पकी ईंटों को तोड़कर उनका चूर्ण बनते थे जिसे चूने के साथ मिलाकर मजबूत गारा/मसाला (मॉर्टर) बनता था। हाल तक सुर्खी-चूने के मसाले से ईंटें जोड़ी जाती रहीं। सुर्खी बनाना बेलदारों का काम था। एक रोचक तथ्य है कि शोरा जो विध्वंस का औजार बारूद बनाता था वही उर्वरक के रूप में फसलों की उपज भी बढ़ाता था।

-फेसबुक वॉल से

चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह

अनूप शुक्ल
कानपुर

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव।

आज सुबह टहलने निकले तो गेट के बाहर ही कुत्ते भौंकते दिखे। ऐसा लगा कि किसी बड़े चैनल में प्राइम टाइम बहस हो रही हो। थोड़ी देर में अपने आप शांत भी हो गए जैसे बहस के बीच कमर्शियल ब्रेक होने पर होता है। थोड़ा आगे सड़क पर पत्तियां बिखरी हुई थीं। मानों यूकेलिप्टिस के पेड़ ने हमारे रास्ते में पलक पांबड़े बिछा दिए हों। वीआईपी भाव ने मन पर कब्जा कर लिया।

एक मोर सड़क पर इतराता हुआ टहल रहा था। ऐसे जैसे सड़क रैंप हो और वह कोई सुंदर मॉडल। टहलते हुए मोड़ उचककर एक घर के अंदर टहलने लगा। पार्क के पास कुछ बच्चे नीचे उतरकर पोज देते हुए पालथी मारकर बैठे फोटो खिंचा रहे थे। टेढ़े होते हुए उंगली से वी बनाते हुए। फोटोबाजी के बाद बच्चे चले गए। टहलते हुए उस जगह से गुजरे जहां शाखा लगती है।

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव। इसके बाद मुफ्त बंटने वाले अनाज की खराब क्वालिटी, महंगाई और दीगर समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार के प्रति मुक्तकंठ, सेंसर विहीन प्रेम प्रदर्शन करते रहे दोनों बुजुर्ग। अपन चुपचाप उनके द्वारा अभिव्यक्ति के अधिकार का उपयोग होते सुनते रहे। अपन तमाम सरकार समर्थक मित्रों की बातें भी इसी तरह सुनते रहते हैं। आजकल दुनिया में हर बात के समर्थन में अनगिनत रेडीमेड तर्क सर्वसुलभ हैं। हाल यह कि इंसान अपना कत्ल करने वाले के पक्ष में भी तर्क करते हुए अपनी गर्दन उसके सामने झुकाने में लिए तैयार रहता है-'ले भाई काट ले गर्दन मेरी बिना किसी संकोच के।'

शाखा में एक नए बुजुर्ग का स्वागत पहले से मौजूद बुजुर्गों ने 'युवा साथी' कहते हुए किया। मेसेजिंग घराने की बातचीत का पुराना चलन है यह। बिना 'बेबी' कहे लोगों को जवानी का एहसास नहीं होता। सारे 'बुजुर्ग बेबी' लोग आपस में मजे लेते हुए बतियाने लगे। अपन बाहर निकल आए। पार्क में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए टीम बना रहे थे। टीम बनाने के बाद बच्चों ने चंदा जमा करके 'दांव' लगाया। दस-दस, बीस-बीस रुपये इकट्ठा करके सौ रुपये का 'दांव' लगाया एक टीम ने। दूसरी ने उकसाते हुए कहा-'अरे, बढ़ा के दांव लगावो यार।' लेकिन शायद उस टीम के साथियों के पास और पैसा नहीं था इसलिए दांव आगे नहीं बढ़ा। खेल शुरू हुआ। ओपनिंग करने वाले बच्चे ने पहले ओवर में ही 20 रन बना डाले। बॉलर बिना विचलित हुए गेंद फेंकता रहा। ईंटों का विकेट था। एक बच्चा गेंदबाज के पास से अंपायरिंग कर रहा था। दूसरा अंपायर विकेट के पीछे फिसलपट्टी पर बैठा लेग अंपायर का रोल निभा रहा था। दूसरे ओवर की पहली गेंद टेढ़ी-मेढ़ी पड़ी। उस पर भी छक्का पड़ गया। कप्तान ने पहली गेंद के बाद ही बॉलर बदल दिया। खेल आगे बढ़ गया। अपन भी। रास्ते में यूट्यूब पर जस्टिस काटजू जी का इंटरव्यू सुनते गए। काटजू जी अपने अंदाज में बोल रहे थे। किसी सवाल के जवाब में एंकर को हड़का भी दे रहे थे-'आप सुनती तो हैं नहीं। हम जवाब दे तो रहे हैं।' काटजू जी के बेबाक इंटरव्यू के खत्म होने से पहले एंकर ने पूछा-'आप सरकार की इतनी खिलाफत करते हैं। कहीं आपके खिलाफ कोई कार्रवाई हो गई तो क्या होगा?' काटजू जी ने जवाब में दोहा सुनाया- चाह गई, मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछू न चाहिए, वे शाहन के शाह। हमारा भी मन करता है कि अपन भी अपना यूट्यूब चैनल शुरू करें। रोजनामचा का वीडियो बनाया करें, लेकिन फिर सोचते हैं कि इतने यूट्यूब चैनल चल रहे हैं। एक ठो और चालू करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने से क्या फायदा। लिखना होता रहे नियमित यही बहुत है। है कि नहीं?

चुनाव: सेटिंग या संयोग

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए। ये पंक्तियां आप तक पहुंचने तक परिणाम धड़ाधड़ आ रहे होंगे। वही जनादेश होगा और तदानुसार सरकार का गठन होगा। हालांकि इस बीच यह देखने में आया है कि विपक्ष या अन्य स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पद्धति और व्यवस्था के प्रति जो भी आपत्तियां उठाईं गईं, उनमें एक भी मान्य नहीं हुई। फोरम कोई भी रहा हो। प्रारंभ में विपक्ष ईवीएम से चुनाव न कराकर बैलट से कराने की बात करता रहा है, जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हालांकि साफ्टवेयर पद्धति है तो हैकिंग क्यों नहीं हो सकती है।

अमेरिका में बैलट से चुनाव होते हैं, जहां तकनीक अपनी उच्चतम स्थिति में है। पश्चात् यह बिंदु उठाया गया कि मशीनों से मतदान के बाद प्रदर्शित होने वाली वीवीपैट पर्चियों का कम से कम 50 प्रतिशत मिलान/गिनती करवा ली जाए, इससे ज्यादा पारदर्शिता आ जायगी। आखिर यह देश की सरकार बनाने का जनादेश है। यह विपक्षी प्रयास भी विफल रहा। विपक्ष ने एक छोटी सी यह मांग भी रखी कि गणना के समय पहले डाक मतपत्र गिनवा लिए जाए। इसे नहीं माना गया। हालांकि यह मांग चुनाव आयोग से फिर की जा रही हैं जिसके माने जाने की संभावना न के बराबर है। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग गठन हेतु जो चयन समिति है, उसमें प्रधानमंत्री नामित उनकी कैबिनेट का एक मंत्री तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। स्पष्ट है कि इसमें सत्तारूढ़ दल जो चाहेगा, वही होगा। यानी चुनाव आयोग और सरकार एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए। कभी सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि जब तक चयन संबंधी कानून न बने, तब तक एक न्यायिक सदस्य भी इसमें रखा जाए। इसके बाद सरकार ने कानून बनाकर सुप्रीमकोर्ट की इस मंशा को विफल कर दिया और संप्रति यह समिति सरकार जैसी ही है। ऐसे में विपक्ष के प्रति चुनाव आयोग न्यायप्रिय कैसे होगा?

इस चुनाव आयोग ने संपन्न हुए चुनावों के शुरुवाती दो चरणों का मतदान प्रतिशत तत्काल कुछ और घोषित किया, लेकिन हफ्तों बाद लगभग पांच प्रतिशत की इसमें बढ़ोतरी करके आंकड़े बता दिए। यह सरासर संदेह उत्पन्न करने की स्थिति है। इससे एक करोड़ सात लाख मत ज्यादा पड़े बताए जा रहे हैं। इस बिंदु पर एक एनजीओ द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना की गई कि मतदान बाद तैयार किया गया फार्म 17 सी चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर शत प्रतिशत प्रख्यापित करे जिससे पारदर्शिता आ जाए, क्योंकि इस फार्म में किसी बूथ पर हुए मतदान की पूरी जन्म कुंडली रहती है। विपक्ष और लोकतांत्रिक संगठनों का दुर्भाग्य रहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी। कुल मिलाकर सांविधानिक मंचों पर सभी विपक्षी याचनाएं अमान्य ही रहीं। अब इसे प्रबल सत्ता पक्ष की जबरदस्त 'सेटिंग' कहा जाए या संयोग, यह तय करना बड़ा मुश्किल है। अनुमान जो जैसा लगावे। बहरहाल असहाय विपक्ष का दुर्भाग्य तो साफ नजर आ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ता जा रहा पेयजल संकट

शिकायतों के बाद भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं अधिकारी, गुस्साए ग्रामीणों ने दी आंदोलन शुरू करने की चेतावनी

भिकियासैंण विकास खंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की जुगत में लगे ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लेकिन ग्रामीणों की कई बार की शिकायत के बाद भी विभाग ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराने में नाकाम साबित हो रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पेयजल मुहैया कराने के लिए लाखों का बजट मिलने के बाद भी अधिकारी ग्रामीणों की इस समस्या को दूर नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि विभाग का यही रवैया रहा तो वह विभाग के अधिकारियों का घेराव कर उनका क्षेत्र में बहिष्कार करेंगे। जिले के भिकियासैंण विकास खंड के चनुली, सरपटा, बगड़वार, ताड़ीखेत विकास खंड के सोनी, डढ़ोली, चिलियानौला, सल्ट विकास खंड के मौलेखाल, शशीखाल, जालीखान, कालीगांव, पैंसिया, झिमार, डोटियाल, मानिला व चौखुटिया, भैंसियाछाना, लमगड़ा और धौलादेवी विकास खंडों में करीब डेढ़ महीने से पेयजल का संकट बना हुआ है। पेयजल लाइनों में एक बूंद पानी न टपकने के कारण ग्रामीण दूरदराज में स्थित नदी, धारों और नौलों से जैसे तैसे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिस कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है। भतरौंजखान निवासी दीपक करगेती का कहना है कि विभाग के पास दूरदराज के गांवों में पेयजल मुहैया कराने के लिए लाखों रुपये का बजट उपलब्ध होने के बाद भी अधिकारी ग्रामीणों की सुध नहीं ले रहे हैं। जिस कारण उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि अगर विभाग का यही रवैया रहा तो वह ग्रामीणों के सहयोग से विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल देंगे।

रानीखेत व चिलियानौला में पेयजल की भारी किल्लत

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : नगर क्षेत्र में विगत कई दिनों से पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोग दूर दराज क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं। वहीं चिलियानौला व रानीखेत नगर में टैंकरों से पेयजल का वितरण किया जा रहा है। उससे भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर लोगों में भारी रोष है। गौरतलब है कि विगत कई दिनों से नगर क्षेत्र व चिलियानौला में गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। गर्मी के मौसम में इन दिनों मैदानी क्षेत्रों से अधिकांश परिवारों में उनके परिजन यहां आए हुए हैं। पेयजल संकट के चलते यह लोग दूर दराज क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं।

वहीं छावनी परिषद व जल संस्थान द्वारा कोई ठोस पहल नहीं करने से पेयजल संकट गहराता ही जा रहा है। नाम मात्र को कुछ टैंकरों से पेयजल वितरण किया जा रहा है। जो आमजन के लिए पर्याप्त नहीं है। लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही पेयजल व्यवस्था बहाल न हुई तो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

टैंकरों से पानी भरने को लगी कतार।

प्रसिद्ध सिने अभिनेता रजनीकांत ने महावतार गुफा में लगाया ध्यान

▸▸ योगदा आश्रम पहुंचे रजनीकांत सन्यासियों से की आध्यात्मिक चर्चा, कुदरत के किए दीदार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : दक्षिण भारतीय और हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता रजनीकांत प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी उत्तराखंड के बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन कर द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर आश्रम के सन्यासियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया।

रविवार को योगदा आश्रम पहुंचे अभिनेता रजनीकांत ने यहां पहुंचने पर आश्रम के सन्यासियों से मुलाकात की और उसके बाद आश्रम परिसर में स्थित कृष्ण मंदिर तथा ध्यानमंदिर के दर्शन किए और योगदा संन्यासियों से आध्यात्मिक चर्चा की। उन्होंने आश्रम में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद भी लिया। सोमवार को रजनीकांत द्वाराहाट से करीब पंद्रह किमी दूर स्थित महावतार गुफा पहुंचे और उन्होंने वहां ध्यान लगाया।

योगदा आश्रम पहुंचे अभिनेता रजनीकांत।

अभिनेता रजनीकांत पिछले कई सालों से अपनी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम में आ चुके हैं। पिछले वर्ष वह अगस्त महीने में योगदा आश्रम आए थे। इस बार भी वह अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत यहां पहुंचे हैं। योगदा आश्रम पहुंचे रजनीकांत ने यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की खूब प्रशंशा की।

उन्होंने कहा कि यह ध्यान के लिए काफी माकूल है। रजनीकांत के यहां पहुंचने पर वरिष्ठ स्वामी नित्यानंद गिरि, आश्रम अध्यक्ष स्वामी वासुदेवानंद गिरि, अम्यानंद गिरि, स्वामी धैर्यानंद गिरि आदि ने उनका यहां स्वागत किया और उनके साथ विभिन्न आध्यात्मिक मुद्दों पर चर्चा भी की। इधर रजनीकांत के यहां पहुंचने की खबर के बाद उनके प्रशंसक भी यहां आकर उनसे मिलने का प्रयास कर रहे हैं।

आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बाराकोट ब्लाक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान आपरेशन गौरा शक्ति के तहत पुलिस छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर जागरूक करेगी।

पहले दिन उप निरीक्षक मीनाक्षी नौटियाल ने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए उससे बचने के तरीकों के बारे में बताया। कहा कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले फोन कॉल और मैसेज से सावधान रहना चाहिए। किसी भी व्यक्ति से अपना पासवार्ड, ओटीपी, सीवीवी नंबर शेयर नहीं करना चाहिए। साइबर सेल के टोल फ्री नंबर-1930, साइबर सैल नंबर-8476055260 की जानकारी दी। महिला सम्बन्धी अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचाव तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा नशे के बारे में जागरूक करते हुए नशे के दुष्प्रभावों तथा नशे से बचने के उपाय बताए गए। यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई। कराटे कोच दीपक अधिकारी ने विभिन्न विधाओं में कराटे की जानकारी दी।

लोहाघाट में छात्र को आत्मरक्षा के गुर सिखाते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अफसरों को दिए दिशा-निर्देश

टनकपुर, अमृत विचार : मंगलवार (आज) होने वाली लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने चम्पावत के गोरलचौड़ स्थित सैनिक कल्याण सभागार में एआरओ व मतगणना के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सभी अधिकारी, कर्मचारी समय से मतगणना स्थल पहुंचे और मतगणना से संबंधित सभी कार्य कर लें। इस दौरान उन्होंने एसपी के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं, रूट चार्ट व अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, एआरओ आकाश जोशी, रिंकू बिष्ट, एसडीएम सौरभ असवाल और सभी नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

चम्पावत में मतगणना को लेकर निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय।

सड़क हादसे में जीजा की मौत, साली गंभीर

फतेहगंज पश्चिमी/ बरेली, अमृत विचार : साली को सिटी स्टेशन छोड़ने जा रहे युवक की बाइक को वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। उसकी साली गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल साली को इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला भिटौरा निवासी विपिन कुमार (28) एक टेलीकाम कंपनी स्टोर में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे वह अपनी साली शशि निवासी बाजपुर काशीपुर को छोड़ने बाइक से सिटी स्टेशन बरेली जा रहे थे। रास्ते में हाईवे पर राधा कृष्ण मंदिर के सामने उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वह उछल कर रोड पर गिर गए और उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साली को मिनी बाईपास रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर है। मृतक के पिता की पिछले साल ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। विपिन पत्नी ललिता और बेटी ईशानी (5) और सुहानी (2) को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

धर्म दर्शन

पौराणिक नदी सरयू

अंग्रेजों की घाघरा या गोगरा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों की शारदा, किंतु धर्मप्राण सनातनियों और बहुसंख्यक हिन्दुओं की परम पुनीत सरयू नदी को ही 'रामप्रिया' तथा 'देविका' नाम से भी संबोधित किया गया है। इसकी यशोगाथा के चतुर्दिक प्रचार में सराहनीय भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों का सम्मानित संबोध नहीं 'सरयूपारीण' बन गया है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

रामायण में राजा दशरथ की राजधानी तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की चरण पखारने वाली पवित्र नदी सरयू, श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनगमन, पुनरागमन और अंत में स्वयं में जलसमाधि के साथ, महाप्रयाण की साक्षी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था का आकर्षण केन्द्र रही है, श्री राम की प्रिया 'रामप्रिया' सरयू या 'सरजूमाई'।

अयोध्या की युगयुगीन पहचान रही है। साधु-संतों तथा तपस्वियों की पूजनीय और असंख्य श्रद्धालुओं की पाप नाशिनी सरयू। चिकित्सा विज्ञान में भी सरयू के जल में औषधीय गुणों का समावेश वर्णित है। रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास ने स्वयं श्रीराम के मुख से अयोध्या पुरी तथा सरयू नदी की महिमा का बखान इस चौपाई में करा किया है- 'अवधपुरी मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि बह सरयू पावनि।।' मानस का यह कथन, अथर्ववेद की उस उक्ति का स्मरण दिला देता है, जहां अयोध्या को 'ईश्वर पुरी' कहा गया है।

महाभारत के आदि पर्व (169/20-21) में सरयू की गणना हिमालय के स्वर्ण शिखर से निकलने वाली गंगा की सात धाराओं में की गई है और कहा गया है कि जो इसका जल पीते हैं, उनके पाप नष्ट हो जाते हैं। महाभारत के सभापर्व (8/22) में उनकी वरुण की सभा में उपस्थिति और वरुण की उपासना उल्लिखित है। पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ से जरासंध की राजधानी गिरिव्रज को जाते समय श्री कृष्ण,अर्जुन तथा भीमसेन ने इसको पार किया था (सभा.20/28)। वनपर्व (222/22) में सरयू को अग्नि की उत्पत्ति का स्थान बताया गया है।

भीष्म पर्व (2/19) के अनुसार यह भारत की उन सात नदियों में एक है जिसका जल वहां की प्रजा पीती है। अनुशासन पर्व (155/23-24) में अंकित है कि वसिष्ठ जी कैलास की ओर जाती हुई गंगा को मानसरोवर लाए। यहां आते ही गंगा ने मानसरोवर का बांध तोड़ दिया था। सरोवर के भेदन से निकले जलस्रोत का नाम सरयू पड़ा। स्पष्ट है कि यहां मानसरोवर से गंगा की उत्पत्ति संकेतित है।

बरगद की आराधना का पर्व

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत और इसी माह के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत और पूजा आस्था के साथ सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड और दीर्घकाल तक के सौभाग्य के लिए करती हैं।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वट प्रजाति के वृक्षों में बरगद के साथ पीपल, गूलर, पाकर, ढेसूर पेड़ शामिल हैं। अपनी टहनियों से स्वयं को वेष्टित (स्वयं को लपेट लेना) करने के कारण ये वटवृक्ष हैं। इसमें सबसे अधिक वेष्टन करने वाला वृक्ष बरगद ही है। ढेसूर तो चट्टानी पहाड़ों के पत्थरों पर उगता है, पीपल अहर्निश आक्सीजन देता है, लेकिन बरगद तो धरती को आग का गोला होने से बचाता है। केवल भारत में नहीं, बल्कि कई विकसित देशों में इन पेड़ों का नामकरण धर्म के साथ जोड़कर फाइबर रिलीजियस, फाइकस ग्लूमेरेटियस आदि से किया गया है। अरब देशों में भी भारत में पूजे जाने वाले अनेक वृक्षों को महत्व दिया जाता है। इस तरह के वृक्षों को आजाद-ए-दरख्त-ए-हिन्द कहा जाता है। वट-सावित्री व्रत के दौरान बरगद की विधिवत पूजा की जाती है। तीन दिन के व्रत में पहले दिन एक वक्त आहार (नक्तव्रत) लेकर व्रत का संकल्प, दूसरे दिन फलाहार और अंतिम दिन अमावस्या को पेय पदार्थों के साथ व्रत का विधान है। तीन दिवसीय जितने व्रत हैं उसमें इन नियमों का पालन करने का विधान है। सबसे पहले विमाता सुरुचि के अपमान से आहत उत्तानपाद के पुत्र बालक ध्रुव ने 15-15 दिनों तक इस नियम का पालन किया था। जिस पर प्रसन्न होकर स्वयं नारायण को आना पड़ा था। इन व्रतों के माध्यम से मानव खुद को प्रकृति के साथ संघर्ष और तालमेल दोनों बनाता है। वटसावित्री व्रत की मान्यता तो सत्ययुग में पतिव्रता सावित्री द्वारा अपने पति को कठोर तपस्या के बल पर यमराज के बंधन से मुक्त कराने से जुड़ी है, लेकिन त्रेता में श्रीराम एवं द्वापर में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी इन पेड़ों की पूजा की।

वर्ग पहेली-90

बाएं से दाएं

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है, पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

ऊपर से नीचे

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



वर्ग पहेली -89 का हल

1 मं	था	न		2 सं	पा	त
दि				को		
र				च		3 गो
	4 अ	पो	5 ह	न		टी
	भि		म		6 ठे	
7 ख	जा		8 पा	ठि	क	
	त		या		ना	

सुडोकू-3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1		6			7	
	3				2	6		9
	8	2				1		
2		4			6			
8		6	1		9	4		2
			7			8		5
		7				3	4	
1		3	5				2	
	6			3		5		

सुडोकू -2 का हल

9	8	2	3	6	1	4	7	5
7	6	4	5	8	2	1	9	3
1	3	5	7	4	9	6	8	2
3	7	9	6	5	4	2	1	8
6	5	8	1	2	3	7	4	9
2	4	1	8	9	7	5	3	6
5	9	6	4	1	8	3	2	7
4	2	3	9	7	5	8	6	1
8	1	7	2	3	6	9	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22.01 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22.35 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज आप लोगों से काफी अच्छी तरह से बात करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश को लेकर उत्साहित रहेंगे। अपनी परिस्थितियों को लेकर के रोष समाप्त होगा। धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं।

वृष — आज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से जांच लें। भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। विदेशी भूमि से कारोबार अथवा नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। आपका धन काफी खर्च हो सकता है।

मिथुन — आज जॉब में आपकी पदोन्नति हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ व्यवसाय को लेकर भी विचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक होने वाले हैं।

कर्क — आज अटके हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं तो उनसे अपने हृदय की बात कह सकते हैं। धनी और प्रभावशाली लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा।

सिंह — आज आपसे काफी प्रभावी लोग जुड़ेंगे जो आपको अच्छे प्रपोजल भी दे सकते हैं। युवा लोग नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। इंटरव्यू आदि में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आप परिस्थितियों को समझने में चूक कर सकते हैं।

कन्या — आज आप कुछ अधार्मिक हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें। कानूनी मामलों को फिलहाल टालना ही हितकर होगा। आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ चिंता होगी। विवादित विषयों पर टिप्पणी न करें।

तुला — आज सेहत से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। आय के दूसरे स्रोतों पर काम करने के लिए समय उत्तम है। विपरीत लिंग के लोग आपसे ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज पैतृक संपत्ति आपको प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में होंगे। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। समाज से जुड़े कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। बच्चे स्पोर्ट्स में विशेष रुचि ले सकते हैं।

धनु — आज प्रेमी जन को महंगा उपहार दे सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने एकाउन्ट्स को लेकर काफी सतर्क रहें। कुछ लोग आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। आपकी दिनचर्या में अच्छी आदतें जुड़ सकती है।

मकर — आज राजनीति से जुड़े लोगों को बहुत अच्छी खबरें मिल सकती है। आप लोगों के लिए काफी सम्मानित रहेंगे। अपने कौशल विकास पर आप ध्यान दे सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

कुंभ — आज व्यवसाय में अपनी कार्ययोजना में सुधार करेंगे। आप घर में भी साफ-सफाई पर काफी ध्यान देंगे। नए वस्त्र अथवा महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों पर धन खर्च होगा। ऐसे सभी कार्य जो अटके हुए थे, वह पूर्ण रूप से सुलझ सकते हैं।

मीन — आज तीर्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बना सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। आप धन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे,लेकिन परिजन के विषय में खबर सुनकर मन प्रसन्न होगा।

आज की फिल्में

करिश्मा कुदरत का
सुबह : 10.11

जागृति
शाम : 05.00

चुप
सुबह : 10.53

रुस्तम
रात : 08.00

रैमपेज
सुबह : 10.21

मॉन्स्टर हंटर
रात : 07.12

लाडला
सुबह : 09.35

सत्याग्रह
रात : 07.25

मोहब्बत
दोपहर : 12.00

देवदास
रात : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट- 50 वर्ष।
टीचर- सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट- मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति- मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2070, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1545, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2040, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में आई गिरावट

पीएमआई सर्वेक्षण के मुताबिक मई में घटकर 57.5 हुआ, इससे पहले अप्रैल में 58.8 था

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की

वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है।

वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा: अमिताभ कांत

भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा है कि 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा और यह सदी हमारे देश के नाम रहेगी। उन्होंने कहा-भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब इंडिया ओडिसी: फ्रॉम ए डेवलपिंग कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर का विमोचन करने के बाद कांत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। कांत ने कहा-एक दशक पहले भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन आर्थिक सुधारों के दम पर केवल पांच साल में यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

निवेश की गूढ़ बातों को सरल तरीके से बताएगा सेबी का साथी ऐप

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए व्यक्तिगत वित्त पर मोबाइल ऐप साथी 2.0 दो पेश किया है। इस ऐप में गूढ़ वित्तीय धारणाओं को सरल तरीके से समझाने के उपाय किए गए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा-अद्यतन 'साथी' ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए आसान बनाया गया है। इसमें जटिल वित्तीय अवधारणाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर उपाय किये गये हैं। ऐप में वित्तीय 'कैलकुलेटर' शामिल हैं। इसमें केवाईसी प्रक्रियाओं, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, शेयर बाजारों में शेयर खरीदने और बेचने, निवेशक शिकायत निवारण व्यवस्था और ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) मंच पेश करने के साथ उसका विश्लेषण उपलब्ध है।

फिर विदेश में महका उत्तर प्रदेश का बासमती चावल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गैर बासमती के निर्यात पर रोक लगने से बढ़ी कई देशों में चावल की मांग
- 2022-23 में 45,772 एमटी से 2023-24 में 53,523 एमटी पहुंचा निर्यात

अमृत विचार : विदेश में उत्तर प्रदेश के बासमती चावल की सुगंध फिर से महकने लगी है। गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगने से पैदावार के साथ सुगंधित बासमती की मांग बढ़ी है। साथ ही पिछले तीन वर्ष के मुकाबले 2023-24 में निर्यात में इजाफा हुआ है। क्योंकि गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बासमती की मांग कम हो गई। इसकी वजह गैर बासमती में चावल की कई प्रजाति और दाम कम होना रहा। इसलिए सरकार ने बासमती का निर्यात बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस कड़े कदम से 2023-24 में प्रदेश से 53,523 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ है। जिसकी कीमत 570 करोड़ रुपये है। जबकि 2022-23 में 45,772 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ था। इसकी कीमत 466 करोड़ रुपये थी। गैर बासमती पर प्रतिबंध से किसानों को फायदा हुआ है।

कीटनाशक पर प्रतिबंध लगने से सुधरी सेहत: मुख्य रूप से प्रदेश में बासमती चावल की 30 जिलों में पैदावार होती है। यहां के किसान फसल को कीटरोग से बचाने के लिए कई तरह के हानिकारक पेस्टिसाइड इस्तेमाल करते हैं। इसके अवशेष चावल में रह जाते हैं। इस कारण से कई देश अपने मानकों के अनुसार चावल या अन्य खाद्य सामग्री नहीं लेते हैं। इस वजह से भी निर्यात नहीं बढ़ा। इसे देखते हुए सरकार ने बासमती की पैदावार करने वाले 30 जिलों में 10 कीटनाशक की बिक्री प्रतिबंधित की थी। इससे गुणवत्ता में सुधार आया है।

इस तरह से घटा था निर्यात

2020-21	1,07,265 एमटी
2021-22	46,067 एमटी
2022-23	45,772 एमटी

इन देशों में हुआ निर्यात: सउदी अरब, कनाडा, यूएसए, साउस अफ्रीका, आस्ट्रेलिया आदि।

बासमती की पैदावार वाले मुख्य जिले: बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बदांयू, रामपुर, कासगंज, सहारनपुर, शामली, अमरोहा, संभल मैनपुरी, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद,, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुज्जफर नगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, बिजनौर आदि।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	92,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72,450
गिन्नी (प्रति नग)	54,000-54,200

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,400
सोना जेवरात गिन्नी	71,400
चांदी पक्की	880 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,750
चांदी आभूषण	89,900।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 68 मसूरी 55 अंगूरी 60 बासमती 98, **दाल दलहन**-काला चना 110-125 साबुत चना दाल 70-85 मूंग साबुत 97 राजमा 155 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 70 मसूर दाल 73 उड़द साबुत 125 काबुली चना 81-165 अरहर दाल 155 लोबिया/करमानी 100 सोयाबीन 42 मूंगफली 72 मटर (सूखी) 50-61 मक्का 24 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90से105 रुपये चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट वापस आए

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के मुताबिक 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास रखे

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान

में कहा-इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं। सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, जयपुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना में हैं।

अडाणी समूह के शेयरों में तेजी

नई दिल्ली। अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। शेयर बाजार में भारी उछाल के बीच अडाणी पावर के शेयर में करीब 16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। इससे समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया।

राष्ट्रीय

दिल्ली में पानी की कमी से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

5 को यमुना रिवर बोर्ड की होगी आपात बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के जल संकट से जूझने पर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस समस्या से निपटने के लिए 5 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक बुलाने का आदेश दिया। यूवाईआरबी का गठन 1995 में किया गया था और इसके मुख्य कार्यों में यमुना नदी के पानी का लाभार्थी राज्यों के बीच आवंटन को नियंत्रित करना और दिल्ली में ओखला बैराज समेत सभी परियोजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर नजर रखना भी है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली शामिल हैं।

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर पूछा, सभी पक्षकारों की एक संयुक्त बैठक क्यों नहीं हो सकती? केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूवाईआरबी पहले ही इस मुद्दे पर विचार कर रहा है जहां हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली समेत सभी राज्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा-इस सवाल पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है कि उनके पास कितना अतिरिक्त पानी है। पीठ ने कहा कि आपात स्थिति के मद्देनजर इस मुद्दे से निपटने के लिए बोर्ड की बैठक कल बुलाई जा सकती है। इसने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलाई जाए। पीठ ने कहा-सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों।'' इसने कहा कि वकील-सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके।

पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए गए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी। मेहता ने कहा कि बोर्ड के समक्ष रखे गए आंकड़ों के अनुसार, अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को केवल 48.65 लीटर पानी मिलता है।

न्यायालय ने ईडी से कारोबारी की जमानत अर्जी पर मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। पिल्लई ने अर्जी दायर कर अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे पिल्लई द्वारा जमा की गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। अदालत ने जांच एजेंसी से अंतरिम जमानत अर्जी पर एक सत्यापन रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी।

जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द होगी शुरू: राजीव

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) कुमार ने दी जानकारी

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में मतदान प्रतिशत से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा-हम बहुत जल्द जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम बहुत उत्साहित हैं। यह सबसे संतोषजनक क्षणों में से एक है। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू

एवं कश्मीर में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। यह चार दशकों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में लोकसभा सीटों पर 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ। मार्च में लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कुमार ने कहा था कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना तार्किक और सुरक्षा कारणों से व्यावहारिक नहीं है। जम्मू एवं कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वे अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पहली बार होंगे। जम्मू एवं कश्मीर में आम तौर पर चुनावी प्रक्रिया एक महीने तक चलती है।

उन्होंने कहा कि परिसीमन की कवायद के बाद केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई हैं। इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को आवंटित सीटें शामिल नहीं हैं। दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

एक नजर

उप राज्यपाल ने मंत्री आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अनुशंसा के बाद मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान केजरीवाल ने आधिकारिक पत्र में आनंद के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश की थी। एक अधिकारी ने बताया, उप राज्यपाल ने कानून के तहत इस्तीफे को भारत के राष्ट्रपति को भेज दिया है।

महिला आयोग ने बंगाल के दौरे की मांगी मंजूरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई कथित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए अपनी टीम वहां भेजने की अनुमति निर्वाचन आयोग से मांगी है। अध्यक्ष शर्मा ने यह अनुरोध आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को संबोधित एक पत्र में किया। पत्र में संदेशखालि और बंगाल के अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ पुलिस की ज्यादती और अत्याचार के बारे में रेखांकित किया गया है।

कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- धनशोधन मामले में राजधानी की अदालत ने दिया फैसला

राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कल्वाकुंतला कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुश्री कविता को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। उनकी हिरासत अवधि में विस्तार 29 मई को उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र के मूल्यांकन के बाद अदालत द्वारा प्रोडक्शन वारंट को मान्यता दिए जाने के मद्देनजर किया गया है।

अदालत ने तीन सह-अभियुक्तों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को भी जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दौरान गिरफ्तार किए बिना ही तीनों पर आरोप पत्र दायर किया गया था। सुश्री कविता को ईडी ने 15 मार्च को तेलंगाना के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। वह वर्तमान में एमएलसी हैं और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। उन्होंने कथित तौर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी

पार्टी (आप) के सदस्यों के साथ मिलीभगत की थी। ईडी ने शराब नीति ढांचे में कई कथित अनियमितताओं को उजागर किया है और 'साउथ ग्रुप' नामक एक समूह से जुड़ी 100 करोड़ रुपये की रिश्वत की ओर इशारा किया है, जो कथित तौर पर कविता से जुड़ा हुआ है।

कथित घोटाले के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी सुश्री कविता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला तब दर्ज किया गया था जब वह ईडी के मामले में वह रिमांड पर थी। सीबीआई ने सुश्री कविता को 11 अप्रैल को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। आबकारी नीति घोटाले में अन्य आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हैं। जो इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

निवेश का झांसा देकर 3.70 करोड़ रुपये की ठगी

ठाणे, एजेंसी

- नवी मुंबई से पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से 3.70 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक होटल के वेटर समेत दो लोगों को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ निरीक्षक गंजाम कदम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरोपियों की पहचान होटल में वेटर के रूप में काम करने वाले सलमान निज़ामुद्दीन खान (35) और प्रकाश करमसी भानुशाली (39) के रूप में हुई है तथा दोनों नवी मुंबई के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, वे धोखाधड़ी के अन्य मामले में भी शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस ने आरोपियों द्वारा विभिन्न खातों में जमा की गई 46 लाख रुपये की अवैध रकम को बैंकों की मदद से जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी से 24 अप्रैल 2024 के बीच आरोपियों ने लोगों को आकर्षक मुनाफे का वादा करके शेयर कारोबार में निवेश करने का लालच दिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से 3.70 करोड़ रुपये की ठगी की।

सिक्किम: तमांग ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार के गठन का पेश किया दावा

गंगटोक। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर खुद को विधायक दल का नेता चुनने संबंधी एसकेएम के नवविर्वाचित विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा और अगली सरकार के गठन का दावा पेश किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन में राज्यपाल से हुई मुलाकात के दौरान सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके साथ थे। आचार्य ने विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अधिकारी ने कहा कि तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री तमांग ने नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दिया था।

सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय ने 21 मई को कथित घोटाले के संबंध में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

वाईएसआरसीपी विधायक पर मतगणना केंद्र में प्रवेश पर लगी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव में ईवीएम तोड़ने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

उच्चतम न्यायालय ने एक मतदान केंद्र में घुसकर कथित रूप से ईवीएम तोड़ने के आरोपी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधायक पिन्नेली रामाकृष्ण रेड्डी के चार जून को माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में प्रवेश पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने 13 मई को हुई घटना का वीडियो देखा और रेड्डी को दी गई अग्रिम जमानत को 'न्याय तंत्र का भद्दा मजाक' करार दिया। पीठ ने रेड्डी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह से कहा-जब आप वीडियो देखेंगे तो पाएंगे कि यह पूरी तरह से गलत आदेश है। यह न्याय प्रणाली का भद्दा मजाक है। पीठ ने रेड्डी को चार जून को माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं करने और उसके आसपास भी न रहने का निर्देश दिया। आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से कहा कि अदालत रेड्डी के खिलाफ छह जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों से संबंधित याचिका पर बिना किसी संकोच के निर्णय ले। रेड्डी को 28 मई को अंतरिम राहत दी गई थी। माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी के उम्मीदवार रेड्डी अपने समर्थकों के साथ 13 मई को मतदान वाले दिन कथित तौर पर मतदान केंद्र में घुसे और वीवीपैट व ईवीएम मशीनों को तोड़ दिया था।

डाक मतपत्रों पर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका उच्चतम न्यायालय ने की खारिज

उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों की मतगणना के दौरान डाक मतपत्रों पर सत्यापन अधिकारी की मुहर लगाने की आवश्यकता समाप्त करने से संबंधित चुनाव आयोग के 30 मई के एक परिपत्र को चुनौती देने वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामले पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव आयोग के उस परिपत्र के खिलाफ दायर रिट याचिका खारिज कर दी थी।

खेल डायरी



सोमवार को कोलकाता में एक खेल पत्रिका को लॉन्च करते पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली।

अलीरेजा से हारे आर प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

स्टवांगर (नॉर्वे)। भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

म्यूनिख विश्व कप में पदक की दौड़ में बरकरार ईशा

म्यूनिख। भारत की रमिता जिंदल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही जबकि ईशा सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाकर आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पदक की उम्मीद बरकरार रखी। ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरे स्थान पर रही रमिता आठ निशानेबाजों के फाइनल में बाहर होने वाली तीसरे नंबर की निशानेबाज रहीं। उन्हें फाइनल में एकाग्रता टूटने के कारण 9.9 और 9.8 के दो खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता चीन की 17 साल की हुआंग यूटिंग (252.7) ने अंतिम शॉट पर कोरिया की 16 साल की बेन ह्योजिन (252.7) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने क्वालीफिकेशन में 633.0 के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। यूटिंग ने इस दौरान 635.3 अंक के साथ क्वालीफिकेशन विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाया।

वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

मोनाको। एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे।

विश्वकप के पहले सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान को हराया

नामीबिया की जीत में ट्रम्पेलमैन और वीज चमके, दोनों टीमों ने बनाए 109 रन

ब्रिजटाउन, एजेंसी

रुबेन ट्रंपलमन 21 रन पर चार विकेट और डेविड वीजा तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के साथ यान फ्रारायलिंक (45) रनों की बेहतरीन पारी से नामीबिया ने ग्रुप बी में टी-20 विश्वकप के तीसरे मैच में 109 रन पर टाई हुए मैच के सुपर ओवर में ओमान पर जीत दर्ज की है।

रविवार रात नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर सिमेट दिया। ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 10 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए। उसके बाद जीशान मकसूद (22) और खालिद केल (34) रन ने पारी संभालने का प्रयास किया। अयान खान (15) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। नामीबियाई गेंदबाजों के आगे ओमान का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए। डेविड वीजा को तीन विकेट मिले। एरार्ड इरास्मस ने दो और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया ने पहले ही ओवर में माइकल वैन लिंगेन (शून्य) का विकेट गवां दिया। निकोलस डेविन (24), कप्तान एरार्ड इरास्मस (13), जेन ग्रीन (शून्य) पर आउट हुए। यान फ्रारायलिंक ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। ओमान की गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर दी और नामीबिया निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन बनाकर मैच टाई करने में सफल रही। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डेविड वीजा के ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले सुपर ओवर की चार गेंदों पर 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में 21 रन का बचाव करते हुए केवल 10 रन दिए। इससे पहले मैच के दौरान उन्होंने ओमान के तीन विकेट लिए थे तथा नाबाद नौ रन भी बनाए थे। सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान पर जीत दर्ज की। डेविड विजा ने उनके शानदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर के ईनाम की घोषणा

न्यूयॉर्क। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2.45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1.28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5.6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1.6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने कहा आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेता को 2.45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जाएगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जाएंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

ओमान : 109/10, 19.4 ओवर।
रन : जीशान मकसूद 22, खालिद 34, शकील अहमद 11। **विकेट :** रुबेन ट्रंपलमन 4, वीज 3, इरासमूस 2।

नामीबिया : 109/6, 20 ओवर।
रन : निकोलस डाविन 24, जान निकोलास फ्राइलिनक 45, इरासमूस 13। **विकेट :** महरन खान 3, आकिब इलियास 1, बिलाल खान 1, अयान खान 1।

स्कॉटलैंड के सामने इंग्लैंड, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान दावेदार

- रात 8 बजे होगा पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच
- गयाना के प्रोविडेंस में खेलेगा अफगानिस्तान और युगांडा

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है। सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सफेद

गेंद के क्रिकेट में टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयाना के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पुणे, एजेंसी

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए। जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं। जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

मुंबई का ऑफ-सत्र शिविर शुरू रहाणे का फिटनेस पर जोर

मुंबई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र (जब सत्र नहीं चल रहा हो) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है। रहाणे ने मीडिया से कहा यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों (टीमों) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

आर अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 को

नई दिल्ली। मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को यह घोषणा की।

सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है। अश्विन ने कहा एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है।

पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के अथक समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के दीवाने इलाके में पले-बढ़े होने की खुशी के बारे में बताया गया है। टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक माने जाने वाले अश्विन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमें 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला गेंदबाज बनना भी शामिल है।

इंडोनेशिया ओपन में खिताब बचाने उतरेंगे सात्विक-चिराग

- आज से शुरू होगा इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट
- पीवी सिंधू के सामने होगी अकाने और कैरोलिना की चुनौती

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे।

थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका

पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी।

मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है। आन से यंग, चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी। सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे। इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में एमबाप्पे को जगह नहीं

पेरिस। स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रीयाल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

रॉय कृष्णा ने ओडिशा एफसी के साथ अनुबंध बढ़ाया

भुवनेश्वर। फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था।

बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिये बिना, एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद्द किया है जब तक कि एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता।

टी-20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

नई दिल्ली। प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी-20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

प्रसार भारती ने इस मौके पर टी-20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी-20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

दिमित्रोव और सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, एजेंसी

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई।

सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौवें वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

शांति सम्मेलन का निमंत्रण देने फिलीपींस पहुंचे जेलेंस्की

मनीला, एजेंसी

- रूस पर चीन की मदद से सम्मेलन में अड़चन डालने का आरोप

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एशिया की अपनी एक विशिष्ट यात्रा के तहत सोमवार को फिलीपींस पहुंचे। वह क्षेत्रीय नेताओं से अपने देश में युद्ध की स्थिति पर स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित एक वैश्विक शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने रूस पर चीन की मदद से इस सम्मेलन में अड़चन डालने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। जेलेंस्की कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में शंगरी-ला डिफेंस फोरम में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन मुलाकात हो नहीं सकी, जिसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यहां आकर मर्कोस को आमंत्रित करने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। दोनों ही नेताओं ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी।

गुणवत्ता को लेकर चर्चा में भारतीय मसाला बाजार

भारतीय कंपनियों द्वारा हांगकांग व सिंगापुर को निर्यात किए गए ब्रांडेड मसालों को ईटीओ संदूषण से संबंधित चिंताओं के कारण वापस मंगाए जाने के पश्चात भारतीय मसाला बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय कोडेक्स के साथ मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की सीमा तय करने की जरूरत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात 4.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12% हिस्सा है।

भारतीय मसाला बोर्ड क्या है?

मसाला बोर्ड का गठन 26 फरवरी, 1987 को मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत पूर्ववर्ती इलायची बोर्ड (1968) और मसाला निर्यात संवर्द्धन परिषद (1960) के विलय के साथ किया गया था। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत पांच वैधानिक कमोडिटी बोर्ड हैं। ये बोर्ड चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के उत्पादन, विकास तथा निर्यात के लिये उत्तरदायी हैं। मसाला बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन है। यह बोर्ड भारतीय निर्यातकों एवं विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में कार्य करता है।

एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा (ईटीओ)

ईटीओ एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है। प्रमुख बाज़ारों में भारतीय मसाला निर्यात के तहत मसाला सैंपल विफलता दर 1% से कम है। अभी तक कोडेक्स ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है, मानकीकृत ईटीओ परीक्षण प्रोटोकॉल भी उपलब्ध नहीं है।

भारत के आधे से अधिक मसाला निर्यात पर संकट

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कई देशों में नियामकीय कार्रवाइयों के कारण महत्वपूर्ण बाजारों में भारत के लगभग 700 मिलियन डॉलर के मसाला निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि भारतीय मसालों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसने आगाह किया कि अगर यूरोपीय संघ भी पूरे ब्लॉक में अस्वीकृति के साथ ऐसा करता है, तो इससे भारत के मसाला निर्यात पर 2.5 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त असर पड़ सकता है।

अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी जताई चिंता

मसाला बोर्ड ने ईटीओ संदूषण को रोकने तथा सभी बाज़ारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह मसालों के लिए कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में ईटीओ का उपयोग न करने की सलाह देता है तथा भाप कीटाणुरोधन एवं विकिरण जैसे विकल्पों का सुझाव देता है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों ने भी कुछ भारतीय मसालों की गुणवत्ता के विषय में चिंता जताई है तथा ये देश आगे की कार्रवाई की आवश्यकता का निर्धारण कर रहे हैं।

दिल्ली का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा बाजार

दिल्ली के चांदनी चौक में खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार है और इसकी प्रसिद्धि आज भी वैसी है, जैसी 17 वीं शताब्दी के दौरान थी। मुगल काल के जमाने में ये बाजार अस्तित्व में आया था। बावली, का शाब्दिक अर्थ है एक सीढ़ीदार कुआं, और खारी या खारा का अर्थ नमकीन होता है, जिसमें खारी बावली का अर्थ है खारे पानी का कुआं है। अब आप सोच रहे होंगे कि, है तो ये बाजार लेकिन अर्थ इसका ये कैसे, तो आपको बता दें, उस समय यहां खारे पानी का कुआं हुआ करता था, लेकिन अब ये मसालों का खजाना बन चुका है।

एक नजर

भूकंप से हिला इशिकावा पांच मकान ढहे

टोक्यो। जापान का उत्तर मध्य क्षेत्र इशिकावा एक जनवरी को आए शक्तिशाली भूकंप से हुई तबाही से अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाया है और सोमवार को इस प्राकृतिक आपदा ने इसे एक बार फिर दहला दिया। सोमवार को भूकंप के झटकों से यहां मामूली नुकसान की खबर है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, नोतो प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद 4.8 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया और फिर अगले दो घंटे में कम तीव्रता वाले भूकंप के कई झटके महसूस किए गए।

जापान में दो विमानों की आपातकालीन लैंडिंग

टोक्यो। जापान वायु आत्मरक्षा बल के दो एफ-35ए लड़ाकू विमानों को सोमवार की सुबह उत्तरी जापान के आओमोरी हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतार लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आओमोरी हवाई अड्डे पर दो विमानों की आपातकालीन लैंडिंग कराने के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसे पुनः संचालित कर दिया गया है। इस दौरान किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।

सीरिया में इजरायली का हमला, 12 की मौत

दमिश्क। इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मिसाइल हमला की गूंज उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर तेजी देखी गयी है।

पंजाब प्रांत में भीड़ के हमले में घायल ईसाई व्यक्ति की मौत

लाहौर। पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में पिछले सप्ताह हिंसक भीड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग ईसाई व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कट्टरपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में उग्र भीड़ ने 25 मई को ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला कर दिया था, जिसमें दो ईसाई और दस पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनी शीनबॉम

रह चुकी हैं नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की विजेता क्लाउडिया शिनबाम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबाम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबाम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी।

इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबाम ने कहा मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबाम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। मैक्सिको के संविधान के नियम के मुताबिक, राष्ट्रपति ओब्राडोर को दोबारा से 6 साल का कार्यकाल नहीं मिल सकता।

ऐसे में सत्ताधारी मोरोना पार्टी की तरफ से क्लॉडिया शेनबॉम को उम्मीदवार बनाया गया था। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं।

मेक्सिको सिटी में मतो की गणना करते अधिकारी। ● एजेंसी

विजेता क्लाउडिया शिनबाम।

निवर्तमान राष्ट्रपति से अलग व्यक्तित्व है शीनबॉम का

क्लॉडिया शीनबॉम को अपने मार्गदर्शक और निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से अलग व्यक्तित्व वाला माना जाता है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नेता की लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए एक सधा हुआ प्रचार अभियान चलाया और रविवार को हुए मतदान में उन्हें जीत मिली। अब मेक्सिको की जनता देखना चाहती है कि लोपेज से बिल्कुल अलग शख्सियत रखने वाली शीनबॉम खुद को किस तरह पेश करती हैं। राजनीतिक रूप से लोपेज के समान रुख रखने वाली शीनबॉम को कम आक्रामक नेता के रूप में देखा जाता है।

उत्तर कोरिया से शांति समझौते को निलंबित करेगा दक्षिण कोरिया

सियोल। दक्षिण कोरिया ने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाने के मामले को लेकर उत्तर कोरिया को दंडित करने के लिए दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते को निलंबित करने की सोमवार को घोषणा की। हालांकि उत्तर कोरिया गुब्बारे उड़ाने की अपनी हरकत पर लगाम लगाने को कह चुका है।

लोगों द्वारा दक्षिण कोरिया में हाल ही में पर्चे बांटे जाने के अभियान से नाराज उत्तर कोरिया ने बीते कई दिनों में पड़ोसी देश की ओर कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाए थे। दक्षिण कोरिया ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया की इस हरकत के जवाब में वह कड़ा कदम उठाएगा। उत्तर कोरिया हालांकि पहले ही सीमा पार गुब्बारे उड़ाए जाने को रोकने की घोषणा कर चुका है। सोमवार को, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि परिषद ने वर्ष 2018 के अंतर-कोरियाई समझौते को निलंबित करने का फैसला किया है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों कोरियाई देशों के बीच आपसी विश्वास बहाल होने तक सीमावर्ती शत्रुता को कम करना था। सुरक्षा परिषद ने कहा कि इस समझौते के निलंबन से दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया की सीमा के पास सैन्य अभ्यास फिर से शुरू करने और पड़ोसी मुल्क के उकसावे पर प्रभावी एवं तत्काल प्रतिक्रिया करने की अनुमति मिलेगी।

विरोध मार्च व तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- शहबाज की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए निकाला था विरोध मार्च



पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े मामलों में सोमवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को हकीकी आज़ादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के दो मामलों में बरी किया है। मई 2022 में खान ने शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी।

यह रैली पीटीआई के हकीकी आज़ादी (वास्तविक स्वतंत्रता) हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

इमरान, बुशरा की अवैध शादी का मामला दूसरी अदालत में होगा ट्रांसफर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी। कुछ दिन पहले शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसे न्यायाधीश पर विश्वास नहीं है। इस्लाम के अनुसार, पति से तलाक होने और दूसरा निकाह करने से पहले महिला के लिए अनिवार्य अवधि के दौरान शादी करने के लिए एक अदालत ने खान (71) और बुशरा (49) को तीन फरवरी को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई थी।

श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से 10 की मौत, छह लापता

कोलंबो। श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ और बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग लापता हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने को लेकर फैसला मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। देश में रविवार से हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी तबाही हुई है, जिसके चलते घरों, खेतों और सड़कों पर पानी भर गया है और अधिकारियों को ऐहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ी है। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार रविवार को राजधानी कोलंबो और सुदूर रतनपुरा जिले में छह लोगों की बहने और डूबने से मौत हो गई जबकि पहाड़ों से मिट्टी कट कर मकानों पर गिरने से तीन अन्य लोगों की जान चली गई। पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। रविवार से छह लोग लापता हैं।

केंद्र ने एक बयान में कहा कि सोमवार तक 5,000 से अधिक लोगों को बचाव केंद्र ले जाया गया है और 400 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पीड़ितों को बचाने और भोजन व अन्य जरूरी सामान पहुंचाने के लिए नौसेना और थलसेना के जवानों को तैनात किया गया है।

पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

नारायणपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में घर से बाहर निकालने के बाद की उसकी हत्या

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक के आधार पर 45 वर्षीय ग्रामीण की उसके घर से खींचकर हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मारे गए ग्रामीण का पुलिस से कोई संबंध नहीं था। जिले के मसपुर गांव में रविवार रात नक्सलियों ने शालूराम पोटाई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे 15 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली शालूराम पोटाई के घर पहुंचे और उसे खींचकर घर से बाहर निकालने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। माओवादियों की कुतुल एरिया कमेटी ने घटनास्थल पर पर्चे छोड़े हैं जिसमें उन्होंने पोटाई पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने पोटाई के पुलिस के साथ संबंध होने से इनकार किया है।

बेंगलुरु में बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि 2 जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी। भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई। आईएमडी केंद्र, बेंगलुरु के प्रमुख सीएस पाटिल ने कहा कि मानसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है और 5 जून तक कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

तेज बारिश और तूफान के कारण रास्ता बंद हो गया। ● एजेंसी

आईएएस अधिकारी दंपति की बेटी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

मुंबई, एजेंसी

- हरियाणा के सोनीपत से कर रही थी एलएलबी की पढ़ाई

दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के आईएएस अधिकारी दंपति की 27 वर्षीय बेटी ने कथित तौर पर एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के सोनीपत से एलएलबी की पढ़ाई कर रही लिपि रस्तोगी तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट एक इमारत से कूद गई। उस समय मंत्रालय के निकट स्थित आईएएस अधिकारियों के आवास परिसर में सब सो रहे थे। पुलिस ने कहा कि इमारत के गार्ड ने परिसर के निकट खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लिपि को बेहोशी की हालत में पाया और परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि तत्काल चिकित्सा प्रदान किए जाने के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कथित तौर पर लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

बॉलीवुड हलचल

अजय पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में करेंगे काम

मुंबई। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन देश के प्रथम दलित क्रिकेटर बालू पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार तिग्मांशु धूलिया, क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे है। यह फिल्म देश के प्रथम दलित क्रिकेटर माने वाले बालू पालवंकर और उनके भाइयों की कहानी पर्दे पर दिखाएगी। फिल्म की पटकथा लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा द्वारा लिखित किताब ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड पर आधारित होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे बनाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

अल्लू अर्जुन व रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पोस्टर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, 75 दिन बाकी हैं पुष्पा राज के रूल के लिए। उनका रूल भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय लिखेगा। नए पोस्टर में अल्लू अर्जन अपने कांधे पर राइफल लेकर लुंगी पहने देखे जा सकते हैं। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी लीड रोल में हैं।

अमिताभ और जया की शादी के 51 साल पूरे

मुंबई। बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी के सोमवार को 51 साल पूरे हो गए हैं। दोनों ने इस अवसर पर परिवार के साथ सेलिब्रेशन मनाया। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है।

पूर्व हिंदू सांसद तुलसी-गैबार्ड की चाची का हत्यारोपी गिरफ्तार

अमेरिका। अमेरिका की पूर्व हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड की चाची कैरोलीन की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उन्हीं की एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। 78 साल की कैरोलीन सिनावियाना-गैबर्ड की 25 मई को हत्या कर दी गई थी। उनकी बॉडी पर चाकू और हथौड़े से मारने के निशान मिले थे। पुलिस ने 8 दिन बाद कैरोलीन की दोस्त पापाली सिया फिगेल को गिरफ्तार किया।

समोआ के पुलिस अधिकारी के मुताबिक हत्या से पहले कैरोलीन और पापाली के बीच तीखी बहस हुई थी। हालांकि, अब तक यह नहीं पता है कि बहस किस वजह से हुई थी। जानकारों के मुताबिक, दोनों काफी अच्छी दोस्त थीं। इसके अलावा गैबर्ड फिगेल की टीचर भी थीं। सिनावियाना-गैबर्ड के परिवार वालों ने बताया कि वह समोआ की पहली महिला थी, जो अमेरिका में प्रोफेसर बनी थीं।

खगोल विज्ञान इंसानी उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि

ब्रह्मांड के विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने इंसान की उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खोज के अनुसार ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीव जंतुओं की उत्पत्ति के अन्य श्रोत भी हो सकते हैं।

बिग बैंग विस्फोट के बाद ब्रह्मांड में मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम परमाणु शामिल थे। ये सबसे हल्के तत्व हैं। सर्वविदित है बिग बैंग 13.8 अरब वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद बने तारों ने परमाणु संलयन की प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कई भारी तत्वों का उत्पादन किया। विशाल तारों में हुए बड़े विस्फोटों से भारी तत्वों की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों में गामा रे विस्फोट माने जाते हैं। यह विस्फोट भी दो प्रकार के होते हैं। जिनमें बड़े विस्फोटों से मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों की उत्पत्ति हुई और परमाणु संलयन आवर्त सारणी में लोहे जैसे भारी तत्वों का उत्पादन कर सकता है। इसी क्रम में इंसानी तत्वों के बड़े स्तर पर रासायनिक प्रक्रिया के तहत इंसान जैसे जीव जंतुओं की संरचना शुरू हुई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, निर्माण व विकास को हम लगभग संमझ चुके हैं। मानव उत्पत्ति व विकास भी इसी क्रम में शामिल हैं।

ब्रह्मांड में हुए बड़े विस्फोट की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार

अब ब्रह्मांड के अनेक रहस्य होंगे उजागर

कई वैज्ञानिकों की सामूहिक इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का मानना है कि अब ब्रह्मांड के कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। जीव जंतुओं की उत्पत्ति के स्रोत का यह पहला सिरा है। इस दिशा में अब शोध में तेजी आएगी। जिसमें दुनियाभर के वैज्ञानिक शामिल होंगे।